सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 38.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-300 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 11 अप्रैल 2024
01 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

अवकाश सूचना

ईद-उल-फित्र के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'अवधनामा' प्रेस व कार्यालय में दिनांक 11 अप्रैल को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 13 अप्रैल को निकलेगा।

सम्पादक

पतंजलि विज्ञापन केस में रामदेव-बालकृष्ण का माफीनामा खारिज

हम अंधे नहीं हैं : सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को लगाई कड़ी फटकार
- जानबूझकर हमारे आदेश की अवमानना की

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी। इस पर शीर्ष अदालत ने जमकर फटकार लगाई। कहा कि हम अंधे नहीं हैं। हम माफीनामा स्वीकार करने से इनकार करते हैं। वहीं, यह भी कहा कि वह केंद्र के जवाब से संतुष्ट नहीं है। बता दें, अब अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने कहा, माफी केवल कागज पर है। हम इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं, हम इसे जानबूझकर आदेश का उल्लंघन मानते हैं। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने कहा, जब तक मामला अदालत में नहीं आया, अवमाननाकर्ताओं ने हमें हलफनामे भेजना उचित नहीं समझा। उन्होंने इसे पहले मीडिया को भेजा, कल शाम साढ़े सात बजे तक यह हमारे लिए अपलोड नहीं किया गया था। वे (रामदेव और बालकृष्ण) स्पष्ट रूप से प्रचार में विश्वास करते हैं। पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष योग गुरु बाबा रामदेव का हलफनामा पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह विज्ञापन के मुद्दे पर बिना शर्त माफी मांगते हैं।



कार्रवाई के लिए तैयार रहें

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने पतंजलि के वकील विपिन सांघी और मुकुल रोहतगी से कहा कि आपने जानबूझकर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है, कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता और वंशजा शुक्ला ने एफिडेविट पढ़ा।

किरण खेर, बहुगुणा का टिकट कटा

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की 10वीं सूची, यूपी से सात उम्मीदवारों का ऐलान

- चंद्रशेखर, केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटों को मिला मौका
- आसनसोल से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी है। सूची में नौ उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया है। सूची में चंडीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार का एलान किया गया है।

चंडीगढ़ से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काट दिया गया है। यहां से उनकी जगह पार्टी ने संजय टंडन पर भरोसा जताया है। टंडन चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा आसनसोल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां से पहले पार्टी ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को टिकट दिया था। टिकट मिलने के 24 घंटे के अंदर ही पवन सिंह ने चुनावी मैदान से कदम पीछे खींच लिए थे। अहलूवालिया का मुकाबला टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की बर्धमान दुर्गापुर सीट से जीते थे। भाजपा ने इस बार यहां से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को टिकट दिया है। सूची में सात उम्मीदवार उत्तर प्रदेश के हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ जयवीर सिंह भाजपा उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा बलिया से पार्टी ने नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है। शेखर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे हैं और फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं। यहां से मौजूदा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काट दिया गया है। प्रयागराज जिले की दोनों सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा जोशी और केसरी देवी पटेल को टिकट नहीं दिया गया है।

इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को मौका दिया गया है। नीरज भाजपा के दिग्गज नेता रहे केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे हैं। केशरी नाथ पूर्व राज्यपाल और यूपी विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे। जिले की फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। प्रवीण अभी फूलपुर से विधायक हैं।

निर्दोषों को छेड़ा तो मिट्टी भी नसीब नहीं होगी : योगी

- आज देश में हो रहा विकास : योगी

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्दोषों को मारा तो मिट्टी भी नसीब नहीं होगी। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी यूपी में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है। मुख्यमंत्री श्री योगी ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए कही कि मेरठ आज 12 लेन के एक्सप्रेसवे के साथ सीधे दिल्ली से जुड़ गया है। अब मेरठ के लोग दिल्ली में नहीं दिल्ली के लोग मेरठ, सरधना और मुजफ्फरनगर में रहना चाहते हैं। पहले जिस दूरी को तय करने में 5 घंटे लगते थे अब उसे 1 घंटे में पूरा किया जाता है। यही नहीं 32 हजार करोड़ रुपए से रैपिड रेल सेवा से मेरठ को जोड़ा जा चुका है।

सपा के वादों में महिला, किसान, गरीब और युवाओं पर पार्टी का खास है फोकस

फ्री आटा-डाटा और लड़कियों को मुफ्त शिक्षा

सपा का घोषणा पत्र

- 20 वादों के साथ जनता के बीच जाएंगे अखिलेश
- मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 करेंगे

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को समाजवादी पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया। इसमें किए गए सपा के वादों से साफ है कि महिला, किसान, गरीब और युवाओं पर पार्टी का खास फोकस है। सपा मुख्यालय में चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इसे तैयार करने के लिए आम लोगों और संगठनों से सुझाव मांगे गए। घोषणापत्र के 20 प्रमुख वादों में मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकोंको 500 रुपये का मुफ्त डाटा, निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, पुलिस सहित सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये पेंशन, वर्ष 2029 तक भूख और गरीबी का उन्मूलन, किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाएगी, भूमिहीन किसानों समेत सभी कृषि/किसान ऋण 2024 में माफ किए जाएंगे, किसानों को सिंचाई सुविधा मुफ्त दी जाएगी, भूमिहीन व किरायेदार किसानों समेत सभी छोटे और सीमांत किसानों को हर महीने 5000 रुपये पेंशन, सभी कृषि प्रधान राज्यों में 10 किलोमीटर पर एक मंडी की स्थापना, यूपी के गन्ना किसानों को समय पर भुगतान के लिए 10000 करोड़ रुपए के रोलिंग फंड की स्थापना, मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपये और काम के दिन 150 किए जाएंगे, मनरेगा की तर्ज पर श्री रोजगार गारंटी अधिनियम 2024, युवाओं के लिए लैपटॉप वितरण योजना पूरे देश में लागू होगी, पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार पर पूर्ण रोक, महिलाओं के लिए जीरो टॉलरेंस नीति, पुरानी पेंशन स्कीम को दोबारा लागू करना, वर्ष 2025 तक जाति आधारित जनगणना, वर्ष 2025 तक खाली पड़े सभी सरकारी पदों को भरा जाएगा।





ईदगाह पहुंचकर नगरायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम अधिकारियों के साथ अंबाला रोड स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज के लिए निगम द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शहर की अन्य मस्जिदों के आस पास भी विशेष साफ सफाई तथा चूना छिड़काव आदि पर ध्यान देने के निर्देश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान बुधवार की दोपहर अंबाला रोड स्थित ईदगाह पहुंचे और उन्होंने ईद की नमाज के सम्बंध में नगर निगम द्वारा की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, वजु करने के लिए पानी की व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था आदि की जानकारी ली। ईदगाह के प्रबंधक शाहिद जुबैरी ने निगम द्वारा की जा रही तैयारियों पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा बोरिंग के अलावा वजू करने के लिए एक नल भी लगाया गया है तथा जो लाइट खराब हो गयी थी उन्हें भी बदल दिया गया है।

नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी व्यवस्थाएं निगम द्वारा की जाती रही है उनमें

कोई कमी न रखी जाए तथा नमाज के समय क्षेत्र में साफ-सफाई, चूना छिड़काव आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने ईदगाह की कारगिल गेट साइड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह तथा स्मार्ट सिटी के डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल आदि मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त नगरायुक्त ने जनता रोड स्थित सेंट्रल वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निगम द्वारा की जा रही साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था के अलावा निगम द्वारा वेयर हाउस परिसर में बनवायी गयी सड़क का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर जरुरी निदेश दिए। उल्लेखनीय है कि वेयर हाउस से ही पोलिंग पार्टियां रवाना की जाती है तथा मतगणना भी इसी स्थान पर की जाती है। बाद में उन्होंने पराग डेरी व जनता रोड तिराहे स्थित पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया।

मां भगवती ब्रह्मचारिणी जगत का करती है कल्याण: कालेन्द्रानंद

सहारनपुर। स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां भगवती ब्रह्मचारिणी रूप में जगत का कल्याण करती हैं। राधा विहार स्थित मंदिर में श्री राम कृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित नवरात्र पूजा महोत्सव में आज मां भगवती की अष्टधातु की प्रतिमा को गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी व शक्कर से महा स्नान कराया गया और दुर्गा सहस्रनाम स्तोत्र से मां का अभिषेक किया गया। मां भगवती को वस्त्र अर्पण कर भगवती का श्रृंगार किया गया। मां भगवती को भोग लगाकर मां ब्रह्मचारिणी की आरती उतारी गई। इस अवसर पर मां भगवती ब्रह्मचारिणी की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां भगवती शत, रज तम को धारण कर ब्रह्मचारिणी रूप में समस्त सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है और समस्त सृष्टि का संतुलन बनाए रखने के लिए मां ब्रह्मचारिणी ब्रह्म अग्नि को धारण कर जन-जन की रक्षा करती हैं।

मतदाताओं को जगाने के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली रैली, दिया मतदान का संदेश

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिलेभर में आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा। बुधवार को स्वीप योजना के तहत कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह संग हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अच्छे एवं मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए मतदाता होना और मतदान करना जरूरी है। इसलिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए 13 मई को मतदान जरूर करे और आसपास के अपने लोगो एवं दूसरे व्यक्ति को भी प्रेरित करे, क्योंकि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओ का वोट करना जरूरी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में एक भी मतदाता छूटने न पाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस बात का संकल्प लिया है कि वह वोटर की सुविधा को ध्यान में रखकर इसको त्यौहार के रूप में मनाएंगे। मतदान हमारे अधिकार के साथ साथ कर्तव्य भी है, हंसी-खुशी के साथ अपनी स्वेच्छा से बूथ पर जाएं और जो आपको बेतहरीन और अच्छा प्रत्याशी लगे उनके पक्ष में अपना मताधिकार का प्रयोग करिए। यह जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली में स्कूली बच्चे और डायट के प्रशिक्षु मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे तख्तियां हाथ में लिए हुए थे। वहीं स्कूली बैण्ड भी आकर्षण का केन्द्र रहा। रैली में स्कूली बच्चों ने सब काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो तथा जन-जन की यही पुकार वोट डालना हम सबका अधिकार के नारे भी लगाए।

मतदाता जागरूकता रैली के आकर्षण का केंद्र रहा स्कूली बैंड

प्रशासन की अगुवाई में शहर के मुख्य मार्गों पर निकली मतदाता जागरूकता रैली में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज का स्कूली बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। यह रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभहोकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई जीआईसी मैदान में विसर्जित हुई।

हाथों में तख्तियां थामे बच्चों ने की मतदान की अपील

हाथों में तख्तियां लिए स्कूली बच्चे बुधवार को खीरी में बड़ों को वोट की अहमियत बता रहे थे। बड़ा अनूठा दृश्य था। पूरे शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर स्कूली बच्चों ने लोगों को वोट की ताकत का एहसास कराया और मतदाताओं से अपील की कि अपने मत का प्रयोग जरुर करें। जिला स्तर पर मतदाताओं के बीच स्कूली बच्चों ने अलख जगाई। सभी बच्चों के हांथों में तख्तियां थी और उनपर मत के ताकत के नारे लिखे हुए थे। मेरा वोट मेरा अधिकार। एक वोट बदल सकती है आपकी जिंदगी। मतदाता होने का गर्व है। मतदान के लिए तैयार हैं। मेरा वोट, मेरा भविष्य। जैसे नारे बच्चों ने लगाए।

मतदाता जागरूकता आइकॉन शिक्षक एसपी सिंह का डीएम ने बढ़ाया उत्साह

डीईओ, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए परिषदीय शिक्षक एसपी सिंह को मतदाता जागरूकता आइकॉन बनाया था। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्होंने अपनी बाइक पर स्लोगन लिखाए है। डीएम ने आईकॉन एसपी सिंह की जागरूकता बाइक पर बैठकर फोटो खिंचवाकर उसका उत्साह भी बढ़ाया।

इन विद्यालयों के बच्चों ने जगाई मतदाता जागरूकता की अलख

मतदाता जागरूकता रैली में शहर के जीआईसी, जीजीआईसी, पीके इंटर कॉलेज, डीएस कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, डाइट के स्कूली बच्चों एवं प्रशिक्षु शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी की कुशल कार्यशैली से भारत का विश्व में बढ़ा है वैभव व विश्वासः राजनाथ सिंह

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली व विदेश नीति के बल पर आज भारत का नाम विश्व पटल में अग्रणी देशों की श्रेणी में लिया जाता है। उन्होंने कहा कि अब भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रसर हो रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज ग्राम दाऊदपुरा स्थित पानसर इंटर कालेज के मैदान पर आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकुशलता व विदेश नीति के चलते आज भारत का वैभव, विश्वास, सम्मान व प्रभाव विश्व पटल पर बढ़ा है। उन्होंने 2014 से पूर्व भारत की वैश्विक स्थिति सहित 2014 के बाद भारत की हैसियत बढ़ने का हवाला देते हुए यूक्रेन एवं

रशिया के युद्ध में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका का उल्लेख करते हुए 4 घण्टे तक युद्ध रुकवाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे लाखों भारतीय छात्रों को निकालने और उन्हें बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कतर में भारतीय नौसेना से सम्बद्ध रहे 9 सैनिकों को फांसी की सजा होने के बावजूद भी कतर सरकार एवं अमरीका के राष्ट्रपति से वार्ता कर उन्हें बचाने का काम किया है। उन्होंने अपने सम्बोधन का शुभारम्भ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश से उनका स्वाभाविक लगाव रहा है जिसका प्रमुख कारण उनके द्वारा विभिन्न पदों पर रहते हुए सेवा करना है। उन्होंने कहा कि वह भले ही यहां देर से आये हैं, लेकिन दुरुस्त आये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा कांग्रेस हर बार कोई नया झूठ फैलाती है। 2017 में फैलाया ब्राह्मण नाराज है, 2019 में फैलाया की जाट नाराज है और अब 2024 में फैलाया की क्षत्रिय समाज नाराज है। जबकि सपा तथा बसपा से पूरा प्रदेश ही नाराज है। राजनाथ सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज हमारा है, उसे कैसे मनाना है। हम मना लेंगे। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा को विजयी बनाने की अपील की ओर कहा कि ऐसा सरल व्यक्तित्व कही नही मिलेगा। बरिष्ठ अधिवक्ता और क्षत्रिय समाज के प्रमुख संरक्षक ठाकुर बिशम्भर सिंह ने सभा की अध्यक्षता की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विश्व भारत की ताकत को पहचान रहा है। उन्होंने कहा भाजपा कथनी करनी एक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा और कांग्रेस अफवाह फैला रही कि राजपूत नाराज हैं, हम सबको मना लेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राघव लखनपाल शर्मा के स्वर्गीय पिता निर्भय पाल शर्मा से भी अपनी पारिवारिक नजदीकियों का जिक्र किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा ने कहा कि विगत 24 वर्षों के सार्वजनिक जीवन मे पूरी ईमानदारी से लोगों की सेवा की है।

अग्निकांडो को कम करने हेतु बताई गई सावधानियां

लखीमपुर खीरी। फायर स्टेशन लखीमपुर व मोहम्मदी की अलग-अलग टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र /खेत-खलियान, गन्ना व गेहूं की फसलों के आसपास ट्रांसफार्मर व कमजोर विद्युत के तारों द्वारा एवं झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के द्वारा छोटी-छोटी लापरवाही से होने वाले अग्निकांडो को कम करने हेतु सावधानियां बताई गई। और प्रचार प्रसार किया गया एवं प्रचार सामग्री बांटी गई। जिससे छोटी घटना बड़ी न होने पाए और जन धन हानि को बचाया जा सके।

निजी स्कूलों की मनमानी पर राजनीतिक दलों ने साधी चुप्पी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। निजी स्कूल संचालकों की मनमानी के आगे सरकारी विभाग जहां शिकायतों का खेल खेल रहे हैं, वहीं सियासी नुमाइंदों की आवाज भी नहीं उठ रही। कारण-वोट बैंक, क्योंकि जहां मुद्दा वोट का होता है तो वहां हर तरह की सियासत चरम पर होती है। मगर अफसोस, व्यापार बने निजी स्कूलों की लूट को रोकने के लिए आज तक न सियासी प्रदर्शन हो पाए, न ही किसी प्रकार के धरने लग सके। इससे एक सवाल उठना लाजिमी है कि सरकार के संरक्षण में स्कूल खुलेआम अभिभावकों की जेबें काट रहे हैं।नए शैक्षणिक सत्र के चलते महराजगंज क्षेत्र में संचालित दर्जनों निजी स्कूल संचालकों की मनमानी अभिभावकों की जेब पर भारी पड़ रही है। दिन-ब-दिन स्कूली शिक्षा महंगी होती जा रही है। इसका मुख्य कारण निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर की पुस्तकें लगवाना, महंगी वर्दी और फीस बढ़ोतरी है। निजी स्कूलों की इस मनमानी से हर कोई वाकिफ है लेकिन बच्चों के भविष्य को देखते हुए कोई भी अभिभावक कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं, नियमों से बंधा प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।वही क्षेत्र के अभिभावक का कहना है कि निजी स्कूल कमीशन खाने के चक्कर में प्राइवेट प्रकाशकों की महंगी व मोटी किताबें स्कूल लगा रहे हैं और अभिभावकों पर स्कूल के अंदर ही खुली दुकानों या बाहर अपनी बताई गई दुकानों से ही किताबें खरीदने का दबाव डाल रहे हैं। बाजार में जो कॉपी या स्टेशनरी कम दाम में मिलती है उसे भी अपनी बताई गई दुकान से ही महंगे में खरीदवाने के लिए मजबूर कर रहे है। जिन किताबों की कोई जरूरत नहीं है उन्हें भी खरीदने के लिए कहा जा रहा है। ज्यादातर स्कूलों ने अपनी एक निश्चित दुकान तय की है। वहीं से किताबें बच्चों को लेनी पड़ रही हैं। कमीशन के खेल में कुछ स्कूलों के अंदर ही पुस्तकें और कॉपियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।ऐसा ही दूसरे अभिभावक का कहना कि स्कूल की ओर से बताई गई पुस्तकें इसके अलावा किसी दुकान में नहीं मिलतीं है । बच्चों के कॅरिअर की बात है, इसलिए स्कूल को कुछ कह नहीं सकते। अकेले आवाज उठाना मुमकिन नहीं है। बच्चे के साथ शिक्षक भेदभाव न करें और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। इसलिए कोई अभिभावक स्कूल का विरोध नहीं करते। एक अभिभावक ने कहा कि स्कूलों द्वारा पुस्तकों और वर्दी पर चल रही लूट का सभी को पता है लेकिन इस पर कभी कार्रवाई नहीं होती। प्रशासन स्कूलों पर सख्ती बरते तो कुछ हो सकता है।

17 से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक रहेगा ड्राई-डे

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत जनपद में 19 अप्रैल को लोक शांति बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराए जाने के उद्देश्य से 17 अप्रैल की सांय 06 बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है।

डॉ. दिनेश चन्द्र ने आबकारी अधिनियम की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों को उपयोग करते हुए आदेश जारी किया कि इस अवधि में समस्त आबकारी दुकानें यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर एवं भांग के फुटकर अनुज्ञापनों, मॉडल शॉप तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सीएल-2, एफएल-2/2बी एवं भांग, एफएल-6/7/7ए बार अनुज्ञापन तथा एफएल-16/17 अनुज्ञापन, एफएल-41 अनुज्ञापनों की दुकानें बन्द रहेंगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु पीठासीन/प्रथम मतदान अधिकारी के नियुक्ति आदेश 11 अप्रैल को किए जाएंगे वितरित

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिन विभाग के कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा पीठासीन/प्रथम मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, के नियुक्ति आदेश 11 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे से विकास भवन स्थित जिला विकास कार्यालय से वितरित किए जायेगें। उन्होंने सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष से कहा है कि अपने कार्यालय के जिम्मेदार कर्मचारी को 11 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे जिला विकास कार्यालय भेजकर नियुक्ति आदेश प्राप्त कर सम्बन्धित कार्मिक को उसी दिन सायं प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद जिला विकास अधिकारी, रायबरेली कार्यालय को 12 अप्रैल 2024 की सायं 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए 15 से 18 अप्रैल 2024 तक की अवधि में आयोजित प्रशिक्षण में निर्धारित तिथियों पर सम्बन्धित कार्मिक की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करावें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाये, जिससे समय से नियुक्ति आदेश सम्बन्धित कार्मिक को प्राप्त हो सके और वह प्रशिक्षण में समय से उपस्थित हो सके।

04 नफर वारंटी अभि0गण गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी पुलिस द्वारा 04 नफर वारंटी अभि0गण शकील खाँ पुत्र खलील खाँ निवासी मो0 बुखारी टोला कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी बाद स0 1468-15 अ0स0 333/12 धारा 323/504/506/427 भादवि संजय बेलदार पुत्र राजाराम निवासी मो0 जिन्सी कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी वाद संख्या 4751/2007 अ0स0 367/07 धारा 3/25 आ0 एक्ट 3.अर्जुन पुत्र बाबू लोनिया नि0ग्रा0 लोनपुरवा थाना व जिला खीरी बाद स0 10044/16 अ0स0 115/4 धारा 3/25 आर्मस एक्ट 4.जगदीश प्रसाद पुत्र मंगरे नि0ग्रा0 मछेदिया थाना व जिला खीरी अ0स0 288/23 धारा 128 सीआरपीसी को गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कांग्रेस-सपा फैला रही है अफवाहें: राजनाथ

सहारनपुर। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा और कांग्रेस अफवाह फैला रही कि राजपूत नाराज हैं, हम सबको मना लेंगे। लेकिन इनसे पूरी यूपी नाराज है। और यदि किसी की नाराजगी होगी, तो उसका समाधान सपा कांग्रेस नहीं निकाल सकती। उसका समाधान भी अगर कोई निकाल सकता है तो वह भाजपा ही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विश्व भारत की ताकत को पहचान रहा है।उन्होंने कहा भाजपा कथनी करनी एक है। हमने अपने घोषणापत्र में देश की जनता से वादा किया था कि जिस दिन हमें संसद में बहुमत मिल जाएगा। हम जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त देंगे। हमने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान को लैंड कराने वाला भारत दुनिया का अकेला देश बन गया यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो सका है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा की हालत यह हो गई है कि वह रोज प्रत्याशी बदलती है, जबकि कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा कांग्रेस हर बार कोई नया झूठ फैलाती है 2017 में फैलाया ब्राह्मण माराज है 2019 में फैलाया की जाट नाराज है अब 2024 में फैलाया की क्षत्रिय समाज नाराज है जबकि सपा बसपा से पूरा प्रदेश ही नाराज है। राजनाथ सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज हमारा है उसे कैसे मनाना है हम मना लेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा कांग्रेस हर बार कोई नया झूठ फैलाती है 2017 में फैलाया ब्राह्मण माराज है 2019 में फैलाया की जाट नाराज है अब 2024 में फैलाया की क्षत्रिय समाज नाराज है जबकि सपा बसपा से पूरा प्रदेश ही नाराज है। राजनाथ सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज हमारा है उसे कैसे मनाना है हम मना लेंगे।

बाबा साहब अंबेडकर के आदर्शों से ही इंसान बनता है महानः संत नाथ दास

सहारनपुर। संत नाथदास महाराज ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडका के जयंती को महापर्व के रूप में मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों व सिद्धांतों का अनुसरण करने से ही व्यक्ति महान बनता है।

संत नाथदास आज यहां पेपर मिल रोड स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में आयोजित रविदासिया सत्संग का कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को महापर्व के रूप में मनाना चाहिए क्योंकि बाबा साहब ही हमारे सच्चे महापुरूष हैं जिन्होंने हमें संविधान के माध्यम से बराबरी व समानता का अधिकार देने का काम किया है।

अपराध गोष्ठी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की गयी । इस गोष्ठी में जनपद में घटित महत्वपूर्ण घटनाओं का तकनीकी व मैनुअल साक्ष्य के आधार पर सफल अनावरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एसओजी/सर्विलांस टीम तथा विगत माह में साइबर सेल द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार 12 पीड़ितों के 5,79,344/- रूपए वापस दिलाने एवं एन0सी0आर0बी0 पोर्टल पर 10,79,940/- रूपये होल्ड कराने पर पीड़ितों द्वारा उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। जनपद के विभिन्न पुलिस कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का भलीभांति निर्वहन करने एवं पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज निर्भय नारायण सिंह,

अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह थाना कर्नलगंज, प्रभारी एस0ओ0जी0 सर्वजीत गुप्ता,प्रभारी सर्विलांस सुनील सिंह, प्रभारी साइबर सेल शादाब आलम उप निरीक्षक आलोक राय, आशीष वर्मा, रामप्रकाश चन्द्र, भानू प्रताप, शम्भू सिंह, जितेन्द्र वर्मा, सरफराज खान, मुख्य आरक्षी अमित पाठक राजू सिंह, हृदय नारायण दीक्षित अरूण कुमार, रणधीर सिंह, रवि कुमार, आरक्षी आदित्य पाल, अमितेश सिंह, अशुमन पाण्डेय, हरिओम टण्डन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वाहन चेकिंग कर किया गया ई-चालान

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जनपद गोंडा के थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग कर किया गया ई-चालान मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी कहोबा के चौकी प्रभारी शिव लखन सिंह द्वारा मंगलवार शाम को कहोबा चौराहे पर वाहन चेकिंग कर 11 वाहनों का 17500 का ई चालान किया गया पुलिस अधीक्षक गोंडा के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के तहत मोतीगंज थाना अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी वाहन चेकिंग के दौरान किया कई वाहनों का ई-चालान इस दौरान वाहन चेकिंग करते हुए थाना अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा कहोबा पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी ने दो पहिया व चार पहिया वाहनों का गहन चेकिंग किया और वाहन चालकों को जागरुक करते हुए बताया कि बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य लगे जिससे की दुर्घटना से बचा जा सके वही चार पहिया वाहन चालकों को सीट

बेल्ट लगाकर चलने का निर्देश दिया थाना अध्यक्ष मोतीगंज प्रतिभा सिंह ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक चालकों को बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगे और बाइक चलाते समय मोबाइल से बात ना करें जिससे दुर्घटना से बचा जा सके बाइक चलाते समय मोबाइल लीड कान में लगाकर बाइक ना चलाएं क्योंकि जीवन बहुमूल्य है सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें वाहन यातायात नियमों के अनुसार ही चलाएं थाना अध्यक्ष व चौकी प्रभारी ने चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को बताया कि जब आप लोग घर से निकलते हैं तो आपकी बीवी बच्चे माता-पिता भाई-बहन आपके सुरक्षित घर वापस आने का इंतजार करते हैं और आपकी थोड़ी सी लापरवाही आपको वह आपके परिवार को परेशान कर सकती है इसीलिए सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें वाहन चलाते समय हेलमेट लगाए बिना हेलमेट के बाइक ना चलाएं और मोबाइल लीड कान में लगाकर वहां ना चलाएं इससे होता है कि आपके आगे और पीछे से आने वाली अन्य वाहनों की आवाज आपको सुनाई नहीं देगी और दुर्घटना घट सकती है इसीलिए यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहे।

नामांकन से पूर्व प्रत्येक उम्मीदवार को नया खाता खुलवाना होगा

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ नामांकन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के नामांकन के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है, नामांकन करने वाले प्रत्याशी सुविधा ईसीआई डॉट जीओवी पोर्टल पर जाकर नामांकन पत्र भरकर प्रिंट निकालकर रिटर्निंग ऑफिसर के यहां जमा कर सकेंगे, प्रारूप-26 पर घोषणा पत्र भी ऑनलाइन भरा जा सकेगा, उसका प्रिंट निकाल कर नोटरी से सत्यापित कराकर जमा करना होगा, ऑनलाइन ही जमानती धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होने कहा कि एक समय में प्रत्याशी, उसके 04 प्रस्तावक मौजूद रहकर नामांकन कर सकते हैं, दि. 19 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे तक जो भी प्रत्याशी नामांकन करने हेतु 100 मीटर की परिधि में दाखिल हो जाएंगे, वह नामांकन कर सकेंगे, उसके बाद किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

श्री सिंह ने कहा कि 100 मीटर की परिधि में सभी लोग एक साथ प्रवेश कर सकेंगे लेकिन नामांकन कक्ष में प्रत्याशी के साथ सिर्फ 04 प्रस्तावक एक समय में जा सकेंगे, 02 प्रस्तावक वापस आने पर अन्य 02 प्रस्तावक नामांकन कक्ष में जाएंगे, 100 मीटर की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, प्रत्याशी अपने 01 वाहन से नामांकन कक्ष के समीप बने गेट तक जा सकेंगे, 100 मीटर की परिधि की निरंतर वीडियोग्राफी करायी जाएगी, नामांकन कक्ष में वीडियोग्राफी के साथ-साथ सी.सी.टी.वी. कैमरों से भी रिकॉर्डिंग होगी, अनुसूचित जाति, जनजाति के उम्मीदवार को जमानती धनराशि के रूप में रू. 12 हजार 500 जमा करना होंगे जबकि अन्य जाति के उम्मीदवारों को रू 25 हजार जमानती धनराशि जमा करनी होगी। उन्होने कहा कि नामांकन करने वाले उम्मीदवार को सभी प्रविष्टियां भलि-भांती भरनी होंगी, आपराधिक इतिहास का पूरा विवरण देना होगा, प्रत्याशियों को आपराधिक इतिहास को 03 बार बहुप्रचलित समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक चैनल पर प्रकाशित, प्रसारित कराना होगा, नाम वापसी के 04 दिन के भीतर पहली बार, पहली बार प्रकाशित होने के उपरांत 05 से 08 दिन के भीतर दूसरी बार एवं 09 दिन से लेकर मतदान प्रारंभ होने से 48 घंटे पूर्व तक तीसरी बार विज्ञापन प्रकाशित, प्रसारित कराया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र के अलावा 12 फोटोयुक्त दस्तावेजों का प्रयोग किया जा सकेगा।

ताइक्वाण्डो में दो गोल्ड समेत सीएमएस छात्रों ने जीते 5 पदक

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने यूपी स्टेट ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप-2024 में दो गोल्ड मेडल समेत पाँच पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. अयोध्या रोड कैम्पस के छात्र समर्थ प्रताप सिंह एवं अध्यान जायसवाल ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है जबकि प्रांजल श्रीवास्तव व तेजस सिंह ने सिल्वर मेडल एवं जायना भाटिया ने ब्रांज मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फुर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन सभी होनहार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

सबका साथ-सबका विकास यही हमारा उद्देश्य : पाल

बढ़नीचाफा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत बढ़नीचाफा अन्तर्गत मरसतवा बाजार में बुधवार को आयोजित चौपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप संबोधन करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमारी सरकार ने एक बार पुनः आप लोगों के सेवा का अवसर दिया है। आप लोगों का अपार प्यार, दुलार और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। हम सरकार के नीति और उद्देश्य पर खरा उतरने का पूर्ण कोशिश करूंगा और आपको दिलाता हूं कि जन जन के विकास के लिए सरकार के योजनाओं को भलि भांति आवंटित कराने का कार्य करूंगा। इस चौपाल कार्यक्रम में नरेंद्रमणि त्रिपाठी, कमलेश चौरसिया, राजू पाल, मोनी पांडेय, सुनील पाठक, संतोष कुमार गुप्ता, मनीष सिंह कासिम रिजवी, चंद्रपाल वर्मा, अजय वर्मा, राजेश द्विवेदी, राम प्रकाश जायसवाल, अमित वर्मा, राम फेर वर्मा, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

छात्रों को किया गया अंक पत्र का वितरण

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड बढ़नी ब्लाक के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नजरगढ़वा में छात्रों को अंक पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एस.एस.बी.एसी दिनेश कुमार ने कहा कि समाज शिक्षा के बिना अधूरा है। और विद्यालय में शिक्षकों का दायित्व है कि वे अभिभावकों का भरोसा जीतने के साथ ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल बढ़ता रहता है। इस दौरान ग्राम प्रधान अंजनी यादव,विकास कुमार,एन नागार्जु, राकेश कुमार भारती,मानशी कुमारी, प्रधानाध्यापक राम नरेश मौर्य, सहायक अध्यापक नीतू यादव, शिक्षा मित्र राम सूरत यादव, शिक्षा मित्र शीला देवी, सफाई कर्मी घनश्याम, शिवनंदन, परमेश्वर, राम प्यारे,मजहर सुहेल,राम कुमार, अदालत यादव, सोहनलाल यादव, प्रह्लाद, चमेली रमावती, आदि ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

आशा व एएनएम टीकाकरण के साथ ही दस्तक के लिए करें जागरूकता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम में बुधवार को गर्भवती महिलाओं का जांच व टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शिविर का औचक निरीक्षण करने पंहुचे सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने उपस्थित आशा व एएनएम को निर्देशित करते हुए कहा कि टीकाकरण के दौरान आने वाले लोगों को दस्तक के लिए भी जागरुक करने का काम करते रहे। डॉ.ओझा ने 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले दस्तक कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया। इस दौरान उन्होने ग्राम वासियों के सामने दस्तक संबंधित स्टीकर एवं पोस्टर चिपकाते हुए क्लोरिनेशन एवं हाथ धुलने की विधि का प्रदर्शन किया करते हुए सफाई के फायदे की जानकारी दिया।टीकाकरण सत्र संचालित कर रही एएनएम तारामती द्वारा 24 बच्चों का टीकाकरण व दस गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।डॉ.ओझा ने बताया कि एएनएम तारामती के द्वारा गर्भवती महिला किरन (26 वर्ष)की जांच की जा रही थी, जिसका सत्यापन करने पर सेवाएं सही पाए गई। डा. ओझा के द्वारा तारामती के कार्यो की प्रशंसा करते हुए तारामती को आशा बहू के कार्य पर कड़ी निगरानी रखने की बात की गई। इस मौके पर्यवेक्षक राजीव त्रिपाठी, चन्द्र कुमारी, रीना, किरन, रजनी देवी, सुमन, मंजू, सोमना, दुलारी, सीमा, किरन, रीना, गीता आदि मौजूद रहे।

मुफ्त राशन नहीं रोजगार देने से आत्मनिर्भर होंगे लोग

अवधनामा संवाददाता

- युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ही बनेगा विकसित भारतः अवस्थी
- राशन के साथ रोजगार की गारण्टी देगा इण्डिया गठबंधन

बस्ती। मुफ्त राशन से नही रोजगार देने से लोग आत्मनिर्भर होंगे। लोगों को बगैर आत्मनिर्भर बनाये विकसित भारत नही बनेगा। बेकार युवा कोई राष्ट्र निर्माण नही कर सकते। यह बातें बुधवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने पार्टी कार्यालय पर कहीं। वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होने कहा इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो राशन के साथ रोजगार की भी गारण्टी लागू होगी। इससे पहले श्री अवस्थी सहित जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी, मो. रफीक खां, नर्वदेश्वर शुक्ला, कौशल किशोर त्रिपाठी, गंगा प्रसाद मिश्रा, डा. शीला शर्मा, देवी प्रसाद पाण्डेय, सुधीर यादव, आदि ने इण्डिया गठबंधन का घोषणा पत्र (न्याय पत्र) जारी किया। अंशू अवस्थी ने आगे कहा कि देशभर में युवा, महिलायें, किसानों को न्याय नही मिल रहा है। 10 साल के कार्यकाल में भाजपा की अनेक गारण्टियां फेल हो चुकी हैं। किसानों, महिलाओं, युवाओं को न्याय नही मिल रहा है। राहुल गांधी को देश की जनता की जरूरतों को समझने और अधिकारों के लिये उन्हे जागरूक होकर संघर्ष हेतु प्रेरित करने के लिये न्याय यात्रा निकालनी पड़ी। न्याय पत्र देश के करोड़ों लोगों की आवाज है। इण्डिया गंठबंधन की सरकार बनी तो न्याय पत्र की सभी गारण्टियां बगैर किसी भेदभाव के लागू होंगी। अवस्थी ने कहा केन्द्र की भाजपा सरकार चुनिंदा उद्योगपतियों के लिये काम कर रही है, आम जनता को सिर्फ 5 कि. राशन मिला। देश में बेरोजगारी, भुखमरी कितने प्रतिशत है, सरकार ने इसका आंकड़ा जारी करना बंद कर दिया। हकीकत पूरा देश समझ रहा है। 30 लाख नौकरियां रिक्त हैं और युवा सड़कों पर लाठियां खा रहा है। जितनी परीक्षायें हुई सभी के पेपर लीक हुये, न्याय मांगने पर युवाओं को सड़कों पर घसीटा गया। गठबंधन की सरकार बनी तो शिड्यूल जारी कर 100 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। अंशू अवस्थी ने कहा प्रत्येक शिक्षित बेरोजगार की अप्रेन्टिस के माध्यम से पहली नैकरी पक्की रहेगी, एक साल में उन्हे 1 लाख रूपया मिलेगा। पेपर लीक रोकने के लिये फूलप्रूफ व्यवस्था की जायेगी। युवाओं के लिये नौकरियों में आवेदन निःशुल्क होगा। किसानों की खुशहाली के लिये स्वामीनाथन आयोग की 201 सिफारिशों में यूपीए सरकार 175 को लाग कर चुकी है। अब सरकार बनेगी तो एमएसपी की गारण्टी सहित अन्य सिफारिशें भी लागू की जायेंगी। अंशू अवस्थी ने कहा मौजूदा सरकार के कार्यकाल में कर्ज के बोझ से लदे किसान आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार ने पूंजीपति मित्रों का 18 लाख करोड़ लोग राइट आफ कर दिया। हमारी सरकार बाई तो हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे और कृषि यन्त्रों को जीएसटी से मुक्त करेंगे। श्रमिकों को 100 दिन के रोजगार गारण्टी के साथ उन्हे न्यूनतम 400 रूपये मजदूरी दी जायेगी। 1 से 12 वीं तक मुफ्त शिक्षा, आधी आबादी को नौकरियों में आधा आरक्षण, आर्थिक, सामाजिक आधार पर जनगणना करवाकर हिस्सेदारी दिलाना, गरीब परिवार की वरिष्ठ महिला को एक लाख रूपये, आशा, आंगनवाड़ी मिडडे मील बनाने वाली महिलाओं के वेतन में केन्द्र सरकार का योगदान दोगुना करने की गारण्टी भी घोषणा पत्र का प्रमुख हिस्सा है।

आयुष आपके द्वार के तहत हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। निदेशक आयुर्वेद एवं जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय एवं डॉ सत्येंद्र पटेल डी ए यू ओ जालौन के मार्गदर्शन मे आयुष आपके द्वार के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेदिकचिकित्सालय भदेख द्वारा प्राथमिक विधालय ग्राम नैनापुर मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ ममता वर्मा द्वारा 205 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व रवीन्द्र कुमार फार्मासिस्ट वावली ने 7 दिन की निःशुल्क औषधि वितरण की गयी। शिविर में उदारोग, ज्वर, कास, वात व त्वचा रोगों की अधिकता रही। शिविर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मुन्नीलाल व विधालय के समस्त स्टाफ़ और ग्रामवासियों ने सहयोग किया।डॉ ममता वर्मा चिकित्साधिकारी भदेख द्वारा भदेख के आस पास के ग्रामों को चिकित्सा का लाभ मिल रहा है उनके द्वारा शिविर के आयोजन होते रहते है जनमानस आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

ईद की नमाज़ आज, मस्जिदों का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। ईद की नमाज को लेकर बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार और सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने पुलिस बल के साथ मस्जिदों का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने रोजेदारों और नवाजियो से अपील करते हुए कहा कि ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए द्य सहर की गंगा जमुना तहजीब को बरकरार रखें। कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की अराजकता न फैलाएं। किसी भी व्यक्ति ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सी विजिल एप से करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उपबन्धों के उल्लंघनों की शिकायत दर्ज करने सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप जागरूक स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में नागरिकों की सक्रिय व जिम्मेदार भूमिका पर आधारित उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है एवं आसानी से संचालित किया जा सकता है तथा वर्तमान निर्वाचन की घोषणा तिथि से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एप में केवल लाइव फोटो वीडियो व ऑटो लोकेशन कैप्चर की विशेषता होने से निगरानी टीम को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य सुनिश्चित हो सके। इसके लिए किसी भी स्मार्टफोन में एप को इस्टॉल किया जा सकता है जिसमें कैमरा इण्टरनेट कनेक्शन और जी0पी0एस0 एक्सेस हो। उन्होंने बताया कि एप का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को देखते ही तत्काल इसकी रिपोर्ट कर सकते है और इसके लिए उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में भी नही जाना पड़ेगा तथा एप निगरानी टीम से जुड़े होने से तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग कार्यवाही व निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन सम्बन्धी 1 तस्वीर या 2 मिनट के वीडियो एवं संक्षिप्त विवरण एप पर अपलोड होने के उपरान्त जानकारी स्वतः ही जिला नियंत्रण कक्ष में चली जाती है तथा निगरानी दल को घटनास्थल पर भेजकर 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

मुख्यमंत्री योगी ने ईद-उल-फ़ित्र पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दीं

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फ़ित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ईद-उल-फ़ित्र का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथों की स्थिति खराब देखकर डीएम ने जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर राजेपुर फर्रुखाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला अधिकारी डॉक्टर बीके सिंह पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुधवार को बूथों का निरीक्षण किया गया। वहीं बूथ संख्या अति संवेदनशील 29 ,30 गूजरपुर पमारान में पहुंचकर व्यवस्था को देखा वही बूथ के आगे बनी नाली में गंदगी का अंबार मिला। वहीं व्यक्तियों को आने जाने में दिक्कत ना हो। इसलिए खंड विकास अधिकारी अतुल राठौर को जल्द ही नाली के ऊपर पटिया डलवाने के निर्देश दिए तथा रैंप क्षतिग्रस्त थी उसे जल्द ठीक करवाने के निर्देश दिए रसोईया घर में पहुंचकर जांच पड़ताल की वहीं थाना अमृतपुर में पहुंचकर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी की महिला थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी से बात करते हुए कहा कि कोई भी उपद्रवी अगर उपद्रव करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

जिला अधिकारी डाक्टर वी.के. सिंह के द्वारा बूथ संख्या 45,46 ,47 47,49 50 बूथ संख्या अमृतपुर का भी निरीक्षण किया गया परिसर की साफ सफाई पंखा रैंप आदि ठीक करवाने के निर्देश दिए। विद्यालय के सामने साप्ताहिक बाजार लगती है। जिसके कारण सड़क पर काफी गंदगी नजर आई। पॉलिथीन का ढेर लगा दिखा। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार मालिक को ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा नोटिस दिलवाकर कार्रवाई करें। इस मौके पर एसडीम रविंद्र सिंह क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय तहसीलदार कर्मवीर सिंह कानूनगो आदिल समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

22 वर्षीय हृदय रोगी को विवेकानंद अस्पताल में मिला जीवनदान

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। 22 वर्षीय सिराज को पहले तो सांस फूलने की समस्या हुई बाद में इतनी बढ़ गई कि थोड़ा सा चलने और लेटने पर भी सांस फूलने के साथ सीने में दर्द होने लगा। बलरामपुर निवासी सिराज ने पहले तो वही इलाज कराया लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। कई अस्पतालों के चक्कर काटे लेकिन मर्ज कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था। अंततन्किसी तरह लखनऊ आकर विवेकानंद अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाया। कुछ जांचों के बाद पता चला कि 22 वर्षीय सिराज के हृदय के तीनों वाल्व खराब हो चुके हैं और अब वाल्व रिप्लेसमेंट ही एकमात्र उपाय है। विवेकानंद अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्तिनाथनंद बताते हैं कि संस्थान के कार्डियो सर्जन डॉक्टर अरविंद वर्मा, डॉक्टर राजीव गुप्ता व उनकी टीम ने देखा कि मरीज का बाय वेंट्रीकल मुख्य पंपिंग चैंबर बहुत कमजोर और बेहद फैला हुआ था जिससे सर्जरी के पहले या बाद में मरीज की जान को बड़ा खतरा था। इसलिए डॉक्टर अरविंद वर्मा ने तुरंत सर्जरी ना कर पहले लगभग पांच माह तक मरीज को आवश्यक चिकित्सा उपचार किया तथा उसे सर्जरी के लायक बनाया। इसके बाद इस हफ्ते मरीज के हृदय के तीनों वाल्व रिप्लेसमेंट लगभग 6 घंटे तक चली जटिल सर्जरी द्वारा बदले गए। सर्जन डॉक्टर अरविंद वर्मा ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज के स्वास्थ्य में अप्रत्याशित सुधार देखने को मिला है और लगभग 10 दिनों के बाद आज मरीज को छुट्टी दे दी गई कुछ समय बाद मरीज अपने सामान्य कामकाज भी बिना किसी समस्या के कर सकेगा। 22 वर्षीय सिराज ने बताया कि वह मजदूरी करता है और घर में सबसे छोटा है. ईद की एक दिन पहले स्वस्थ होकर घर जाकर ईद मनाने की खुशी का श्रेय वह अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्तिनाथनंद को देता है .स्वामी जी ने सिराज को उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ईद की बधाई दी।

एक मोबाइल एक बाइक सहित दो को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में अपराधी एवं अपराधियों के तहत जहानगंज पुलिस द्वारा बुधवार को 2 अभियुक्त सहिल सिंह पुत्र भंवरपाल, हर्षित पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम पूरनपुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार किया गया। एक मोबाइल फोन लावा कंपनी का, घटना में शामिल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 76 एपी 7466 को बरामद कर लिया है। माल बारामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि को बढ़ोतरी की गई है अग्रिम वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि दोनों लोग मिलकर रास्ते में आने जाने वाले राहगीर से मोबाइल छीनकर भाग जाते हैं जिनको बेचकर अपना खर्चा चलाते हैं द्य 7 अप्रैल 20 24 को दोनों लोग मोटरसाइकिल से काली नदी चेक पोस्ट के पास से एक मोटरसाइकिल सवार से उसका मोबाइल फोन छीनकर छिबरामऊ की तरफ भाग गए थे गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक भोलेंद्र चतुर्वेदी थानाध्यक्ष जहानगंज, उ0नि0 अच्छेलाल पाल, अंकित कुमार, नईम खान, मौजूद रहे।

पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के साथ निकला फ्लैग मार्च

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तहसील क्षेत्र कस्बा चौकी ऊमरी में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। जनपद में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनियों की मांग गृह मंत्रालय से की गई थी। चुनाव में पुलिस को सहयोग करने के लिए पैरामिलिट्री कंपनियां माधौगढ़ पहुंच गई हैं।

न्यायालय सूचना

बअदालत मा प्रधान परिवार न्यायधीश सहारनपुर। मुकदमा मुतफरिका नं0 98 सन 2023 नीरज कुमार सैनी उम्र 40 साल पुत्र जोगेन्द्र कुमार निवासी ग्राम चापरचिडी परगना, तहसील नकुड , ज़िला सहारनपुर आवेदक नोटिस बनाम....श्रीमति नेहा सैनी पत्नी नीरज कुमार पुत्री स्व0 श्री रामशरण सैनी निवासी मधः न0 848 न्यू आवास विकास थाना सदर बाजार सहारनपुर। 2- आम जनता ! आपकी इत्तिला दी जाती है कि दरख्वास्त बगरज तकरूर कली श्री नीरज कुमार सैनी सायल मजकूर ने गुजारनी है लिहाजा यह इत्तिलानामा बमुराब इजहार उजरदारान और दरपेशी मुकदमें बूताअययून तारीख 20 माह 04 सन 2024 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निसबत दरख्वास्त के उजर हो तो अन्दर मियाद मुकर्रर असालतन या वकालतन कब्ल अज 10.00 बजे सुबह के अदालत प्रधान परिवार न्यायधीश जिला सहारनपुर में हाजिर होकर अपना उजर पेश करें करावे। दरसूरत इन्तजाय मियाद मजकूर सिर्फ उजर आपको किसी का सुना ना जायेगा और हुकम मुनासिब निसबत दरख्वास्त के सातिर होगा। आज दिनांक 08 माह 04 सन 2024 ई0 को हस्ताक्षर मेरे व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी

सूचना

श्रीमति पुष्पा रानी मुस्तकीम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम पटना उर्फ नया बाँस , थाना चिलकाना जिला सहारनपुर सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सलमान मेरे कहने सुनने मे नही है उसकी संगत भी गलत है अतः में विवश होकर पुत्र सलमान को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बैदखल करता हूँ ओर उससे अपना हर तरह का संबंध विच्छेद करता हूं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

न्यायालय सूचना

न्यायालय मा प्रथम अपर सिविल जज (सी.डी) सहारनपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि मूल वाद संख्या 317/2011 प्रकीर्ण वाद स.164 सन 2024(राजकुमार बनाम श्रीमती सुमन देवी) मा उच्च न्यायालय में लंबित द्वितीय अपील संख्या 822/2023 में आदेशित किया गया है कि त. सहारनपुर के प्र. हरौडा के ग्राम चौरादेव के ग्राम सभा भवन में 15.4. 2024 को प्रातः11 बजे से शाम 4 बजे तक सरसों एवं गेहूं की नीलामी की प्रक्रिया सम्पादित कराई जाएगी।

आज्ञा से प्रथम अपर सिविल जज (सीडी) सहारनपुर।

न्यायालय सूचना

न्यायालय मा. खाफीफा जज, सहारनपुर। वाद संख्या 541 सन् 2023 1-सुभाष चन्द पुत्र रेलचन्द, 2 जयप्रकाश पुत्र रेलचन्द, 3- राजकुमार पुत्र रेलचन्द समस्त निवासीगण ग्राम बांसदेई, प0 गंगोह, तहसील नकुड जिला सहारनपुर। वादीगण .....बनाम 1- टिटू पुत्र खिला 2- सोनू पुत्र खिला.3- पाल्ला पुत्र नान्नू समस्त निवासीगण ग्राम बांसदेई प0 गंगोह,तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर (प्रतिवादी) वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है हरगाह कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 2 माह 5 सन् 2024ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील को जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो. और कुल उमारात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे आपको नाज तमाम दस्तावेज जो अपनी जवाबदेही मैं इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मकूर आप हाजिर न होगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। बब्जत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 5 माह 4 सन् 2024 ई0 को जारी किया गया।

आज्ञा से लघुवाद न्यायधीश, सहारनपुर

न्यायालय सूचना

न्यायालय मा.सिविल जज (सी0डी0)सहारनपुर प्र0 वाद 99/2024 (41 सन 24)श्रीमति मसरूफा पत्नि श्री सत्तार निवासी ग्राम मौजपुर तगा तहसील व जिला सहारनपुर(वादी) नोटिस बनाम 1- मुक़तदिर पुत्र सा0 श्री सत्तार 2-अजीम पुत्र स्व0 श्री सत्तार 3-नर्गिस पुत्री स्व0 श्री सत्तार 4-उजमा पुत्री स्व0 श्री सत्तार 5- नाजिस पुत्री स्व0 श्री सत्तार 6- बदरे आलम पुत्र स्व0 श्री सत्तार। 7-मुसाहिद पुत्र स्व.सत्तार 8-गुलफरीन पुत्री स्व. श्री सत्तार समस्त निवासीगण ग्राम भौजपुर त्तगा तहसील व जिला सहारनपुर। विपक्षीगण दरखास्त मुसम्मा श्रीमति मसरूफा वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट वसूल जर 1,88,855.28 रूपये कीफायत द्वारा दरखास्त मुसम्मा श्रीमति मसरूफा उपरोक्त मुतवफफा सत्तार अपने वसूजिब एक्ट 7 सन 1889 बकैद 1.88.855.28 रूपये हरगाह श्रीमति मसरूफा ने दरखस्त हुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 26 माह सन 2024 ई0 वास्ते समात दरख्वास्त के मुकर्रर हुयी है लिहाजा यह इस्तेहार जारी किया जाता है जिस किसी के नसबत दरख्वास्त के उजर हो या असालतन या पकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सी0डि0 स्सा मुकाम सहारनपुर बतारीख 26-04-24 मुकर्रर हाजिर होकर उज्ज अपना पेश करे दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्ज किसी का ना सुना जायेगा हाजिर हुकम मुनासिब निस्व दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा। अलमरकूम 8.4.24

आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडि सहारनपुर

न्यायालय सूचना

श्रीमान सिविल जज जूनियर डिविजन नगर सहारनपुर मूल वाद संख्या 498 सन 2022 चांद मिया उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र इरशाद नि.धोबीवाला हाल नि. खलासी लाईन सहारनपुर द्वारा मुख्तारेआम रवि कुमार पुत्र श्री सोमपाल सिंह निवासी रामगढ़ तहसील व जिला सहारनपुर.वादी.....(बनाम).. 1- विनय कुमार जैन पुत्र श्री हुकमचन्द जैन निवासी कबाडी बाजार कक्कडगंज सहारनपर। 2- खुर्शीद आलम पुत्र रफीक अहमद निवासी ग्राम मानकमऊ, गंगोह रोड सहारनपुर। 3- बिलाल पुत्र मी0 इकराम निवासी मकान नम्बर 11/975 निकट मस्जिद एक मिनारा आली आहनग्रान सहारनपुर। 4- धर्मवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम हबीबगढ़ मजरा दरा आली स्वाद बैरून सहारनपुर। 5- मौ0 साबिर शम्सी पुत्र अफजाल शम्सी निवासी गली नम्बर 7 मंसूर कालोनी सहारनपुर। 6- मौ0 इरफान पुत्र सबीर अहमद निवासी ग्राम दाबकी गुर्जर तहसील व जिला सहारनपुर। 7- श्रीमति शाहिनबे पत्नि श्री अहसासउल्हक निवासी म0नं0 11/778/4, मौ0 सराय अहमद अली खंड 2 सहारनपुर। 8- कु0 सुमय्या पुत्री श्री अमीर अहमद निवासी मौ0 टोपिया सराय नीमतला शहर सहारनपुर। 9 श्रीमति भूरी पत्नि अब्दुल रहमान निवासी गली नम्बर 8/4 कमेला कालोनी, इब्राहिमाबाद सहारनपुर। 10 सुभाष चन्द जैन पुत्र नेमचन्द जैन निवासी मौ0 भूतेश्वर नगर सहारनपुर। 211 यशपाल पुत्र देशराज निवासी मौ0 बडतला यादगार सहारनपुर।(प्रति0) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश् बाबत के दायर की है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या अधिवक्ता द्वारा 9/5/2024 को 10 बजे दिन मेरे न्यायालय में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा की करें और तमाम दस्तावेज़ और गवाह भी उसी दिन पेश करें यदि आप हाज़िर ना होंगें तो वाद बगैर हाज़री आपके समात ओर फैसला होगा।

आज्ञा से मुंसरिम

डेढ़ दर्जन बसपा कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष व पार्षद की प्रत्याशी सहित डेढ़ दर्जन बसपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। दर्शन

नगर क्षेत्र से पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को सांसद लल्लू सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी का ध्वज देकर व माल्यार्पणा कर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा मोदी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है। 4 जून 400 पार का नारा अब जनता स्वंय लगा रही है। विगत दो कार्यकाल में सरकार की योजनाओं तथा विकास को भारत के हर नागरिक ने महसूस किया है। भ्रष्ट्राचार पर कड़े प्रहार से विपक्षी दलों में बौखलाहट का माहौल है। जिससे वे जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी में आए सभी लोगों का पार्टी में स्वागत है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष पदों तक पहुंच सकता है। करोड़ो कार्यकताओं के दम आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी में शामिल बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष अमरजीत कोरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर हम सभी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।सदस्यता ग्रहण करने वालों में शर्मारानी कोरी, प्रेमनाथ कोरी, नेहा कोरी, गुलशन कोरी, आशीष कोरी, रीतिक कोरी, राम अंजोर ठेकेदार, राजू कोरी, राजेश कोरी, जगन्नाथ कोरी, विनीत कोरी, कर्मचन्द्र अनिल कुमार, पवन कुमार, उर्मिला, फुलमाती, नीलम, नीतू, काजल, किस्मता, अर्जुन रावत, अरूण रावत सहित अन्य लोग शामिल है।

आध्यात्मिक दृष्टि से बोधगम्य हुआ प्रकृति का चिकित्सा नियम विश्व होम्योपैथी दिवस 10 अप्रैल

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जर्मनी के मेसन्स शहर में वर्ष 1755 में 10 अप्रैल को मिट्टी के बर्तनों पर चित्रकारी करने वाले गॉटफ्राईट के गरीब परिवार में प्रातः एक बालक का जन्म हुआ , माता पिता ने उसका नाम हैनिमैन रखा। प्रारंभिक शिक्षा नगर के स्कूल में ही हुई किन्तु वहाँ के एक शिक्षक मुलर को बालक में अद्भुत प्रतिभा दिखाई देती रही और उन्होंने उसके पिता को आगे पढ़ाने के लिए राजी कर लिया। चिकित्सा की पढ़ाई के लिए वियना भेजते हुए गरीब पिता ने 20 मुद्राएं देते हुए कहा बेटा जीवन मे सब कुछ परख कर जो सर्वश्रेष्ठ हो वही स्वीकार करना ।पिता के शब्दों के भाव परिवार की स्थिति में कई भाषाओं के ज्ञानार्जन को अपनी पढ़ाई व जीविकोपार्जन का माध्यम बनाया। एमडी के बाद चिकित्सा के तरीके उन्हें संतुष्ट न कर सके तो पुनः डॉ हैनिमैन ने अंग्रेजी पुस्तको का जर्मन में अनुवाद शुरू कर दिया, और कलेन की पुस्तक में सिनकोना के बारे में पढ़कर कि वह बुखार

उत्पन्न करती है इसलिए ठीक कर सकती है, इस तथ्य पर पिता के वचन उनकी प्रेरणा बने और अध्यात्म उनकी दृष्टि। स्वयं पर छः वर्ष परीक्षण करने के बाद वह प्राकृतिक चिकित्सा नियम समं समे शमयति को विश्व के सामने एक सरल सहज समलक्षणी उपचार की पद्धति होम्योपैथी के रूप में प्रस्तुत किया।तमाम विरोधों प्रतिबन्धों के बाद भी अपनी प्रभाविता के कारण होम्योपैथी का विस्तार जर्मनी की सीमाओं के बाहर तक होने लगा और 1832 में महाराज रंजीत सिंह जी के चेहरे के पक्षाघात को होम्योपैथ डॉ हिंनगबर्गर द्वारा ठीक किये जाने के साथ हुआ। भारत अध्यात्म का पोषक राष्ट्र है अतः यहां होम्योपैथी के सिद्धांतों को दर्शन विज्ञान के साथ अध्यात्म की दृष्टि मिली, आयुर्वेद की सैद्धांतिक समानता के कारण यहां होम्योपैथी को फलने फूलने का पर्याप्त अवसर मिला,और डॉ हैनिमैन को होम्योपैथी के जनक के रूप में स्वीकार्यता के साथ ही उनके जन्मदिन को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाए जाने की शुरुआत भी भारत से ही हुई। इस वर्ष इसकी थीम है शोध एवं अनुसंधान । होम्योपैथी में औषधियों को आयुर्वेद के सदृश ही मर्दनम गुण वर्धनम के सिद्धांत पर शक्तिकृत किया जाता है जिससे निष्क्रिय एवं विषाक्त पदार्थों का भी औषधीय उपयोग हो सकता है। मानसिक लक्षणों को मनुष्य के भाव या उसके व्यक्तित्व के समकक्ष वरीयता देकर समग्र मनुष्य की चिकित्सा करने का सिद्धांत है अतः एक होम्योपैथ बेहद संवेदनशील हृदय भी होना चाहिए जो अपने रोगी की भाषा शरीर की भंगिमा और उन सबमे अव्यक्त भाव को पढ़ सके जिससे वह रोग के मूल कारण तक पहुँच सके और अपने रोगी में आई जीवनीशक्ति जिसे हम प्राण कहते हैं।

मंगल को मंदिरों में दीपोत्सव के साथ हुआ नवसंवत्सर का स्वागत

अयोध्या। चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा पर भारतीय नवसंवत्सर 2081 का स्वागत सेवा विभाग , सेवा भारती व नववर्ष चेतना समिति के संयोजन में महानगर के चिन्हित मंदिरों व घर घर में दीपोत्सव के साथ हुआ। महानगर सह सेवा प्रमुख डॉ उपेन्द्र मणि व सेवा भारती मंत्री डॉ प्रेमचन्द्र पांडेय के संयोजन में महानगर के 15 नगरों में बस्तीसह मंदिरों का चयन कर वहां दो कार्यकर्ताओ को मंगलवार की सायँ सुंदरकांड व दीपोत्सव की योजना की गई। ट्रांसपोर्टनगर सहित नगरों विजय शंकर, लालजी, लक्ष्मीकांत, संजय पांडे, राधेश्याम , अखिलेश पांडेय, सूर्या तिवारी, राजीव मणि, देवेश, श्यामधर दुबे, अवधेश मिश्रा,रोहित , संजय कपूर, राजीव कपूर, अरविंद, हरिओम,सुनील तिवारी, राजेश , जयेंद्र सिंह, दीपक, आदर्श सिंह,दिनेश, आदि के संयोजन में 40 मंदिरों में दीपोत्सव के साथ माताओं बहनों बच्चों युवाओं ने नवसंवत्सर का स्वागत किया।

समस्याओं के त्वरित निदान के लिए कंट्रोल रूम

बाराबंकी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम अमित कुमार ने बताया कि जनपद में संचालित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना में आने वाली पेयजल समस्याओं के त्वरित निदान के लिए खंड कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि पेयजल से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए अजय रंजन, सहायक अभियंता को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7007 904194 है। पेयजल से संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज कराई जा सकती है।

संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला ढाबा कर्मी युवक का शव

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के मसौली चौराहा स्थित एक ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी का शव बुधवार की सुबह फांसी के फंदे से लटका मिला। आत्महत्या को लेकर ढाबे के कर्मचारी व मां के अलग-अलग बयान घटना को संदिग्ध बना रहा है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मसूदामऊ निवासी स्व. बाबूलाल का 20 वर्षीय पुत्र राम सजीव मसौली चौराहा के महाराजा ढाबे पर काम करता था। मंगलवार को वह अपने साथी कर्मचारी के साथ ढाबे पर ही सो रहा था। उधर, बुधवार की सुबह ग्रामीण खेतों की ओर निकल रहे थे कि उन्हें ढाबे के समीप दहेजिया मोड़ के पास एक पेड़ से रस्सी के फांसी के फंदे से लटका एक शव देखा। सूचना फैलते ही आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उधर, घटनास्थल पर पैदल ही मसूदामऊ से बदहवाश होकर मां सीधे घटनास्थल पर पहुंच गई। बेटे के शव को देख वह बिलखने लगी। उसकी सूचना पर ढाबा मालिक व कर्मचारी के साथ मसौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बढ़ती भीड़ को देखकर प्रशासन ने 108 की 9 एम्बुलेंस को अयोध्या मेला परिसर में तैनात किया

अयोध्या। चैत्र नवरात्री और रामनवमी के अवसर पर प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर आयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को मध्यनज़र रखते हुए प्रशासन और स्वास्थ विभाग की तरफ से 09 एंबुलेसो की तैनाती अयोध्या धाम (श्री राम जन्मभूमि तीर्थ स्थल पर की गई है,बांकी जिले की सभी एम्बुलेसों को हॉटस्पॉट बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तैनात किया गया है। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के जिला प्रोग्राम मैनेजर दीपक अस्थाना ने बताया कि जिले में राम नवमी को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों,दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों व

थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है।हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

सांसद लल्लू सिंह ने आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर लगाई जनचौपाल

अयोध्या। रूदौली विधानसभा सांसद लल्लू सिंह ने आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर जनचौपाल लगाई। उन्होंने बाबा बाजार मंडल के सैदपुर, रेछ, बिहारा, अमौनी, कसारी, बघेड़ी, माँ कामाख्या दर्शन गणेशपुर, धंधवारा व नेवरा में चौपाल के माध्यम से जनता से संवाद किया।

जनचौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा विपक्षी पार्टियां छल प्रपंच व असभ्य भाषा का प्रयोग करने के साथ चुनाव मैदान है। भाजपा क्षेत्र में किये गये विकास कार्यो व बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिलने जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच में है। सरकार ने भ्रष्टाचार के साथ अपराध पर कड़ा प्रहार किया है। बिचौलियों की भूमिका ही समाप्त हो गयी। योजनाओं में मिलने वाला लाभ अब सीधा लाभार्थी को मिलता है। सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से गरीबों को लाभांवित करने का काम किया है। विकास कार्यो व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की लम्बी लिस्ट जनता के समक्ष प्रस्तुत है।उन्होंने कहा कि सरकार के विकास तथा योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभांवित हुआ है। सरकार किसानों के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है।चौपाल के दौरान स्थानीय ग्रामवासियों समते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

अयोध्या में 2,27,256 महिलाओं को मिली रसोई के धुएं से निजात

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। महिलाओं को रसोई के धुएं से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ÷स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन÷ के

नारे के साथ एक मई 2016 को महत्वपूर्ण उज्ज्वला योजना का शुभारंभ किया था। देश की 10 करोड़ महिलाओं की रसोई को धुएं से मुक्ति मिल चुकी है। वहीं अयोध्या में भी आधा आबादी को उज्ज्वला योजना पसंद आ रही है। गृहणियों को आंख में होने वाली परेशानियों से अब छुटकारा मिल गया है। जिन लोगों तक अबतक रसोई गैस की सुविधा नहीं पहुंची है, वहां भी सरकार निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अब तक अयोध्या जनपद में 2 लाख, 27 हजार, 256 लोगों को इसका लाभ मिला है। केन्द्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की इस योजना का सीधा लाभ गरीब महिलाओं को मिल रहा है। उज्ज्वला गैस के कनेक्शन बीपीएल व गरीब महिलाओं को दिए जा रहे हैं। होली व दीपावली पर फ्री रसोई गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। वैसे भी उज्ज्वला योजना का सिलिंडर कम कीमत में दिया जाता है। लोगों को मिल सकता है उज्ज्वला योजना का लाभ उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस सिलिंडर प्राप्त करने वाले आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक व महिला होना चाहिए। घर में पहले से अन्य कोई रसोई गैस कनेक्शन नही होना चाहिए। अनुसूचित जाति,जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग का हो। अन्त्योदय योजना का लाभार्थी हो। योजना का लाभ पाने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र ईकेवाईसी होना चाहिए, आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार के सभी व्यस्कों का आधार, बैंक पास बुक नम्बर व आईएफएससी नम्बर होना चाहिए।

बड़े भाई की हत्या में दो भाई सहित पिता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर- अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद में बड़े भाई की मौत के बाद मृतक की पत्नी की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने मृतक के पिता सहित दो भाइयों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए युवक के पिता सहित हत्यारोपी दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले की कुमारगंज थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव निवासी विजय कुमार, प्रदीप कुमार पुत्र राम शंकर और उसके छोटे भाई जगदीश मौर्य अरविंद मौर्य तथा पिता राम शंकर पुत्र भंगेली के बीच जमीन कब्जेदारी को लेकर विगत वर्ष से विवाद चल रहा था। मंगलवार को देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से लाठियां चल गई थी। इसी दौरान विजय कुमार मौर्य के सिर पर घातक चोट लग जाने के चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे इलाज हेतु संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया था, जहां हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में युवक विजय कुमार की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक विजय कुमार का शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। उधर मारपीट में अनीता पत्नी प्रदीप कुमार मौर्य, अंशु पुत्री विजय कुमार मौर्य सहित अन्य कई घायल हो गए थे।

शिया समुदाय ने मनाया ईद उल-फितर का त्यौहार

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रख्यात धर्म गुरु मौलाना सैफ अब्बास की ओर मंगलवार रात ईद के चांद की तस्दीक किए जाने और ईद के ऐलान के बाद बुधवार को यहां शिया समुदाय ईद - उल - फितर का त्यौहार मना रहा है। हालांकि सुन्नी समुदाय द्वारा ईद के चांद की तस्दीक न किए जाने से आज तीसवें रोजे के बाद गुरुवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। ईद के पर्व के दो हिस्सों में बंट जाने से पर्व की रौनक पर भी असर दिखाई दे रहा है। जामा मस्जिद इमामबाड़ा जवाहर अली खां के पेश नवाज मौलाना सैयद अहमद अली आब्दी द्वारा भी ईद का ऐलान किया गया जिसके चलते बुधवार को जिले में भी शिया समय द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा करते हुए मुल्क में अमन-चैन की दुआ की गई। नगर की शिया जामा मस्जिद में मौलाना सैयद अहमद अली आब्दी ने ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ाई। अपने बयान में उन्होंने कहा कि ईरान के आगा - ए- सीसतानी के कार्यालय की ओर से चांद की तस्दीक किए जाने के बाद ईद का ऐलान किया गया।उन्होंने कहा कि ईद अल्लाह का रोजेदारों को तोहफा है। मस्जिद चौक वक्फ हसन रजा में वसीका अरबी कालेज के प्रिसिंपल मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने मुल्क में अमन के लिए दुआएँ कराई। शाही मस्जिद गुलाबबाड़ी में मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने अपने बयान में कहा अपने औकाफों के लिए कौम को जागना होगा। इसके अलावा मस्जिद बज़्मे सलात में मौलाना सैयद खुशनूद और मोती मस्जिद में मौलाना मोहम्मद फरजान ने नमाज पढ़ाई।

डीएम एसपी ने पीस कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पीरबटावन में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा ईद-उल-फितर पर्व के

दृष्टिगत कस्बे में पड़ने वाली मस्जिदों एवं ईदगाहों का भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मुस्लिम धर्मगुरुओं, ईदगाह कमेटी के सदस्यों, संभ्रांत व्यक्तियों एवं आमजन के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ईद त्योहार को सामाजिक एवं धार्मिक एकता के साथ शान्ति पूर्वक मनाने एवं ईद की नमाज को ईदगाह एवं मस्जिदों में ही पढ़ने की अपील की गई तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली पोस्ट न करने की भी अपील की गई। पीस कमेटी बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने 60 साल तक देश को लूटा, मोदी ने बढ़ाई दुनिया में भारत की साख- राजरानी

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जिले में चुनावी सरगर्मियां बढ़ने लगी है। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर भाजपा की नामित प्रत्याशी राजरानी रावत समर्थकों से अपने लिए आशीर्वाद मांग रही हैं। बुधवार को कुर्सी विधानसभा के निंदूरा के मल्लावां एवम फतेहपुर कस्बा के एक निजी मैरिज लॉन में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमे भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। भाजपा की नामित प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 60 साल तक देश को लूटा है जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार ने विगत दस वर्षो में दुनिया में भारत की साख को नई ऊंचाइयां दी है। देश को लूटने वाले से मोदी पाई पाई का हिसाब ले रहे हैं। कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विकसित भारत बनने की मजबूत नींव का निर्माण करेगा।मोदी ने अपनी कार्यशैली से देश वासियों के सम्मान एवम स्वाभिमान की रक्षा की है। कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक विरासतों पर गर्व कर रहा है। लोकसभा चुनाव में सभी से अपने लिए

आशीर्वाद मांगा। खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अयोध्या में गगनचुंबी मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करके नरेंद्र मोदी ने सनातन धर्म का गौरव बढ़ाया। कहा कि योगी की सरकार में बहन बेटियों को छेड़ने वालों को जहन्नुम में भेजने का काम कर रही है। दंगाइयों को योगी सरकार का बुलडोजर जमीदोंज कर रहा है। कहा नरेंद्र मोदी के पहले दो कार्यकाल तो सिर्फ ट्रेलर थे, मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश पूरी पिक्चर देखेगा। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि 2017 से प्रदेश में चल रही योगी सरकार ने गुंडाराज माफिया राज को खत्म करके प्रदेश में कानून राज स्थापित किया। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

एनडीपीएस एक्ट में एक को 7 माह का कठोर कारावास

बाराबंकी। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 07 माह कठोर कारावास व 2,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। थाना रामसनेहीघाट पर मादक पदार्थ तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मैकू पुत्र राममनोहर निवासी दाऊ का पुरवा थाना रामसनेहीघाट को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 7 माह का कठोर कारावास व 2,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा।

लोकतंत्र की सफलता के लिए चुनाव में भागीदारी आवश्यक जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में थर्ड जेंडर और बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के साथ वार्ता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव सबकी भागीदारी से ही सही मायनों में पूरा होता है और चूंकि आपलोग भी समाज व लोकतंत्र की प्रमुख हितधारक हैं, इसलिए आपका चुनाव में मतदान करना लोकतंत्र की सफलता के लिए बेहद अहम है। आप सभी लोग 01 जून को निर्धारित चुनाव में अपना वोट अवश्य दें और अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने ट्रांस जेंडर समुदाय के सदस्यों से उनकी समस्याओं को बताने का आग्रह भी किया, ताकि प्रशासन के स्तर से उनका प्रभावी निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान में सकारात्मक परिवर्तन करना है।

साथ ही मतदाताओं को अगर कोई समस्या है तो उसका समाधान करना भी है। कहा कि अगर किसी ट्रांसजेंडर मतदाता का वोटर कार्ड नहीं बना है, तो यहां नोट करा दें, साथ ही अपने अन्य साथी जिनका वोटर कार्ड नहीं है उनका भी नाम नोट करा दें। प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर वोटर कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अगले 10 दिनों में ट्रांसजेंडर सहित वंचित वर्ग के छूटे हुए मतदाताओं के वोटर कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। डीआईओएस अमरनाथ झा ने कहा कि हमारा जनपद पिछली बार मतदान में प्रदेश के औसत के बराबर था, लेकिन इस बार हमे राष्ट्रीय औसत को पर करने का लक्ष्य निर्धारित कर ज्यादा से ज्यादा मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करना है कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि इस चुनाव में मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। इस कार्यक्रम में आपके सम्मान के माध्यम से प्रशासन यह संदेश देना चाहता है कि आपका समाज और लोकतंत्र में सम्मानित स्थान है। आपलोगों से अनुरोध है कि न सिर्फ आप अपना मत दीजिये बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कीजिये। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के संदर्भ में आज ट्रांसजेंडर समुदाय को आमंत्रित किया गया था और उनको सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा शत-प्रतिशत वोटिंग को सुनिश्चित करना है। हमारे जनपद में कुल 92 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं और हमारा प्रयास है कि सभी लोग अपना वोट जरूर करें।

विद्यार्थी को क्लास कुदाया तो महंगा पड़ेगा

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को एक कक्षा से अगली कक्षा में कूदना महंगा पड़ सकता है। ऐसा करने पर तुरंत पकड़ लिया जाएगा। इसके लिए कक्षा एक से 12 वीं तक के विद्यार्थियों का पर्सनल एजुकेशन नंबर (पेन) नंबर बनाया जाएगा। इसे यूडायस पर अपलोड किया जाएगा। इसी नंबर से विद्यार्थी की पहचान हो सकेगी। विद्यालयों में बच्चों, शिक्षकों व विद्यालयों के संसाधनों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पहले सभी विद्यालयों का यूडायस शुरू कराया गया। अब इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का पर्सनल एजुकेशन नंबर (पेन) नंबर बनाया जाएगा। पेन के बिना विद्यार्थियों की गणना किसी भी प्रकार के शैक्षणिक रिकार्ड में स्वीकार नहीं किया जाएगा। शैक्षिक सरकारी रिकार्ड में नहीं होने से स्थानांतरण प्रमाण पत्र टीसी भी नहीं मिल सकेगा। छात्रवृत्ति व अन्य योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह जाएंगे। यूडायस पोर्टल प्लेस पर पेन अपडेट किया जाएगा। इसमें एक विद्यार्थी की 53 प्रकार की सभी सूचनाएं दर्ज की जाएंगी। पेन के आ जाने से फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र पर अंकुश लग सकेगा। अब ऐसा नहीं हो सकेगा कि एक कक्षा में विद्यार्थी पढ़ रहा है तो एक कक्षा छोड़कर उसके आगे की कक्षा में प्रवेश ले पाएगा। उसे अगली कक्षा में ही प्रवेश मिलेगा। वह पिछली कक्षा में भी नहीं जा सकेगा। एक ही समय में एक विद्यार्थी दो विद्यालयों में भी नहीं पढ़ सकेंगे। दो विद्यालयों में भी पेन नंबर से विद्यार्थी का पूरा डिटेल पता चल जाएगा। पहले अक्सर यह देखा जाता था कि बच्चों को एक या दो क्लास कूदा दिया जाता था। एक विद्यार्थी का दो- दो विद्यालयों में नामांकन है। लेकिन पेन के आ जाने से इसपर रोक लग जाएगा।

दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा

पौली अवधनामा संवाददाता। पौली ब्लॉक क्षेत्र के बघौडा स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर परिसर से घोड़ा व गाजा बाजा के साथ नौ दिवसीय श्री राम महायज्ञ व मानस प्रवचन के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से बघौडा से चकिया, छपरामगर्बी, सकुरचक, खलीलपुर, नारायनपुर होते सरयू नदी के पावन तट नारायनपुर घाट पहुँची। जहाँ यज्ञाचार्य राजकुमार चतुर्वेदी व मुख्य यजमान महेंद्र यादव ने वैदिक मंत्र कर द्वारा पूजा अर्चन कर कलश भरा। साथ ही साथ कन्याओं ने सर पर कलश रखकर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुँची। जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना भी किया गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक अमरनाथ रामायणी द्वारा शाम बजे से अमृतमयी राम कथा का रसपान कराया जाएगा। अप्रैल को मूर्ति का क्षेत्र मे भ्रमण कराकर अप्रेल को स्थापित कराया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राममिलन यादव, रमेश यादव, रबिंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, गीरजेश सिंह, रामनवल, शम्भू, जितेंद्र कुमार, श्री राम प्रजापति, सहित क्षेत्र एवं गांव की सम्मानित जनता मौजूद रही।

पूर्व विधायक व राजेश सिंह ने थामा सपा का दामन

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। आखिरकार लंबे समय से दो नेताओं के पाला बदले जाने की चर्चा अंततः सच साबित हो गई, जहां जलालपुर विधानसभा के दो बड़े दिग्गज नेता साइकिल पर सवार हो गए। बीते कुछ दिनों से इन दोनों नेताओं द्वारा भाजपा को छोड़े जानें की चर्चा चल रही थी। बुधवार को भाजपा नेता व पूर्व विधायक सुभाष राय व बसपा नेता राजेश सिंह लखनऊ पहुंचकर पार्टी कार्यालय में सपा का दामन थम लिए। बताते चले की बसपा नेता डॉक्टर राजेश सिंह दो बार विधानसभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन इनको हार का सामना करना पड़ा था तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी को बाय-बाय करते हुए बसपा का दामन थामा और बसपा से चुनाव लड़े वहां भी इनको हार का सामना करना पड़ा। अब यह अपने भविष्य को उज्जवल करने के उद्देश्य से बसपा को भी बाय-बाय कहते समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। वहीं सपा से विधायक रह चुके सुभाष राय बीजेपी का दामन सपा से टिकट न मिलने पर थाम लिए थे जो बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन इन्हें भी पराजित होना पड़ा।

लोकसभा चुनाव व ईद को देखते हुए फ्लैगमार्च

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। ईद त्यौहार व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को मालीपुर थाना अध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक संपन्न कराये जाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एवं स्टॉफ द्वारा सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मालीपुर, सुरूहुरपुर धमरूवा खजूरी आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस कर्मियों ने सड़क किनारे लगी दुकानों व भीड़भाड़ का जायजा लिया। साथ ही पुलिस की सक्रियता का परिचय देते हुए शांति-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश लोगों को दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सबसे मिल-जुलकर त्योहारों की खुशियां मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस अराजकता फैलाने वालों के ऊपर निगाह रखे हुए हैं। फ्लैग मार्च के दौरान अफवाहों से दूर रहने की नसीहत दी गयी. आह्वान किया गया कि संदिग्ध मामला संज्ञान में आने की सूचना तुरंत पुलिस को दें. उप्रदवियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

तहसील स्तर पर फायर बिग्रेड की गाड़ियों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर सौपा ज्ञापन

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की कटाई के समय विभिन्न कारणों से लगने वाली आग पर तत्काल काबू पाने के लिए तहसील स्तर पर फायर बिग्रेड की गाड़ियों को उपलब्ध कराए जाने के लिए समाजवादी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर पाठक शान ने जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन अपर जिला अधिकारी सिद्धार्थनगर को सौपा ज्ञापन। उन्होंने ने बताया कि वर्तमान समय में किसानों की गेंहू व अन्य फसलों की कटाई प्रारम्भ होने वाली है चूंकि गत वर्षों में खेतों में खड़ी फसल भीषण गर्मी व अन्य कारणों से आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हुई है। जिसमें किसानों की फसल के साथ-साथ पशुओं की भी हानि हुई है चूंकि फायर स्टेशन का मुख्यालय ग्रामीण क्षेत्र से काफी दूर स्थित होने कारण खेतों में आग लगने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटना स्थल तक पहुंचने में काफी समय लेती है जिस कारण किसानों का नुकसान बड़े पैमाने पर हो जाता है। इस समस्या के उचित समाधान हेतु शोहरतगढ़ विधान सभा मे फायर स्टेशन बनाने की मांग की है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आग लगने पर तत्काल घटना स्थल पर जा सके। किसानो की फसलों मे आग लग जाने से जो नुकसान हुआ है उसका उचित मुअवाज़ा दिलाने की मांग की है। इस दौरान अनुज चौधरी प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ, राधेश्याम यादव, राम चंद शुक्ला आदि लोग रहे।

बीस हजार का इनामिया आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक सिंह मय टीम द्वारा बुधवार को उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वांछित बीस हजार का इनामिया एक नफर अभियुक्त राजकुमार पुत्र गरीब निवासी तौलियहवा टोला कचरियहवा उर्फ बाला नगर थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह उ0नि0 चन्द्र प्रताप सिंह हे0का0 हेमराज का0 प्रवल कुमार आदि मौजूद रहे।

नवरात्रि में श्रीमद् देवीभागवत सुनने से प्राप्त होता है मनोवांछित फल : पं. इंद्रमणि त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। जो फल युगों-युगों के तपस्या, ध्यान, समाधि व यज्ञों से अलभ्य (नही प्राप्त होता) है, वह नवरात्रि के समय श्रीमद् देवीभागवत महापुराण के श्रवण करने से अनायास ही प्राप्त हो जाता है। यह बातें पं.इंद्रमणि त्रिपाठी ने भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सेमरा बनकसिया में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा के प्रथम दिवस मंगलवार को बताया।

पं.इंद्रमणि त्रिपाठी ने श्रीमद देवीभागवत महापुराण कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि वर्ष में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से श्रीराम नौवमी तक वर्सतिय नवरात्रि,अषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नौवमी,तक गंगा नवरात्रि,अश्वनी शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से (क्वार)नौवमी तक शारदीय नवरात्रि तथा माघ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नौवमी तक, साकंभरी नवरात्रि सहित कुल चार नवरात्रि का वर्णन श्रीमद् देवीभागवत महापुराण के महात्म के प्रथम अध्याय वर्णित है। कथा को आगे बढ़ाते हुए पं.त्रिपाठी ने कहा कि जब संसार में कुछ भी नहीं था,तब भी आदिशक्ति परांबा की सत्ता थी, जब सब कुछ है, तब और जब सब

भनवापुर ब्लॉक के सेमरा बनकसिया में पहले दिन देवी भागवत के महत्व को बताया

नहीं रहेगा तब भी जगत जननी जगदम्बा का सत्ता रहेगा। मां दुर्गा, आदि, मध्य व अंत सी हीन अनंत हैं, जो परा पश्यंति बैखरी, (रजो,तमों,व सतो गुण) से युक्त होकर श्रृष्टि का श्रृजन, पालन व संहार करती है। इस दौरान आयोजक राजेश कुमार शुक्ल, कृष्ण चंद्र शास्त्री, चंद्र मणि शास्त्री, राजकुमार मिश्रा, पं.कमल शास्त्री, संजय शुक्ला, आलोक, वैभव, आकाश, विपिन आदि उपस्थित रहे।

बर्थ डे पार्टी के दिन खुनस खाए युवक ने घर पर चढ़कर मारा

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा, बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के पिपरपाती मुस्तहकम गांव में एक सप्ताह पूर्व रात में बर्थ डे पार्टी कार्यक्रम में गांव के एक युवक द्वारा गाली देने पर हुए विवाद को बढता देख पडोसियों द्वारा शांत कराने के तीन दिन बाद खुनस खाए युवक ने अन्य लोगों के साथ पीडित के घर पर चढ कर लाठी डंडे से मारने पीटने से पीडित युवक का हाथ फैक्चर होने के बाद भी थानाध्यक्ष लालगंज द्वारा मुकदमा पंजीकृत न करने पर पुलिस अधिक्षक से न्याय की गुहार लगायी। पिपरपाती मुस्तहकम गांव निवासनी लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि तीन अप्रैल को मेरे घर बर्थडे पार्टी था। रात में परिवार डीजे पर नाच रहे थे। गांव के शिवम पुत्र धर्मदेव बिना निमंत्रण के मेरे घर पहुंचे और भद्दी-भद्दी गाली देने लगे। मना करने पर जब नहीं माने तो उनकी माता को बुलाया और समझा बुझा कर घर ले गए। इस बात पर

पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

खुन्नस खाए युवक ने अप्रैल को चार लोगो के साथ घर पर आए और हमे और हमारे पति अरविंद को हमारे पीटे। जिसमें हाथ फैक्चर हो गया और गंभीर चोट भी आई। न्याय के लिए पुलिस चौकी कुदरहा और लालगंज थाने पर प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ। इस संबंध चौकी इंचार्ज सुदीप यादव ने बताया कि घटना की जानकारी हमें नहीं है। जिस तिथि में घटना हुई है उसे समय हम अवकाश पर थे।

इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा डॉ. सैमुअल हैनीमन का नाम

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। पूर्वांचल के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा ने कहा कि होमियोपैथिक चिकित्सा विधा के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमन का नाम इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा। उन्होंने वर्षो के कठिन परिश्रम व सतत् अनुसंधान से समानता के सिद्धांत पर आधारित होमियोपैथी रूपी चिकित्सा पद्धति का आविष्कार कर पूरे विश्व को एक अमोद्य अस्त्र प्रदान किया है। इसके द्वारा असाध्य रोगों का इलाज भी सरलतापूर्वक किया जा सकता है। उनके इस कृत्य के लिए संपूर्ण मानव सदैव ऋणी रहेगा। डॉक्टर भास्कर शर्मा शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेन्टर इटवा बाजार सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश में आयोजित डॉ. हैनिमन जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉक्टर हनीमैन जन्म दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर

खुद को ऊर्जावान महसूस करते हुए डा. सैमुअल हैनिमन के राह चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट संतोष कुमार मौर्य महेश कुमार संजय त्रिपाठी शीतल शर्मा कृष्ण लाल यादव मुकेश प्रजापति कन्हैया लाल वर्मा राजमणि निषाद शिल्पा शर्मा आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

पूर्व राज्यमंत्री राजू श्रीवास्तव ने थामा भाजपा का दामन, जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। पूर्व राज्य मंत्री राजू श्रीवास्तव, सपा नेता अशोक त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी भारत भारी विजय पांडेय ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने फूल माला पहनाकर सभी का स्वागत अभिनंदन किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा पार्टी की उत्कृष्ट नीतियों व राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर आज विभिन्न दलों से लगातार जिस प्रकार लोग आकर हमारी पार्टी में शामिल हो रहे हैं हमसे जुड़ रहे हैं निश्चित ही या मोदी की गारंटी का परिणाम है। इनके आने से निश्चित ही पार्टी को मजबूती मिलेगी। पूर्व मंत्री राजू श्रीवास्तव ने कहा मेरे

विचार कभी भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से अलग नहीं थे और जिस पार्टी का विचार है राष्ट्र को समर्पित हो ऐसी पार्टी में जुड़ना मेरा परम सौभाग्य है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी, क्षेत्र अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, विधानसभा संयोजक हेमंत जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिलामहामंत्री विपिन सिंह, मंत्री फतेबहादुर सिंह,भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री भाजयुमो अखिल त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा फूलचंद जयसवाल, विस्तारक शैलेश द्विवेदी, मंगल चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रधान के मौजूदगी में लेखपाल ने जमा करवाया कागजात

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। आग से खाक हुई फसल की क्षतिपूर्ति के लिए किसानों को आनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके बाद एक प्रोफार्मा भरकर संबंधित राजस्व लेखपाल के जमा करना होगा। जिससे नुकसान हुए फसल का सही आकलन कर मुआवजा मिल सकेगा। बुधवार को डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया में आनलाइन आवेदन करने वाले किसानों का कागजात प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के मौजूदगी में लेखपाल राष्ट्रदीप ने जमा करवाया। बीते रविवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बहेरिया गांव के किसानों का करीब 150 बीघा गहूं की खड़ी फसल जल कर खाक हो गई थी। उपजिलाधिकारी डा0 संजीव दीक्षित व तहसीलदार डा0 संतराज सिंह बघेल ने राजस्व कर्मियों को नुकसान का आंकलनकर रिपोर्ट मागा था। मुआवजे के लिए किसानों को आनलाइन आवेदन करना होगा जिसके बाद खतौनी व एक प्रोफार्मा भरकर संबंधित लेखपाल के पास जमा करना है।

आर वी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कबरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के करही चौराहे से करही- गौरागढ मार्ग के बगल स्थित आर वी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नन्हें- मुन्नों द्वारा किए गए रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करने हेतु प्रत्येक क्लास में प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त छात्र व छात्राओं को पुरस्कृत कर रिपोर्ट कार्ड वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम उपरोक्त का शुभारंभ हुआ?। कार्यक्रम का संचालन टीचर श्रद्धा मिश्रा व शशीकांत उपाध्याय द्वारा किया गया। शाम छै बजे से प्रारंभ कार्यक्रम देर रात नौ बजे तक चलता रहा। अपने

संबोधन में मुख्य अतिथि ने नन्हें बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों को अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को निखारने का जो प्लेटफार्म मिलता है निश्चय ही इससे बच्चों के आगे के जीवन में सकारात्मक बदलाव की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। कार्यक्रम के समाप्ति से पूर्व नर्सरी से कक्षा पांच तक टाप थ्री के बच्चों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत कर रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक राजेश कुमार ने कहा कि जो बच्चे पुरस्कार से वंचित रह गए हैं वह निराश न हो, पढाई में और अधिक परिश्रम कर वह भी पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। नर्सरी की परी उपाध्याय को प्रथम, नन्दिनी चौहान को द्वितीय तथा सोनाक्षी को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्रदान किया गया। एलकेजी की आर्या भारती को प्रथम, निखिल को द्वितीय तथा विराज को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। यूकेे जी क्लास के अंकिता चौरसिया को प्रथम, सतीश को द्वितीय तथा सत्यम को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। पहली कक्षा के प्रीति को प्रथम, अंशी को द्वितीय तथा विनायक को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड लोटन कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अरुण कुमार श्रीवास्तव खण्ड विकास अधिकारी लोटन सहित लेखाकार, अभिषेक कुमार गुप्ता वरिष्ठ सहायक एडीओ पंचायत आदि उपस्थित पाये गये।

ब्लाक परिसर में साफ सफाई एवम कार्यालय के सभी पटल पर अभिलेखों का रखरखाव एवम पत्रावली का अवलोकन किया गया। स्थापना पटल पर सुशीला ग्राम पंचायत अधिकारी एवम यूनुस अंसारी एडीओ सहकारिता के सर्विस बुक व जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया गया। जीपीएफ पासबुक अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। लेखा पटल पर क्षेत्र पंचायत द्वारा

राज्य वित्त केंद्रीय वित्त से कराए गए कार्यो की पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में श्रमिक के मस्टररोल पर कार्य प्रभारी के नाम पदनाम सहित मुहर लगाने तथा मस्टर रोल के भुगतान की ऑनलाइन रिपोर्ट रखने के निर्देश दिया गया। मनेरगा सेल में एपीओ एवम लेखा सहायक के उपस्थित न होने के कारण अभिलेखों का सत्यापन नहीं किया जा सका। निर्माण कार्य की पत्रावली एवम अन्य अभिलेख ग्राम पंचायतवार रैक में रखा गया था। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निर्धारित 8.4.9 के मानक एवम चेक लिस्ट के अनुसार पत्रावली में अभिलेख संरक्षित किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी से मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं के उपलब्धता हेतु बूथ वार समीक्षा करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण के पाई गई कमियों को ठीक करने के निर्देश दिया गया।

विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ अनुपस्थित मिले शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक विद्यालय खखरा बुजुर्ग ग्राम पंचायत बरडाड बरगदी, विकास खण्ड लोटन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय छात्र छात्राओं की उपस्थिति कम थी 88 नामांकन के सापेक्ष मात्र 11 बच्चे उपस्थित थे। 2 सहायक अध्यापक उपस्थित नियुक्त है, लेकिन निरीक्षण के समय कोई उपस्थित नहीं पाया गया मात्र 01 शिक्षामित्र उपस्थित थे। जिनके द्वारा बताया गया कि एक सहायक अध्यापक अवकाश पर तथा एक अध्यापक स्कूल के कार्य से बैंक गए है। विद्यालय में साफ-सफाई सन्तोषजनक पायी गयी। बताया गया कि एम.डी.एम. मीनू के अनुसार भोजन बनाया गया था। बच्चों के शैक्षिणक स्तर एवं निपुण सम्बन्धित बिन्दुओं का परीक्षण किया गया। विद्यालय में कायाकल्प योजना में कार्य कराया गया। विद्यालय में मतदान केन्द्र निर्मित है, जिसमें रैम्प, विद्युत कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध है शिक्षामित्र द्वारा बताया गया कि वर्तमान में हैंडपम्प नल खराब है, जिसे तत्काल ठीक करने के लिए संबन्धित को निर्देशित किया गया।

डीएम ने अपनी निगरानी में कराई क्राप कटिंग

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत धेंसा नानकार के विभिन्न गाटों का क्राप कटिंग अपनी निगरानी में कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा गाटा संख्या 154 अष्टभुजा पुत्र परमेश्वर के खेत में 43.3 वर्ग मीटर त्रिभुजाकार प्लाट बनाकर क्राप कटिंग कराया गया, जिसमें 11.600 किग्रा0 उत्पादन प्राप्त हुआ। इसके पश्चात गाटा संख्या 159 परमात्मा पुत्र जयराम के खेत में 43.3 वर्ग मीटर त्रिभुजाकार प्लाट बनाकर क्राप कटिंग कराया गया, जिसमें 18.100 किग्रा0 उत्पादन प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने किसान से उर्वरक, बीज, कीटनाशकों के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकणे तैयार किये जाते हैं इसके साथ ही साथ फसल बीमा योजना एवं कृषि उत्पादन से संबन्धित योजनाओं के डाटाबेस तैयार किये जाते हैं।

टांडा की लोकप्रिय चेयरमैन शबाना नाज़ ने ईदगाह का किया निरीक्षण

मित्रतुल्लाह/दानिश मेंहदी

टाण्डा अम्बेडकरनगर। नगर पालिका परिषद टाण्डा की पालिकाध्यक्ष शबाना नाज ने टाण्डा व मुबारकपुर ईदगाह पर पहुँचकर ईद की नमाज की तैयारियों के बारे में ईदगाह कमेटी के लोगो से मुलाकात कर जानकारी हासिल किया और नगर पालिका टाण्डा की तरफ से हर तरह का सहयोग करने की बात कही साथ ही उन्होंने इस भीषण गर्मी में नमाज़ियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे ईदगाह पर टेण्ट लगाने की भी बात कही साथ ही पालिका अध्यक्ष शबाना नाज ने नगर वासियो को सफाई व पानी से सम्बन्धित कोई भी समस्या न हो इसके लिए कर्मचारियों को हर समय तैयार रहने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने सभी नगर वासियो को ईद की मुबारकबाद देते हुए सभी को आपसी मोहब्बत व भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाने की बात कही जिससे अपने शहर व देश मे आपसी भाईचारा और गंगा जमुनी तहजीब बनी रहे।

इस मौके पर मोहम्मद नदीम पोली, नगर पालिका के राकेश कुमार गौरव, हरिश्चन्द्र पाठक, सफाई नायक परवेज़ अहमद, मंशा राम, मो अहमद, ईदगाह मुबारकपुर कमेटी के मो रमजान व ईदगाह टाण्डा के मौलाना इम्तियाज़ आदि मौजूद रहे।

सहायतार्थ शिक्षक समिति ने दी परिवार को सांत्वना

जलालपुर अम्बेडकरनगर। जलालपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय सैदपुर उमरन में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत रहे स्व. राकेश कुमार यादव के आवास पहुंच कर शिक्षक सहायतार्थ समिति ने अहेतुक धनराशि सौंपते हुए उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। विगत दिनों पहली अप्रैल को विद्यालय से छुट्टी होने के बाद घर वापस जाते समय सड़क दुर्घटना में शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई थी।सड़क हादसे में शिक्षक की मौत होने से शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी थी। पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने वाले शिक्षकों के संग खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह व सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केपी सिंह भी मौजूद रहे। अकबरपुर तहसील अंतर्गत सिकरोहर निवासी रहे राकेश कुमार यादव के परिजनों को शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने आवास सिकरोहर पहुंच कर अहेतुक धनराशि 461600 रूपए सौंपते हुए सांत्वना दी। अहेतुक धनराशि में 23500 रुपए विद्यालय स्टाफ के लोगों द्वारा शामिल है।

कांग्रेस घोषणापत्र का सच

कांग्रेस ने 48 पन्नों के 'न्याय-पत्र' में जो 344 चुनावी वायदे किए हैं, वे सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों के विरोध-पत्र हैं। एक बानगी ही पर्याप्त है कि कांग्रेस सरकार आई, तो वह 'नीति आयोग' का नाम पलट कर 'योजना आयोग' कर देगी। कांग्रेस की सोच में कुछ भी मौलिकता और नयापन नहीं है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों की 'पुरानी पेंशन स्कीम' (ओपीएस) ने हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी ओपीएस कांग्रेस का बुनियादी चुनावी मुद्दा था, लेकिन 'न्याय पत्र, 2024' में वह गायब है। धनशोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) को ही रद्द करने का विचार कांग्रेस में उभरा था। शायद आज की कांग्रेस को जानकारी नहीं है कि 2009 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान ही पीएमएलए में 'आपराधिक साजिश' की धारा 120-बी को जोड़ा गया था, लिहाजा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) साजिश के किसी भी मामले में दखल देने में सक्षम हो गया। यह दीगर है कि 2015 और 2019 में मोदी सरकार ने पीएमएलए को अधिक व्यापक और कठोर कानून बना दिया। आजकल ज्यादातर विपक्षी नेता ईडी के छापों और कानूनी कार्रवाई से संत्रस्त हैं, लिहाजा कांग्रेस पीएमएलए में संशोधन करेगी, ताकि ईडी के दुरुपयोग को रोका जा सके। आखिर कांग्रेस ने बहुसंख्यकवाद, यानी हिंदुओं, के खिलाफ और अल्पसंख्यकों के लिए प्रतिबद्धता की घोषणा क्यों की है? क्या यही कांग्रेस की राजनीतिक और सांप्रदायिक मंशा है? कांग्रेस ने 10 'न्याय' और 25 गारंटियों की घोषणा की है। उन्हें आप अखबारों में पढ़ चुके होंगे!

दरअसल कांग्रेस मान रही है कि देश लगातार 'अन्याय' के साथ जीता रहा है। कांग्रेस की सरकार केंद्र में आई, तो सभी प्रमुख 'न्याय' लोगों को मुहैया कराए जाएंगे। दरअसल कांग्रेस ने देश पर 55 साल से अधिक समय तक शासन किया है। अब कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में कुछ वायदे किए हैं, जिनके जरिए वह कई स्तरों पर 'न्याय' कर सकती है। कांग्रेस का सरोकार यह है कि मोदी सरकार की योजनाओं की या तो जांच कराई जाएगी अथवा उन्हें बंद कर दिया जाएगा। गौरतलब यह है कि जो नेता कांग्रेस या विपक्ष के अन्य दल को छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं, उनके खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की जांच दोबारा शुरू कराई जाएगी। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि देश में 'एक चुनाव' की व्यवस्था कभी लागू नहीं की जाएगी। 'नागरिकता संशोधन कानून' (सीएए) समेत कुछ और विवादित कानूनों को भी रद्द किया जाएगा। मोदी सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी, साक्ष्य कानूनों के स्थान पर जो नई 'भारतीय न्याय संहिता' लागू की है, उसे भी रद्द किया जाएगा। कांग्रेस जीएसटी परिषद का पुनर्गठन भी 'न्याय' मानती है, जबकि यह कानून संसद से ही पारित हुआ था। कांग्रेस मोदी सरकार की संघवादी शिक्षा नीति की भी समीक्षा करेगी। दलबदल निरोधक कानून और किसानों के लिए 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) दो विरोधाभासी न्याय साबित हो सकते हैं।

आजाद भारत में सबसे अधिक दलबदल 1967-71 के दौरान किए गए, जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। सबसे अधिक सरकारें भी उसी कालखंड में गिराई गईं। अब कांग्रेस का वायदा है कि विधानसभा या संसद में जैसे ही कोई प्रतिनिधि दलबदल करता है, वह स्वतः ही 'अयोग्य' हो जाना चाहिए। लिहाजा 10वीं अनुसूची में संशोधन किया जाएगा। कांग्रेस ने 'न्याय' के तहत किसानों की फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी और कर्जमाफी की घोषणा की है। डॉ. स्वामीनाथन आयोग ने अपनी सभी रपटें 2006 में ही भारत सरकार को सौंप दी थी। तब कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार केंद्र में थी। मई, 2014 तक एमएसपी पर एक भी कदम नहीं उठाया गया। यदि कांग्रेस के 'न्याय' पर ही भरोसा करें, तो यकीन कौन दिलाएगा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू कर ही दी जाएगी?

चरण स्पर्श और आशीर्वाद से उम्र लंबाती है, सेहत सुधरती है!

के. विक्रम राव

एक सुखद अन्वेषण है जर्मनी और हालैंड के शोधकर्ताओं का कि आशीर्वाद देने से अवसाद, चिंता, दर्द आदि कम हो जाते हैं। बुजुर्गों द्वारा सर पर हथेली रखने से शिशुओं का वजन भी बढ़ता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रपट के अनुसार आशीर्वाद मिलने से आत्मविश्वास दूना हो जाता है। भारत के ऑल-इंडिया इंस्टीट्यूट के बालरोग निष्णेताओं के अनुसार आधुनिक पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति में स्पर्श-उपचार उपेक्षित रहा है, जबकि आशीर्वाद और चरणस्पर्श प्राचीन भारतीय प्रथा रही हैं। तरुणों ने चरण छूए कि वयोवृद्धों का आशीष मिलने और दुआ पाने से ही शुभ होता है। आयु दीर्घ होती है।

तीन वर्ष बीते, इसी परिवेश में उस दिसंबर की अखबारी मुख्यपृष्ठों पर छपी (1 दिसंबर 2021) की फोटो याद आई। नवनियुक्त नौसेना अध्यक्ष, 59–वर्षीय एडमिरल राधाकृष्णन हरिकुमार नायर द्वारा सार्वजनिक समारोह में अपनी वृद्धा मां विजयलक्ष्मी के चरण स्पर्श करते हुए चित्र छपा था। एकदा प्रधानमंत्री अटल जी कलकत्ता की एक सरकारी यात्रा के दौरान अपनी रेल मंत्री कुमारी ममता बनर्जी के कालीघाट वाले आवास पर गये थे। वहां 75-वर्षीय वाजपेयी ने अपने से पांच साल छोटी गायत्री बनर्जी के चरण स्पर्श किये। ममता की इस मां ने नारियल के लड्डू प्रधानमंत्री को खिलाया और स्वस्ति वचन कहे। यूं नरेंद्र मोदी भी लाहौर में मियां मोहम्मद नवाज शरीफ के घर शादी समारोह पर उनकी बूढ़ी मां के पैर छूकर आशीर्वाद पा चूके हैं।

बुजुर्गों का चरण स्पर्श करने से मनु स्मृति (द्वितीय अध्याय : श्लोक : 121) के अनुसार आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता है। मानस की पंक्ति है प्रातकाल उठि के रघुनाथा। मातु पिता गुरु नववहीं माथा। उदाहरणार्थ बालक मार्कण्डेय की अल्पायु थी पर सप्तर्षि और ब्रह्मा के चरण छूने पर उसे दीर्घायु का आशीर्वाद मिला। शीघ्र-मृत्यु का दोष भी मिट गया। छः दशक बीते नजरबाग (लखनऊ) में हमारे पड़ोसी पंडित उमाशंकर दीक्षित ने मुझे सिखाया था, बड़ों के पैर छूने से भला होता है, भाग्य सुधरता है। दीक्षित जी इन्दिरा गांधी काबीना के गृहमंत्री और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे थे। उनकी बहू शीला कपूर-दीक्षित दिल्ली की 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहीं। उनके पुत्र संदीप सांसद थे। पुत्री का नाम है लतिका सैय्यद। साधुओं को यह सम्मान न देने पर, उनकी अवहेलना करने पर हानि होने का भी दृष्टांत है। प्रयाग में कुंभ था। देवराहा बाबा पेड़ पर मचान लगाये विराजे थे। उत्तर प्रदेश के कांग्रेसी मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र दर्शन हेतु पधारें। मैं भी श्रद्धालुओं में था। बाबा ने मिश्रजी को ग्यारह किलो मखाने की गठरी दी। सर पर संभाले, खड़े रहने का आदेश दिया। तीस मिनट की काल–अवधि थी। कुछ ही देर बाद श्रीपति मिश्र ने गठरी उतार दी। बाबा बोले, ग्यारह किलो मखाने चन्द मिनटों तक सर पर नहीं रख पाये, तो उत्तर प्रदेश के ग्यारह करोड़ (तब की आबादी) का भार कैसे संभाल पाओगे? बस 2 अगस्त 1982 को वे हटा दिये गये। पंडित नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री नामित हो गये। यहां अब चन्द मेरे निजी प्रसंग। तब मेरी सात वर्ष की आयु थी। मेरे पिताजी संपादक स्वाधीनता सेनानी स्व. के. रामा राव हम सबको सेवाग्राम (वार्धा) बापू के आश्रम ले गये। हमारा परिवार (जमनालाल) बजाजवाडी में रहता था। प्रातः टहलते समय बापू के चरणों को हम भाई-बहनों ने स्पर्श किया। अहोभाग्य था। देवस्वरुप के दर्शन हुये। एक बार राज्यसभा कार्यालय में सांसद–पिता ने अध्यक्ष (उपराष्ट्रपति) डा. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन से भेंट करायी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती।

आप के आदर्श शिक्षा मॉडल की स्थिति चिन्तनीय

ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री। कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पढ़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बढ़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है।

केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरु हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच 'शिक्षा सबसे पहले या एजूकेशन फ़र्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रूपये विज्ञापनों पर खर्च किये।

आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया। दिल्ली ईकोनॉमिक सर्वे 2021-22 में दिए गए आकड़े मुख्यमंत्री के प्रचारतंत्र से वादा खिलाफी कर रहे हैं। ये आंकड़े सरकार पर सवाल उठाते हुए बता रहे हैं कि अगर शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है तो साल दर साल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घट क्यों रही है। ईकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2014-15 में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 15.42 लाख थी जो घटते-घटते 2017-18 में 14.81 लाख रह गई। नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है। साल 2014-15 में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 13.47 लाख थी जो 2020-21 में बढ़ कर 17.82 लाख हो गई। यानी 2014-15 से लेकर 2020-21 तक 6 साल के अंतराल में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में जहां 4 लाख 85 की वृद्धि हुई, वहीं सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में महज 78 हजार की वृद्धि हुई।

ईद-उल-फितर अल्लाह के इनाम का दिन है

हिफजुर्रहमान

ईद का दिन रमज़ान के महीने में की गयी इबादतों के बदले अल्लाह तआला से इनामों के पाने का दिन है, तो इससे बड़ी खुशी और प्रसन्नता का मौका क्या हो सकता है? यही कारण है कि मुसलमानों में इस दिन का विशेष स्थान और महत्व है। विद्वानों ने लिखा है कि ईद शब्द ऊद से बना है, जिसका अर्थ है वापसी, यानी हर साल ईद लौटकर आती है और इस के लौट के आनें की चाहत भी होती है। और फ़ित्र का अर्थ है रोज़ा तोड़ना या समाप्त करना। क्योंकि ईद-उल-फितर के दिन रोजों का सिलसिला ख़त्म होता है और इस दिन अल्लाह रमज़ान की इबादतों का इनाम देते हैं, इसलिए इसे ईद-उल-फितर कहा जाता है।दुनियां की हर कौम में ऐसे त्योहार रहे हैं जिन के जरिये वह अपनें आदर्श, रस्म-व-रिवाज और अपनें उद्देश्यों का इजहार करते हैं और इस्लाम धर्म नें अपनें नसबुलऐन (उद्देश्य) तजकिये (शुद्धि) को करार दिया है वह चाहता है कि इन्सानी जिन्दगी को हर पहलू से पाकीजा (पवित्र) बनाया जाए यही दीन का अस्ल उद्देश्य है इसलिए रस्म-व-रिवाज और त्योहारों में भी इस का ख्याल रखा गया है। हज़रत मोहम्मद (सल0) के जन्म से पूर्व भी बहुत से त्योहार मनाये जाते थे।आप (सल0) के बारे में बताया जाता है कि जब आप मदीना तशरीफ लाए तो लोगों नें बताया कि यहूदी हमारे यहां फलां-फलां दिन त्योहार मनाते हैं। अन्सारी(एक कबीला) नें भी बताया कि हमारे यहां दो दिन ईद के लिए खास रखे गये हैं इस मौके पर रसूल-अल्लाह (सल0) नें कहा कि इन दो दिनों की जगह अल्लाह-ताला नें तुम्हारे लिए दो त्योहार तै कर दिये हैं ईद-उल-फितर जिसे पवित्र माह रमजान से वाबस्ता(सम्बन्धित) कर दिया है और दूसरा ईदुज्जुहा जो हजरत इब्राहीम (अलै0) की अजीम सुन्नत से वाबस्ता कर दिया गया है। ईद-उल-फितर का दिन अल्लाह ताला की शुकरगुजारी का दिन है चूंकि रमज़ान के महीनें में कुरान नाजिल हुआ जिसनें हमे इल्म से माला माल किया और हमें तलकीन की, कि हम इस दुनिया की जिन्दगी को एक परीक्षा समझ कर गुजारें और अल्लाह ताला द्वारा निर्धारित सीमाओं की पाबन्दी करें इसी मकसद के लिए रोजे फर्ज किये गये जिस से तकवा गमगुसारी दूसरो से हमदर्दी का जज्बा पैदा हो। पूरे महीनें की ट्रेनिंग में हम यह सीखते हैं कि हम अपनी इच्छाओं पर नियन्त्रण रखेगें ईश्वर द्वारा निर्धारित सीमाओं के अन्दर रह कर जीवन व्यतीत करेगें अपनें जज्बात और इजहार को बे काबू नही होनें देगें किसी का दिल नही दुखाऐगें आदि, इस ट्रेनिंग से फारिग होकर जब हम अल्लाह ताला की शुकरगुजारी का इजहार करना चाहते हैं उसी शुक्रगुजारी के लिए ईद-उल-फितर का त्योहार मुकर्रर कर दिया गया है। ईद-उल-फितर के इस त्योहार में जिक्र भी है, शुक्र भी है, और तफरीह का मौका भी है अल्लाह ताला को याद करनें के लिए और उस की शुक्रगुज़ारी के लिए यह सुन्नत कायम की गयी है कि मुसलमान इस मौके पर अल्लाह की बड़ाई बयान करते रहे और सुबह से शाम तक तकबीरात कहते रहे, गोया वह इस बात का इजहार करते है कि उन का परवदिगार ही सब से बड़ा है वही उन का खालिक है वहीं उन का मालिक है सारी तारीफे उसी के लिए हैं और सारी नेमतों का तन्हा मालिक वहीं है उस की दी हुयी

असीमित नेमतों का जितना भी शुक्र अदा किया जाए वह कम है इसी मकसद के लिए दो रकत नमाज अधिक तकबीरों के साथ मुकर्रर की गयी है जो आम नमाजों से विशेष है गोया कुरान मजीद नें जो बताया कि अल्लाह ताला नें जो तुम्हे कुरान मजीद की हिदायत अता फरमाई इसपर तुम तकबीरे करो, उस की बड़ाई करो और शुक्रगुजार बनो÷ इस त्योहार का मकसद ही अल्लाह की शुक्रगुज़ारी है। ईद के दिन मुसलमान सुबह नहा कर अच्छे कपड़े पहन कर चन्द खजूर खा कर ईदगाह की ओर चल पड़ते हैं चूंकि हजूर (सल0) खजूर खा कर ही जाया करते थे इसलिए आम मुसलमान भी खजूर खा कर अपनें रिश्तेदारों के साथ ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ने जाते है जहाँ इमाम खुतबे के जरिए अल्लाह और उस के दीन की याद दिलाता है। दो रकत नमाज के बाद सब एक दूसरे से गले मिलते है और अपने अपनें घरों को लौट जाते हैं

नबी करीम (सल0) नें ईदैन के मौके पर शरई-सीमाओं के भीतर रहते हुए खुशी मनाने की भी अनुमति दी है और इन खुशी में दूसरों को भी शामिल करनें लिए प्रोत्साहित किया है। उलेमा लिखते हैं कि ईद की सुबह अल्ला ताला फरिश्तों को जमीन में भेजता है और वे पूरी जमीन में फैल जाते है जगह जगह पर खड़े होते हैं और ऐसी आवाज़ में पुकारते हैं जिसे जिन्न और इंसानों के अलावा हर प्राणी सुन सकता है, और कहते हैं, ऐ मोहम्मद (सल0) की उमम्त(प्रजा) उस करीम की बारगाह में चलो जो बहुत ज्यादा अता करनें वाला है जो बहुत प्रचुर है। जब लोग ईद गाह की तरफ निकलते हैं तो अल्लाह सर्वशक्तिमान स्वर्गदूतों से कहते हैं, उस मजदूर का इनाम क्या है जिसने अपना काम पूरा कर लिया? वे कहते हैं, ऐ हमारे रब! उसका इनाम यह है कि उसकी मेहनत और मज़दूरी पूरी पूरी दे दी जाए। तो अल्लाह कहता है, ऐ फ़रिश्तों! मैं तुम्हें गवाह बनाता हूं कि मैंने उन्हें रमज़ान के रोज़ों के बदले में मैनें अपनी रजा और मगफिरत अता फरमा दी । और फिर बन्दों से कहा जाता है कि ऐ मेरे बन्दों मुझसे मांगो मुझे मेरी इज्जत व जलाल और बुलन्दी की कसम आज तुम आखरित (परलोक) के बारे में जो सवाल करोगे मैं उसे अता कर दूंगा और दुनिया के बारे में जो प्रश्न तुम करोगे उस पर भी गौर करूगा।

किस की ईद ... : निस्संदेह, वे लोग बहुत भाग्यशाली हैं जिन्होंने रमज़ान का महीना पाया और अपने समय को इबादत के साथ रोशन रखा, उन्होंने पूरे महीने तक़वा और परहेजगारी का रवैया अपनाया और सर्वशक्तिमान के सामने क्षमा के लिए अपने दामन को फैलाए रखा। दरअसल ईद ऐसे ही भाग्यशाली लोगों के लिए है और अब उन्हें अपनी मज़दूरी मिलने का समय आ गया है, हालाँकि, पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के साथी और बुजुर्गानें दीन अपनी इबादतों पर इतराने के बजाय अल्लाह से क़ुबूल होने की दुआ करते थे। बुजुर्गों नें लिखा है कि ईद उन लोगों के लिए नहीं है जिन्होंने खुद को अच्छे कपड़ों से सजाया है, बल्कि ईद उनके लिए है जो अल्लाह की पकड़ से बच गए और उसकी सजा और प्रताड़ना से डर गए। ईद उनके लिए नहीं है जिन्होंने बहुत ज्यादा खुशियां मनायीं, बल्कि ईद उनके लिए है जिन्होंने अपने गुनाहों से तौबा कर ली और उस पर कायम रहे। ईद उनके लिए नहीं है जिन्होंने बड़ी-बड़ी दावतें और दसतरखवान सजाऐं, बल्कि ईद उनके लिए है जिन्होंने नेक परहेजगार बनने की कोशिशें की हैं। ईद उनके लिए नहीं है जो सांसारिक साज-सजावट के साथ घर से निकले, बल्कि ईद उनके लिए है जिन्होंने तकवा परहेजगारी और खुदा से डरते रहनें को ही अपने जीवन का उद्देश्य बनाया है । ईद उनके लिए नहीं है जिन्होंने अपने घरों में दीपक जलाए, बल्कि ईद उनके लिए है जो नरक के पुल को पार कर गए। ईद उन लोगों के लिए है जो परलोक की सजा और मृत्यु के बाद की सजा से बच गए हैं। जिसकी नमाज़, रोज़े और इबादत कुबूल हो गयीं उसके लिए बेशक आज ईद है

ईद के दिन की सुन्नत : हदीसों की किताबों में ईद के दिन की कई सुन्नतें बयान हुयी हैं (1) सुबह जल्दी उठन : सहाबियों की आदत थी कि वे फज्र की नमाज के समय ही ईद की नमाज की तैयारी करते थे। हजरत इब्ने उमर के बारे में रिवायत है कि वह पैगम्बर (सल0) की मस्जिद में फज्र की नमाज पढ़ते थे और फिर ईद के लिए निकल जाते थे। 2 गुसल करना 3) मिसवाक (ब्रश) करना (4) नए या जो बेहतर कपड़े हों उन्हें पहनना 5)खुशबू लगाना (6)ईदगाह जल्द जाना (7) ईदगाह जाने से पहले कुछ मीठा खाना (8) ईदगाह जाने से पहले सदका अल-फितर अदा करना (9)। ईद की नमाज़ (मस्जिद के बजाय) ईदगाह या खुले मैदान में पढ़ना (10) एक रास्ते से ईदगाह जाना और दूसरे रास्ते से वापस आना।

क्या इन्हीं 'अज्ञानियों' के प्रवचन से भारत बनेगा विश्वगुरु?

स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं,ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा।

निर्मल रानी

हमारा देश स्वभावतः ज्ञानियों का देश है। मान लीजिये अगर आप को किसी भी तरह का रोग है और आपने किसी से अपनी बीमारी साँझा की तो सामने वाला तुरंत कई तरह के उपचार या टोटके आपको बता डालेगा। जब आम लोगों के ज्ञान की यह स्थिति है तो आप समझ सकते हैं कि उन लोगों के ज्ञान का क्या आलम होगा जिनका पेशा ही ज्ञान वर्षा करना है। हमारे देश में जितने ज्ञानी, गुरु, उपदेशक, प्रवचनकर्ता आपको मिल जाएँगे उतने किसी भी देश में नहीं मिलेंगे। यह प्रचलित कहावत कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता, दरअसल हमारे ही देश में चरितार्थ होती दिखाई देती है। आप किसी भी सत्संग प्रवचन में जाएँ आपको सबसे अधिक संख्या महिलाओं की ही मिलेगी। भले ही उपदेशक या प्रवचनकर्ता अपने प्रवचनों में महिलाओं के प्रति अभद्र टिपणणी करते, उनके प्रति नकारात्मक सोच रखते ही क्यों न दिखाई दें। यहाँ उस विषय पर चर्चा की कोई ज़रुरत नहीं कि किस तरह देश के तमाम पाखंडी व व्यभिचारी कथित संतों,गुरुओं,उपदेशकों या प्रवचन कर्ताओं की गिद्ध दृष्टि अपनी शिष्याओं या अपने शिष्यों के परिवार की बहू बेटियों पर रहती है। यहां केवल उनके उस दिव्यज्ञान की चर्चा करनी है जो समय समय पर वे हमें सार्वजनिक रूप से सत्संग के नाम पर देते तो रहते हैं परन्तु दरअसल ऐसे ज्ञान पूरी तरह से झूठ,निराधार,अवैज्ञानिक तथा लोगों को गुमराह करने वाले होते हैं।

कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के स्वामीनारायण भुज मंदिर के स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं,ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा। उन्होंने पुरुषों को सम्बोधित करते हुये कहा था कि अगर आप माहवारी का सामना कर रही किसी भी महिला के हाथ का तैय्यार किया हुआ खाना खाते हैं तो उसके दोषी आप भी हैं। स्वामी जी के अनुसार शास्त्रों में स्पष्ट रूप से उपरोक्त बातें लिखी हुई हैं। अतः विवाह पूर्व प्रत्येक पुरुष को यह मालूम होना चाहिए कि उन्हें कैसा खाना खाना है और कैसा नहीं। स्वामीनारायण मंदिर भुज स्थित श्री सहजानंद गर्ल्स स्कूल नामक उस संस्था को भी संचालित करता है जिसमें कई वर्ष पूर्व कथित रूप से साठ से अधिक लड़कियों के अंडरवियर उतरने तथा यह देखने

का आरोप लगा था कि कहीं किसी लड़की को माहवारी तो नहीं आ रही है? उस समय इस बात पर काफ़ी विवाद भी हुआ था। कितनी तार्किक हो सकती हैं माहवारी के दौरान खाना न बनाने और कुतिया व बन्दर की योनि में पैदा होने वाली यह बातें?

इसी तरह तमाम संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कर्ताओं द्वारा प्याज़ और लहसुन न खाये जाने को लेकर तरह तरह का ज्ञान बांटा जाता है। भारत हज़ारों मेट्रिक टन प्याज़ का निर्यात भी करता है और ज़रुरत पड़ने पर इसका आयात भी किया जाता है। मिसाल के तौर पर वर्तमान समय में ही काफ़ी लंबे समय से भारत सरकार ने प्याज़ के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, इसके बावजूद संयुक्त अरब अमीरात जैसे कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां सरकार की विशेष अनुमति से प्याज़ भेजा जा रहा है। पूरी दुनिया में इस वक़्त प्याज़ की बढ़ती खपत के कारण प्याज़ की क़ीमतें बढ़ी हुई हैं। परन्तु भारत से ऐसे देशों को सस्ती क़ीमतों पर प्याज़ दिया जा रहा है जिससे हमारे देश के प्याज़ उत्पादक किसान तथा व्यापारी नाराज़ भी हैं। गोया प्याज़ हमारे देश का बड़ा कृषि व्यवसाय भी है। दरअसल आयुर्वेद में खाद्य पदार्थों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है सात्विक, राजसिक और तामसिक। धारणा है कि सात्विक खाद्य ग्रहण करने से संयम, पवित्रता शांति जैसे गुण प्राप्त होते हैं जबकि राजसिक भोजन जुनून और ख़ुशी जैसे गुण प्रदान करते हैं। इसी प्रकार तामसिक खाद्य क्रोध, जुनून, अहंकार और विनाश व हिंसा जैसे अवगुण को जन्म देता है। प्याज़ और लहसुन को भी राजसिक और तामसिक रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसलिये सदियों से अनेक हिन्दू धर्मावलंबी इसे खाने से परहेज़ करते हैं। परन्तु इसके जो कारण हमारे आज के स्वयंभू उपदेशकों द्वारा बताये जाते हैं वे ज़रूर हास्यास्पद तथा समाज को अज्ञानता की ओर धकेलने वाले हैं। आजकल धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री नामक एक विवादित संत जोकि बागेश्वर धाम सरकार या महाराज के नाम से भी जाने जाते हैं उन्होंने कथा वाचन के दौरान यह ज्ञान दिया कि प्याज़ और लहसुन इसलिए नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसका जन्म गंदिगी से हुआ। राक्षस के मल से प्याज़ व लहसुन पैदा हुआ इसलिए उससे दुर्गन्ध बहुत आती है। देवता अगर आना भी चाहें तो दुर्गन्ध के कारण आ नहीं आते हैं। लहसुन प्याज़ का सेवन करने वालों पर हनुमान जी की कृपा नहीं हो पाती इसलिए प्याज़ व लहसुन खाना वर्जित है। इस तरह का दिव्यज्ञान देकर वह अपने अनुयायियों को कितना भ्रमित करते हैं यह समझना ज़रूरी है।

इसी तरह देश की एक मशहूर साध्वी जया किशोरी ने अपने प्रवचन में मोर पंख की पवित्रता व भगवान के मोर पंख धारण करने के सन्दर्भ में मोर की पवित्रता का बखान करते हुये ज्ञान दे डाला कि मोर संभोग नहीं करता बल्कि मोर के आंसू पीकर मोरनी गर्भ धारण करती है इसलिये मोर को पवित्र माना गया है। इसीलिये कई देवी देवता मोर पंख धारण करते हैं। यही मूर्खता पूर्ण बयान कुछ वर्ष पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस महेशचंद्र शर्मा ने भी दिया था। उन्होंने भी कहा था कि मोर आजीवन ब्रह्मचारी होता है। उसके आंसू ग्रहण कर मोरनी गर्भवती होती है। उस समय भी अनेक पक्षी वैज्ञानियों ने इसे ग़लत व पूरी तरह से भ्रामक बयान बताया था । साध्वी जया किशोरी को तो उनके मोर सम्बन्धी भ्रामक बयान के लिये एक पत्रकार ने घेर लिया तो वे बग़लें झाँकने लगीं। दुनिया जानती है कि अन्य पशु पक्षियों की ही तरह मोर भी सम्भोग करता है। परन्तु इन कथाकथित महाज्ञानियों और इनके पीछे लगी इनके अनुयायियों की भीड़ देखकर ज़ेहन में यह सवाल ज़रूर खड़ा होता है कि क्या इन्हीं अज्ञानियों के प्रवचन से भारत विश्वगुरु बनेगा?

विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करने के लिये करें मतदान : पंकज

- सांसद राजनाथ सिंह के चुनाव प्रचार के लिये राजधानी में विधायक पंकज सिंह नें किया जनसम्पर्क
- व्यापारियों, प्रबुद्धजनों के साथ बैठकों में संवाद किया

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भाजपा नें देश में विकास करने के साथ समाज को जोड़ने का जो अभूतपूर्व कार्य किया है उसका जीता जागता प्रमाण अयोध्या जी में श्री राम मंदिर का निर्माण है। आज हम लखनऊ के लोग कहते हैं हमारा शहर अयोध्या जी के पास है।

प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में हमारी पहचान को सुरक्षित और मंदिरों को संरक्षित कर समाज को जोड़ने का जो कार्य हो रहा है वो आज से पहले हमारे देश में कभी नहीं हुआ। इसी का असर है कि आज हमारी पार्टी के विपक्षी भी मंदिर जा रहें हैं, ये परिवर्तन नहीं तो और क्या है? यह बातें बुधवार को रक्षा मंत्री और सांसद राजनाथ सिंह के चुनाव प्रचार के दौरान जनसम्पर्क अभियान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह नें कहीं। राजधानी में समाज के प्रबुद्ध वर्गों और समाज के बुद्धिजीवी लोगों के साथ विधायक पंकज सिंह नें जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को विकसित राष्ट्र के स्वप्न को पूरा करने के लिये अधिक से अधिक मतदान करने को संकल्प दिलाया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि जितना काम लखनऊ में आप देख रहे हैं उसमें संगठन के लोगों की अहम भूमिका रही है। पूरे लखनऊ में लगातार विकास हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में इन्वेस्टर्स आ रहे है। युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलने जा रहे हैं। इससे पहले की सरकारों में कभी ऐसे प्रयास नहीं हुए जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिले। इसलिए हमको अपनी आँख, कान खोल कर रखने होंगे, किसी के भी बहकावे में न आकर खुलकर भाजपा को ही मतदान करना होगा। विधायक पंकज सिंह बाबू बनारसी दास वार्ड पहुंचे जहाँ चुटकी भंडार स्कूल के पास पार्षद आशीष कुमार हितैषी के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सुरेन्द्र श्रीवास्तव, पार्षद सतीश साहू समेत भाजपा के बूथ प्रमुख, पन्ना प्रमुख, नागरिकों से विधायक पंकज सिंह नें संवाद किया। इससे पहले वो 12 स्टेशन रोड पर व्यापारी नेता प्रभु जालान के आवास पहुंचे। यहां राजधानी के बड़े व्यापारियों नें विधायक पंकज सिंह जी का स्वागत किया। सांसद राजनाथ सिंह जी द्वारा राजधानी में कराये जा रहे विकास कार्यों की तारीफ की। पुनः राजनाथ सिंह जी को रिकॉर्ड मतों से सांसद बनाने के लिये व्यापारियों और उनके परिवारिजनों से शत -प्रतिशत वोट कराने का संकल्प भी लिया। प्रमुख रूप से इन फैशन के प्रॉपरिटर संदीप अग्रवाल, अधिवक्ता विशाल मेहरोत्रा, शशिधर दूबे, आर आर इंस्टिट्यूट के मालिक अनिल अग्रवाल, व्यापारी नेता श्याम कृष्णानी, अनिल बजाज, अमित गुप्ता शामिल रहे।

अखिलेश अपनी करारी हार के डर से मैदान से बाहर हैं: पाठक

- संसाधनों पर डाका डालकर अपने परिवार का ही विकास करना है

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता में कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी बुधवार को पार्टी का विजन डॉक्यूमेंट पढ़ रहे थे। मुझे समझ नहीं आया जिस पार्टी का कोई विजन ही नहीं है, वह जनता के लिए क्या विजन देखेगी। उनकी दृष्टि और दृष्टिकोण केवल और केवल परिवार की उन्नति और प्रगति तक ही सीमित है।

उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि, इंडियन परिवार लीग में सबसे ज़्यादा मैच हार चुकी टीम के मुखिया द्वारा जारी विजन डॉक्यूमेंट में लिखी बातें किसी भी सूरत में सपा की नीतियों से मेल नहीं खाती हैं। कहा कि, सपा मुखिया अपनी करारी हार के डर से मैदान से बाहर हैं। वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इनके खुद के चचा भी मैदान से बाहर हो लिये हैं।

ये जनता से किये गए धोखे का विजन लिए घूम रहे हैं, जिसमें माफियाराज, गुंडाराज की वापसी की ही बात प्रमुख है। श्री पाठक ने कहा कि अखिलेश जी को जब खुद अपने कैंडिडेट्स पर ही एतबार नहीं है, कुछ घंटों में टिकटें बदल दे रहे हैं, तो वे जनता से किए वादे कैसे निभा पायेंगे। इनका विजन और मिशन प्रदेश को लूटना है, संसाधनों पर डाका डालकर अपने परिवार का ही विकास करना है। इनका पीडीए परिवार डिवलपमेंट अथॉरिटी ही है। उन्होंने बोला कि, उत्तर प्रदेश ने 2012-17 के दौरान इनकी सरकार का शासन देख लिया है। इनसे ऊबकर ही प्रदेश की जनता ने भाजपा को चुना है। क्योंकि उसने मोदी जी के नेतृत्व में भारत की तरक्की देखी है। यूपी में योगी जी के नेतृत्व में दूसरी बार सरकार जनता के आशीर्वाद से ही बनी है। इन्होंने सबको सुरक्षा की बात कही है इनकी सरकार में वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का कल्चर था। माफिया इनकी गाड़ी में घूमा करता था। इन्होंने बहू-बेटियों की सुरक्षा की बात कही है।

सपा मुखिया अपने परिवार की भी सीटें नहीं बचा पायेंगे : भूपेंद्र सिंह चौधरी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इस बार प्रदेश में विपक्ष का सूपड़ा साफ़ हो जाएगा। सपा मुखिया अपने परिवार की भी सीटें नहीं बचा पायेंगे।

पहले और दूसरे चरण में बने माहौल से स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन को प्रदेश की जनता जीरो पर आउट करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अब यूपी में गुंडई के नाते पलायन की समस्या ख़त्म हो गई है। 2017 में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, निर्दोष लोगों के बजाय अपराधी और माफिया तत्व राज्य छोड़ रहे हैं। अब प्रदेश में दंगे नहीं उत्सव मनाये जाते हैं, लेकिन प्रदेश की जनता 2012-17 के बीच सपा की शागिर्दगी में हुए हज़ार दंगों को भूली नहीं है। वह इस चुनाव में सपा और उसके इंडी पार्टनर्स को एक बार फिर सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री मोदी जी के सतत प्रयासों का परिणाम है। जिसे इंडी पार्टनर्स और ख़ासकर कांग्रेस और सपा ने लटकाने और भटकाने में कोई कोर कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। सपा और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने राम जन्मभूमि के मुद्दे को 70 साल तक अटकाए रखा, लेकिन मोदी जी की सरकार द्वारा सभी कंटकों को दूर किया गया। मोदी जी ने भूमि पूजन किया और राम लला का अभिषेक भी किया। उन्होंने कहा कि अहंकारी गठबंधन के लोग 12 लाख करोड़ रुपये के घोटालों और भ्रष्टाचार में शामिल हैं। सभी भ्रष्टाचारी आपस में मिलकर रैली निकाल रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के लिए मौन व्रत रख रहे हैं। मोदी जी अपनी बात पर क़ायम हैं, 2014 में उन्होंने कहा था कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वे जेल जाएंगे और 2024 में भी वह यही बात कह रहे हैं। विपक्ष का लक्ष्य अपने परिवार के लोगों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी जी का लक्ष्य गरीबों, किसानों, असहायों, दलितों और आदिवासियों को मजबूत बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है। जनता इनके नीति और नीयत दोनों जानती है और इस बार वह प्रदेश में 80 की 80 सीटों पर भाजपा को जिताकर इनके मंसूबों को फेल करेगी।

वोट प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

लखनऊ। लखनऊ लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद राजनाथ सिंह के पक्ष में वोट प्रतिशत बढ़ने के लिए हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में भाजपा महानगर महिला मोर्चा, युवा मोर्चा की बैठकें आयोजित की गई। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ट नेता नीरज सिंह, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, महामंत्री एवं लोकसभा चुनाव सह संयोजक पुष्कर शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाई जाए।

महिला मोर्चा पदाधिकारी बूथ स्तर, मण्डल स्तर पर टोली बनाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करते हुए बताएं कि मोदी सरकार ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओ के लिए 33% आरक्षण, तीन तलाक से मुक्ति, मातृ वंदना, स्टार्टअप इंडिया के तहत रोजगार देने का काम किया है।

होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के 269वें जन्मदिवस पर हुआ भव्य समारोह

हैनीमेन बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे: पाठक

- प्रभु अपरिमेय श्याम दास ने कहा कि गीता व्यक्ति को मानसिक रूप से स्वस्थ रखती है
- डॉ. उमंग खन्ना होम्योपैथिक क्लीनिक की ओर से आयोजित समारोह में होम्योपैथी के प्रति जागरूक किया गया

लखनऊ। होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के 269वें जन्मदिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन डॉ. उमंग खन्ना होम्योपैथिक क्लीनिक की ओर से गोमती नगर के विनीत खंड स्थित उमंग भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय इस्कॉन मंदिर समिति के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने की।

मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने कहा कि सैमुएल हैनीमेन बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने डॉ. उमंग खन्ना के समाज सेवी व्यक्तित्व की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर अपरिमेय श्याम दास ने कहा कि गीता व्यक्ति को मानसिक रूप से स्वस्थ रखती है।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित होते हुए राष्ट्रगान से की गई। इसके उपरांत प्रथम देव गणपति की स्तुति की गई। रागनेस रॉक बैंड में शामिल देवेन्द्र मैगी और पूनम के दल ने ÷लग जा गले÷ जैसे कई लोकप्रिय नए पुराने बॉलीवुड गाने सुना कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजक, लोकप्रिय जनसेवक और होम्योपैथी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. उमंग खन्ना ने होम्योपैथी के इतिहास, महत्त्व, मौजूदा दौर में बेहतर स्वास्थ्य की चुनौतियों और होमियोपैथी विधा में निरंतर सुधार और शोध पर गहन चर्चा कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर राजकीय नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज एवं चिकित्सालय के प्रिंसिपल डॉ. डी.के. सोनकर भी उपस्थित रहे। एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. अब्बास अली महदी ने होम्योपैथी को हर अस्पताल में अनिवार्य करने का मशविरा दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ आईएएस डॉ. हरिओम, आईएएस डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, आईएएस राजेश कृष्णा, महंत धर्मेंद्र दास, श्री श्री तुलसीदास जी महाराज, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मेडिकल कॉलेज के डॉ. यू.एस. पाल, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा सहित अन्य भी इस समारोह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिन्नी सहगल ने सीता स्वंयवर का प्रसंग भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से पेश किया। कथक कलांगन ग्रुप की कृतिका वर्मा द्वारा पारंपरिक कथक के तहत टुकड़ा-तिहाई पेश कर प्रशंसा हासिल की गई। जुबैर अंसारी ने एक से बढ़कर एक शायरियां सुना कर मुशायरे का सत्र यादगार बनाया। शहद के अग्रणी उत्पादक निमित्त सिंह मधुमक्खी वाला और विश्वास मार्केटिंग ग्रुप के आमिर हनीफ ने शहद की रोग प्रतिरोधक क्षमता की जानकारी दी। उन्होंने आयुर्वेद के लाभों को देखते खासतौर से विशेष फूलों के शहद को तैयार किया है। उन्होंने लौंग का शहद, दालचीनी का शहद, इलाइची का शहद ही नहीं हेल्दी हर्बल चाय की भी जानकारी दी।

51 शक्ति पीठ में मां का श्वेताम्बर श्रंगार

लखनऊ। नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी का पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे द्वारा संपन्न हुआ। मंदिर में ब्रम्हचारिणी मां का श्वेताम्बर श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को सफेद रंग से सजाया गया। भोग, वस्त्र, सजावट सब सफेद रंग मे थी। मंदिर में सेवादार सभी सफेद रंग के वस्त्रों मे माँ की पूजा की। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए।

डाकघर में बेटियों का खुलेगा सुकन्या समृद्धि खाता : कृष्ण कुमार यादव

- नवरात्र में बेटियों को उपहार में मात्र 250 से सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कराएं कन्या पूजन

वाराणसी। नवरात्र का पर्व नारी-शक्ति की आराधना को समर्पित है। बेटियाँ और महिलाएँ सशक्त होंगी तो समाज भी सशक्त होगा। इसी क्रम में डाक विभाग ने समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज एवं समृद्ध नारी-समृद्ध समाज अभियान चलाया है। इसके तहत डाक विभाग अब हर घर में नारी शक्ति तक पहुंचेगा। वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के 13 जिलों - वाराणसी, चंदौली, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया एवं प्रयागराज रीजन के अंतर्गत प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी, मीरजापुर, सोनभद्र में यह अभियान चलाया जायेगा।

वाराणसी और प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में अब तक 6.58 लाख बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, वहीं 1,100 गाँवों को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम के रूप में आच्छादित किया जा चुका है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में महिला सम्मान बचत पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में नवरात्र के दौरान बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता और महिलाओं का महिला सम्मान बचत पत्र खुलवाकर एक नई पहल की जा सकती है। यह उन्हें आर्थिक व सामाजिक दोनों रूप में सशक्त बनाएगा। आज़ादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ महिला सम्मान बचत पत्र को भी महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है।

श्री यादव ने कहा कि 1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में वाराणसी और प्रयागराज परिक्षेत्र में 26,460 महिलाओं ने 1.51 अरब रूपये का निवेश किया है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मात्र 250 से 10 वर्ष तक की बेटियों का खाता डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसमें 8.2 प्रतिशत ब्याज है, जो कि किसी भी लघु बचत योजना से अधिक है। यह खाता बेटियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए एक वरदान की तरह है। श्री यादव ने कहा कि नवरात्र के दौरान परिवार की बेटियों का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कन्या पूजन कर सकते हैं।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

ग्रीष्मकाल के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

02351/02352 पटना जं. - आनन्द विहार (ट) - पटना जं. सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 142 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 02351 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 02352 आगमन	प्रस्थान
----	16:00	पटना जं.	21:55	----
06:00	----	आनन्द विहार (ट)	----	08:00

चलने के दिनः 02351 पटना जं. से प्रतिदिन दिनांक 15.04.2024 से 20.04.2024 एवं 27.04.2024 से 30.06.2024 तक और **02352 आनन्द विहार (ट)** से प्रतिदिन दिनांक 16.04.2024 से 21.04.2024 एवं 28.04.2024 से 01.07.2024 तक।
ठहरावः दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर/इकनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

03635/03636 गया जं. - आनन्द विहार (ट) - गया जं. सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 142 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 03635 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 03636 आगमन	प्रस्थान
----	14:15	गया जं.	20:45	----
05:00	----	आनन्द विहार (ट)	----	07:00

चलने के दिनः 03635 गया जं. से प्रतिदिन दिनांक 15.04.2024 से 20.04.2024 एवं 27.04.2024 से 30.06.2024 तक और **03636 आनन्द विहार (ट)** से प्रतिदिन दिनांक 16.04.2024 से 21.04.2024 एवं 28.04.2024 से 01.07.2024 तक।
ठहरावः अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।
स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट) - गोरखपुर जं. - लोकमान्य तिलक (ट) एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 01123 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 01124 आगमन	प्रस्थान
----	12:15	लोकमान्य तिलक (ट)	07:25	----
13:35	13:45	लखनऊ	02:45	02:55
18:55	----	गोरखपुर जं.	----	21:15

चलने के दिनः 01123 लोकमान्य तिलक (ट) से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 28.06.2024 तक एवं **01124 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 29.06.2024 तक।
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेन्ट्रल, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

01431/01432 पुणे जं. - गोरखपुर जं. - पुणे जं. सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 01431 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 01432 आगमन	प्रस्थान
----	16:15	पुणे जं.	06:25	----
15:38	15:40	लखनऊ	04:00	04:10
20:40	----	गोरखपुर जं.	----	23:25

चलने के दिनः 01431 पुणे जं. से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 28.06.2024 तक एवं **01432 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 29.06.2024 तक।
ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापूर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेन्ट्रल, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।
स्थानः वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

01079/01080 सीएसटी मुंबई - मऊ - सीएसटी मुंबई एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 01079 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 01080 आगमन	प्रस्थान
----	22:35	सीएसटी मुंबई	00:40	----
07:55	08:00	जौनपुर जं.	16:30	16:35
11:10	----	मऊ	----	13:10

चलने के दिनः 01079 सीएसटी मुंबई से बुधवार दिनांक 01.05.2024 को एवं **01080 मऊ** से शुक्रवार दिनांक 12.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., जंघई जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन।
स्थानः वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

01491/01492 पुणे जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुणे जं. सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 24 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 01491 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 01492 आगमन	प्रस्थान
----	17:30	पुणे जं.	23:55	----
16:45	----	हज़रत निज़ामुद्दीन	----	22:10

चलने के दिनः 01491 पुणे जं. से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 12.04.2024 से 28.06.2024 तक एवं **01492 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 13.04.2024 से 29.06.2024 तक।
ठहरावः लोनावला, कल्याण जं., वसई रोड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., भवानी मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।
स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04707/04708 बीकानेर जं. - दरभंगा जं. - बीकानेर जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04707 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04708 आगमन	प्रस्थान
----	12:15	बीकानेर जं.	08:40	----
19:30	19:40	दिल्ली जं.	21:55	22:05
20:30	----	दरभंगा जं.	----	23:30

चलने के दिनः 04707 बीकानेर जं. से रविवार दिनांक 14.04.24 व 21.04.24 को एवं **04708 दरभंगा जं.** से सोमवार दिनांक 15.04.24 व 22.04.24 को।
ठहरावः रतनगढ़ जं., चूरू जं., सादुलपुर जं., लोहारु जं., रेवाड़ी जं., गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., छपरा जं., घुघुली, पनियहवा, नरकटियागंज, रक्सौल जं., बैरगनियां एवं जोगियारा स्टेशन।
स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

03413/03414 मालदा टाउन - नई दिल्ली - मालदा टाउन एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 03413 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 03414 आगमन	प्रस्थान
----	07:10	मालदा टाउन	07:55	----
07:30	----	नई दिल्ली	----	10:30

चलने के दिनः 03413 मालदा टाउन से प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार दिनांक 11.04.2024 से 30.05.2024 तक एवं **03414 नई दिल्ली** से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार दिनांक 12.04.2024 से 31.05.2024 तक।
ठहरावः न्यू फरक्का जं., बरहडवा जं., साहेबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर जं., धरहडा, अभयपुर, कजरा, क्यूल जं., लक्खीसराय जं., बडहिया, हथीदा जं., मोकामा जं., बाढ, बख्तियारपुर जं., खुसरूपुर, फतुहा जं., पटना साहिब, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।
स्थानः वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

03483/03484 भागलपुर - नई दिल्ली - भागलपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 28 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 03483 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 03484 आगमन	प्रस्थान
----	11:00	भागलपुर	04:10	----
07:10	----	नई दिल्ली	----	10:30

चलने के दिनः 03483 भागलपुर से प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार दिनांक 13.04.2024 से 28.05.2024 तक एवं **03484 नई दिल्ली** से प्रत्येक रविवार एवं बुधवार दिनांक 14.04.2024 से 29.05.2024 तक।
ठहरावः सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर जं., धरहडा, अभयपुर, कजरा, क्यूल जं., लक्खीसराय जं., बडहिया, हथीदा जं., मोकामा जं., बाढ, बख्तियारपुर जं., खुसरूपुर, फतुहा जं., पटना साहिब, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय | 1084/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पद्मजा कला संस्थान की ओर आयोजित परम्परा 2024 में दिखे कथक के रंग, माटी के संग

- अवधपति जय, जय श्री राम से गूंजा संत गाडगे प्रेक्षागृह
- अन्तरराष्ट्रीय कथक नृत्यागना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के निर्देशन में हुई विभिन्न प्रस्तुतियां

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पद्मजा कला संस्थान की ओर से परम्परा 2024 कथक समारोह का भव्य आयोजन, बुधवार 10 अप्रैल को गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में संस्थान की सचिव, अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना और गुरु डॉ.आकांक्षा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें उनके पचास से अधिक शिष्यों नें कथक नृत्य की प्रभावी प्रस्तुतियां दे कर आगंतुकों की भूरि-भूरि प्रशंसा हासिल की। इस समारोह में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्वलित कर संध्या का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित और प्रतिभावान शख्सियतों को पद्मजा कला सम्मान से अलंकृत भी किया गया। सम्मान समारोह में वरिष्ठ तबला वादक उस्ताद इल्मास हुसैन खां, वरिष्ठ भरतनाट्यम के कलाकार ज्ञानेन्द्र बाजपेयी, वरिष्ठ कथक नृत्यांगना डॉ. रुचि खरे, वरिष्ठ शास्त्रीय गायिका डॉ. रश्मि चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार आलोक पराड़कर को पद्मजा कला सम्मान से अलंकृत किया गया। कथक परंपरा से पोषित सतरंगी और जोश से सराबोर सांस्कृति संध्या की शुरुआत तालांगी से हुई। उसमें अप्रचलित तालों की नृत्य संरचना कों सुन्दर अंग-संचालन, पद विन्यास, बोल पढन्त के माध्यम से दर्शकों के समक्ष पेश किया गया। इसके बोल आंगिकम भुवनम् यस्य वाचिकम् थे। यह रचना, रूपक ताल 7 मात्रा, बसंत 9 मात्रा, अष्टमंगल 11 मात्रा, धमार 14 मात्रा और तीन ताल 16 मात्रा में निबद्ध थी। इसमें डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के साथ सिजा राय, शैली मौर्या, खुशी मौर्या, प्रीति तिवारी, आरोहिणी चौधरी, सिमरन कश्यप, सपना सिंह, श्रद्धा श्रीवास्तव, श्रेया सिंह, मोनिका सरीन, शिवानी, आराध्या दीक्षित, विकास अवस्थी, प्रखर मिश्रा, अंश रावत, अतुल मने आदित्य गुप्ता, मोहित सोनी, आयुष अग्रवाल ने मनभावन नृत्य किया। दूसरी प्रस्तुति सितार और तबले की मधुर जुगलबन्दी रही। उसमें लखनऊ की उभरती दो युवा प्रतिभाओं कों मंच दिया गया। इसमें मास्टर संकल्प मिश्रा ने जहां सितार वादन किया वहीं तबलें पर मास्टर मनन मिश्रा नें प्रभावी संगत दी। इसका मार्गदर्शन डॉ. नवीन मिश्रा और पं. विकास मिश्रा ने किया। तीसरी प्रस्तुति तालीम थी। इसमें चार से लेकर 25 साल तक के कलाकारों ने जय श्री राम जय श्री राम, अवधपति जय,जय श्री राम भजन पर सुंदर भावों का प्रदर्शन किया वहीं परम्परागत कथक की प्रभावी झलक भी पेश कर तालियां बटोरी।

मतदान के लिए किया जागरूक

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत जसवंत नगर ब्लॉक में मतदाता जागरूकता रैली, बाल संसद के कार्यक्रम, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदाता संकल्प पत्र भरवाना इत्यादि के माध्यम से मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है , जिसका लक्ष्य मुख्य रूप से मतदान का प्रतिशत पिछली बार की तुलना में बढाना है इसी क्रम में जसवंतनगर की विभिन्न पंचायत में बेसिक शिक्षा विभाग रैलियों का आयोजन कर रहा है जिसमें प्रधानाध्यापक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, आशा, एएनएम सहयोग कर रहे हैं। यह कार्यक्रम एक अप्रैल से निरंतर जारी है जिसमें ग्रामीण समाज को जागरूक किया जा रहा है कि वह अपने एक वोट का महत्व समझे व सही व्यक्ति को ही वोट करें। संकल्प पत्र के जरिए स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि वे 7 मई को सभी काम छोड़कर वोट अवश्य डालें जिससे कि जसवंतनगर में मतदान प्रतिशत बढ़ सके। इसी क्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जसवंतनगर के विद्यालयों में किया जा रहा है जैसे नुक्कड़ नाटक विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से जन जागरूकता अभियान, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि के माध्यम से लोगों को जागृत किया जा रहा है। जसवंतनगर में खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने जितेंद्र यादव एआरपी सामाजिक विज्ञान व हंसराज कंप्यूटर ऑपरेटर को इसका प्रभारी नियुक्त किया है। एआरपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के निर्देशानुसार स्वीकृत कार्यक्रम अपनी पूरी गति के अनुसार जसवंतनगर में चलाया जा रहा है तथा उम्मीद है कि मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार इसका प्रतिशत जसवंतनगर ब्लॉक में अवश्य बढ़ेगा।

लोगों को पंसद आ रहा सुरेश सिंह का सरल अंदाज

अवधनामा संवाददाता

- लोगों के बीच जा कर कर रहे सीधा संवाद

मथुरा। मथुरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान आगामी 26 अप्रैल को होना है। बसपा की ओर से समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार लोगों की मदद को आगे रहने के आदी सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में जोश है। सुरेश सिंह लोगों के बीच जा रहे हैं और आत्मीयता से उनके साथ घुल मिल रहे हैं। गांव गांव गली गली नुक्कड सभाएं कर रहे हैं और लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। लोगों को यह बात रास आ रही है कि कोई उनकी सुन रहा है और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा मौका दे रहा है। बसपा की ओर से जन जन तक पकड़ बनाने के लिए लगातार सघंन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को छाता विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरथला, गांव फूलवाना, गांव तुमौला, गांव चंदोरी, गांव कोटवन आदि दर्जनभर गांवों में जनसंपर्क किया। प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा कि छाता क्षेत्र में मेरी पहली सभा है। यहां मुझे बहुत प्यार मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि पहले कभी सांसद आपके पास आई। कभी आपकी समस्या सुनीं। आपके सुख दुख में शामिल हुई। बिजली देखकर जनता बिलबिला रही है, कोई सुनने को तैयार है। सुरेश सिंह ने कहा कि जनता सांसद इस लिए चुनती है कि वह लोगों की समस्याओं का समाधान कराए। जब सांसद पांच साल क्षेत्र में ही न रहे तो बदलाव जरूरी है। छाता क्षेत्र में युवा बेरोजगार है, शिक्षा, स्वास्थ्य का हाल बेहाल है।

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डा. हैनीमैन की मनाई गई जयंती

वहाज अली निहाल

इटावा। होम्योपैथीक चिकित्सा पद्धति के जनक डा.हैनीमैन की 269 वीं जंयती बुधवार को जिला होम्योपैथी कार्यालय मेडिकल केयर यूनिट पचराहा पर जिला होम्योपैथिक ऐसोसिएशन एंव जिला होम्योपैथी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनायी गई। कार्यक्रम का सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सीडीओ अजय कुमार गौतम ने हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, जिले भर से आये सरकारी एंव प्राईवेट होम्योपैथी चिकित्सकों नें महात्मा हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा न्जली अर्पित की। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम नें कहा कि चिकित्सक का मानदेय उसके मरीज के चेहरे की खुशी है, उन्होंने डा हैनीमैन को मानवता का पुजारी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला होम्योपैथक चिकित्सा अधिकारी डा.देवारानी नें महात्मा हैनीमैन के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि महामानव ने गरीबों और असाध्य रोगों को ठीक करनें के लिए इस महान चिकित्सा पद्धति की खोज की, मानव समाज उनका सदैव रिणी रहेगा। इस अवसर पर जिला होम्योपैथिक ऐसोसिएशन के अध्यक्ष डा के के सक्सेना, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित, डा अम्बरीष अग्रवाल, डा.विनय अग्रवाल नीमा के अध्यक्ष डा जयकिशन तिवारी, डा उमेश भटेले, डा.श्री कान्त, डा.दीपक अग्रवाल, डा आशीष दीक्षित, डा रिषी अग्रवाल, डा.पीयूष वर्मा, आदि ने भी डा हैनीमैन के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा मीरा संजय पूर्व डीएच एम ओ, डा.चन्द्र शेखर, डा.शशांक शेखर गुप्ता, डा.आर एन श्रीवास्तव, डा सोमालिका सिंह, डा सुमन, डा स्वेच्छा चतुर्वेदी, डा.प्रीती दुबे, डा.पीयूष अग्रवाल, डा.सुरेश चन्द्र यादव, डा.मनोज गौर, डा.सावित्री यादव, डा विमलेश आदि चिकित्सक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा के के निगम एंव डा काजल जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूक करने को हस्ताक्षर अभियान

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सामान्य लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विभिन्न सामाजिक संगठन और शैक्षणिक संस्थान मतदाताओं को तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का काम अनवरत जारी है सरकारी मशीनरी मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार सर्वोदय इण्टर कॉलेज चौमुहॉ मथुरा द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डॉ अखिलेश कुमार यादव मास्टर ट्रेनर स्वीप के निर्देशन में प्रधानाचार्य रूमा कुमारी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी अजय कुमार,सह नोडल गिरीश चन्द् शर्मा, स्काउट मास्टर सुभाष चन्द्र मौर्य एवं समस्त स्टाफ छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हस्ताक्षर अभियान में चौमुहॉ नगर के नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से ÷26अप्रैल 2024 को मतदान जरूर करें÷ यह संदेश दिया गया ।इस अवसर पर विद्यालय द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

सियादेवी मेमोरियल हॉस्पिटल पर मतदाता जागरुकता कार्यशाला हुई आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। समारंभा फाउंडेशन द्वारा जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सिया देवी मेमोरियल अस्पताल के सभागार में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय और सिया देवी मेमोरियल की निदेशक डॉ.रजनी रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। ऋचा राय ने मतदाताओं को जागृत करते हुए कहा कि महिलाएं यदि अपने जनप्रतिनिधि के चुनाव में सक्रिय भूमिका नहीं निभाएंगी तो फिर उनके तंत्र से प्रश्न या शिकायत करने का भी कोई औचित्य नहीं। उन्होंने कहा कि एक एक वोट महत्वपूर्ण है, हमारी पहचान का द्योतक है मतदान का अधिकार। ऋचा राय ने उपस्थित मतदाताओं से प्रश्न भी किए और मतदान संबंधित उनकी जिज्ञासा को शांत किया। डॉ.रमाकांत रावत ने युवाओं को मतदान के प्रति सजग होकर राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने को प्रेरित किया। डॉ.रजनी रावत ने मतदान संबंधित कार्य के संपादन के लिए कार्मिकों को विशेष अवकाश देने की घोषणा की। चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय से डॉ.नीलम यादव ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम से जुड़कर बहुत प्रेरणा मिली। डॉ.शशिप्रभा ने मतदान संबंधित नारे लगा कर सभी को प्रेरित किया। समाजशास्त्र के प्रोफेसर डॉ.नृपेन्द्र सिन्हा ने कार्यक्रम के संचालन के साथ साथ लोकतंत्र के महत्व को बताया। फाउंडेशन के इटावा, मैनपुरी के समन्वयक प्रोफेसर डॉ.अमित यादव ने जागरूकता अभियान में प्रतिभाग करने पर सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राशिका, मोहाली यादव, छवी, आभ्या पोरवाल गोपाल पांडेय, प्रीति आदि विद्यार्थी तथा नर्सिंग स्टाफ में प्रियंका शबा अंजना शिप्रा वंदना आरती आदि सहित कई शिक्षक, अधिकारी एवं कार्मिकों ने मतदान हेतु शपथ ग्रहण की। ऋचा राय ने मतदाताओं को मतदान की शपथ और 18 से कम उम्र के बच्चों को किन्ही 10 मतदाताओं को मतदान स्थल पर ले जाने की शपथ दिलाई।

दोषी मिलावटखोरों के विरुद्ध होगी कार्रवाही

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया तथा कुट्टू के आटे के सेवन से तबियत बिगड़ने वाले मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि फूड पॉइजन से 15 लोगो की तबियत खराब हुई है। सभी का इलाज चल रहा है और सभी की तबीयत में सुधार आया है। उक्त मरीज सुखदेव नगर, विकास नगर एवं द्वारकेश नगर के निवासी है। उन्होंने सी.एम.एस जिला अस्पताल को निर्देश दिए कि सभी को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि सभी 15 मरीजों की तबियत सामान्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि दोषी दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जा रही है। और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को भी नहीं बक्शा जायेगा जो बरसों से यहां जमे हुए हैं।

बाइक सवार दो लोगों ने अधिवक्ता को मारी गोली

अवधनामा संवाददाता

- गोली लगने से घायल हुआ अधिवक्ता
- अस्पताल में घायल को कराया भर्ती, जांच में जुटी पुलिस

मथुरा। जनपद के थाना मगोर्रा के अंतर्गत सौंख रोड पर गांव लालपुर के समीप कार सवार अधिवक्ता में पीछे से आये मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। गोली उनकी बांह में लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस उपचार को उन्हें अस्ताल में भर्ती करा घ्टना की की जांच कर रही है।

थानाध्यक्ष मगोर्रा पुष्पेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात समीर लवानियां एडवोकेट निवासी डैम्पियर नगर अपनी कार से सौंख रोड होते हुए गोवर्धन दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में लालपुर नहर से पहले ही पीछे से आये मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने उनको गोली मार दी। गोली उनकी बांह में लगने से घायल हो गये। घायल अवस्था में वह गाड़ी दौड़ा कर लालपुर चौराहे पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। अधिवक्ता के गोली लगने की सूचना पर एसपी देहात त्रिगुण बिसेन, सीओ गोवर्धन आलोक सिंह ने मौका मुआयना कर मामले की जानकारी की। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल अधिवक्ता को उपचार के लिये भर्ती करा दिया है। अधिवक्ता की तहरीर पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पूरी दुनियां में सबसे श्रेष्ठ है सिर्फ भारतीय संस्कृतिः प्रदीप

- नव संवत्सर पर गंगा समग्र ने मनाया दीपोत्सव, उतारी आरती

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। गंगा समग्र इकाई इटावा के तत्वावधान में नव संवतसर का स्वागत उत्सव यमुना घाट स्थित पीताम्बरा माता के मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया। गंगा समग्र की तरफ से दीपोत्सव और गंगा यमुना-आरती का आयोजन हुआ जिसमें अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर प्रान्त के प्रान्त सह कार्यवाह प्रदीप भदौरिया और इटावा विभाग के संघ चालक विनोद चंद्र पाण्डेय ने प्रतिभाग किया आरती के बाद सभी नें एक दूसरे को हिन्दू नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रदीप भदौरिया नें कहा कि भारतीय संस्कृति दुनियाँ में श्रेष्ठ है विक्रम संवत से पूरे विश्व में सबसे पहले कैलेंडर वर्ष की शुरुआत हुयी और हमारा नववर्ष ज्यादा व्यावहारिक है। आज की युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना जरूरी है। विनोद चंद्र पाण्डेय ने यमुना में फैली गन्दगी पर चिंता जताते हुए कहा कि आम लोगों को इसका ध्यान रखना चाहिए यमुना माता को स्वच्छ और निर्मल रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आरती में यमुना भाग कानपुर प्रान्त के संयोजक अवनीन्द्र सिंह जादौन गंगा समग्र के आयाम प्रमुख प्रांजल कुमार दुबे, अनूप दीक्षित, एडवोकेट अवनेन्द्र चौहान, अवधेश सिंह राजावत, स्मृति सिंह, आदित्य शर्मा, मुकेश त्रिपाठी, दीपक राज, राजीव चौहान, पीतांबरा धाम मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे, आचार्य किशन स्वरूप दुबे, पंडित शिवम दीक्षित व काफी संख्या में श्रद्धालु आरती में शामिल हुए सभी को प्रसाद भी वितरित किया गया।

मतदाता जागरूक करने को हस्ताक्षर अभियान

मथुरा। सामान्य लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विभिन्न सामाजिक संगठन और शैक्षणिक संस्थान मतदाताओं को तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का काम अनवरत जारी है सरकारी मशीनरी मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास जारी रखे हुए हैं। जानकारी के अनुसार सर्वोदय इण्टर कॉलेज चौमुहॉ मथुरा द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डॉ अखिलेश कुमार यादव मास्टर ट्रेनर स्वीप के निर्देशन में प्रधानाचार्य रूमा कुमारी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी अजय कुमार,सह नोडल गिरीश चन्द् शर्मा, स्काउट मास्टर सुभाष चन्द्र मौर्य एवं समस्त स्टाफ छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हस्ताक्षर अभियान में चौमुहॉ नगर के नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से 26 अप्रैल 2024 को मतदान जरूर करें÷ यह संदेश दिया गया।

सात जोड़े सामूहिक विवाह में दांपत्य जीवन से बंधे

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति उत्तर प्रदेश द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समस्त वर्गों के लोगों ने परिवार सहित भाग लिया कार्यक्रम में सर्वप्रथम सामूहिक बारात बैंड बाजे के साथ मंगलकारी धुनगाते हुए विवाह स्थल पहुंची बारात का सभी वर्गों के लोगों ने खास तौर पर सैनी समाज के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सात जोड़े दाम्पत्य बंधन में बँधे। समिति द्वारा सामूहिक दहेज रहित विवाह में भाग लेने वाले सभी दूल्हा दुल्हन एवं पारिवारिक लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप जलाकर नवजीवन की नींव रखी इस मौके पर समाज के गणमान्य बुजुर्ग राम भरोसी चांदी वाले भगवान सिंह राल वालों ने दहेज रहित विवाह आयोजन को आधुनिक समाज की जरूरत बताकर प्रशंसा की इस मौके रमेश सैनी ओमपाल सैनी ने सभी सहयोगी साथियों का आभार व्यक्त किया सामूहिक विवाह समारोह में वर वधू को उपहार देने वालों का तांता लग गया अपार खुशी के माहौल में हुए संयोजन को लोगों ने मिल का पत्थर बताया कर भाग लिया कार्यक्रम का संचालन राम अचल मौर्य एवं संयोजक राजेश सैनी ओमप्रकाश सैनी संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम की अध्यक्षता नत्थीलाल सैनी जी ने की। सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य रूप से लुकेश कुमार राही अध्यक्ष अखिल भारतीय समता फाउंडेशन, लक्ष्मण सैनी पार्षद, बन्टी पार्षद, जगदीश सैनी, गौरव सैनी, कैलाश सैनी, महेश सैनी, लक्की सैनी, मुकेश सैनी, रामबाबू सैनी, रमेश सैनी, कालू सैनी, आकाश बाबू, गुलाब चन्द, सत्यप्रकाश, योगेश चौधरी, राजकुमार सैनी आदि उपस्थित थे।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन मतदान का करेगा आह्वान

मथुरा। देश में चुनावी बिगुल बज चुका है। 18वीं लोकसभा के सदस्यों को चुनने के लिए आम चुनाव होने हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मथुरा जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान तीव्र गति से चल रहा है। इसी क्रम में मथुरा वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय होटल क्रिस्टल इन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर व स्वीप सूचना प्रभारी मनीष दयाल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आप स्वयं तो मतदान करेंगे ही, साथ ही साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे और मतदाता को जागरूक करेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं हमारी जिम्मेदारी भी है। सचिव आर.बी.चौधरी ने कहा कि हम सभी को मतदान को गंभीरतापूर्वक लेते हुए सारे काम छोड़कर पहले मतदान करना है फिर कोई अन्य कार्य करना है। संजीव गर्ग कोषाध्यक्ष ने कहा कि मतदान एक ऐसी ताकत है जिससे आप अपने देश को बदल सकते हैं।

ब्राह्मण सेवा संघ ने किया झांकियों का भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। वृन्दावन में नव संवत्सर शोभा यात्रा का ब्राह्मण सेवा संघ ने बागवाला ट्रेवल्स दुसायत पर एवम बृजवासी होटल रंगजी पर स्वागत किया।इसमें सप्त देवालयों में मंदिरों की अनेकों झांकियां बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकली दुसायत पर ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष सतीश पाराशर ने सभी का दुपट्टा, चंदन व पुष्प वर्षा से स्वागत किया। सारस्वत सभा के कार्यालय पर अध्यक्ष बिहारीलाल शर्मा ने स्वागत किया। शोभा यात्रा का स्वागत युवा अध्यक्ष गोविंद नारायण ब्रजवासी ने दुपट्टा, चंदन व फूल मालाओं से स्वागत किया।शोभा यात्रा के स्वागत के लिए वृंदावन के गणमान्यों ने उत्सुकता के साथ इंतजार कर स्वागत किया। संस्थापक चंद्र लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सत्यभान शर्मा, नगर अध्यक्ष सतीश चंद पाराशर, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोविंद नारायण ब्रजवासी, ब्राह्मण महा सभा के सुरेश चंद शर्मा संस्थापक, बंशी तिवारी, रविकांत गोतम, मोहनलाल शर्मा, रमाकांत शर्मा, बृजेश शर्मा, रामेश्वर शर्मा, अशोक कविराज, प्रियशरण भक्त माली, बनवारी लाल गोड, आदि ने भाग लिया।

आयोलाल झूलेलाल से शुरू हुआ चेटीचण्ड पर्व, रही धूम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सिंधी जनरल पंचायत द्वारा वरूणावतार भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया, बुधवार का दिन आयोलाल झूलेलाल के जयकारों से शुरू हुआ । ब्रज में सारा दिन चेटीचण्ड पर्व की धूम रही, जिसकी रौनक में शहर रंगा रहा। श्रीकृष्ण नगरी चहुंओर सिंधीमय नज़र आयी। शहर में निकली आकर्षक शोभायात्रा चेटीचण्ड पर्व का मुख्य आकर्षण भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा रही, जो सेठ बाड़े तिलक नगर से शुरू हुई। शोभायात्रा में सिंधी समुदाय की प्रसिद्ध डंडेशाही का आकर्षक खास था, जिसमें संगीत की मधुर ध्वनि के साथ नाचते नौजवानों की लय कदम ताल तथा डण्डों की खनक का रोमांचकारी प्रदर्शन दर्शनीय था। स्थान-स्थान पर छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत डंडेशाही का मनोरंजक तथा भावपूर्ण नजारा देखते को राह चलते लोग रूक गये, सभी ने डंडेशाही में करतब दिखाते युवकों की सराहना की। आयोलाल-झूलेलाल की मस्ती में हर कोई डूब गया। इससे पूर्व सिंधी पंडित मोहनलाल महाराज ने झूलेलाल की अमर ज्योत प्रज्जवलित की, तदोपरांत सिंधी लोकगीत और झूलेलाल के तराने प्रस्तुत किये गए।

प्रतिभाशाली एवं रक्तदाता हुए सम्मानितः झूलेलाल जन्मोत्सव पर सिंधी जनरल पंचायत द्वारा 11 रक्तदाता युवक-युवतियों सहित 12 सजातीय प्रतिभाशाली मेधावी छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सहयोग हेतु आभारः सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री, बसंत मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, जीवतराम चंदानी, किशन भाटिया, गुरूमुखदास गंगवानी, प्रदीप उकरानी, गोपाल भाटिया, चंदनलाल आडवानी, जितेंद्र लालवानी, किशोर इसरानी, अशोक अंदानी, सुंदरखत्री, सुदामा खत्री, झामनदास नाथानी, सुनील पंजवानी, भगवान दास बेबू , जितेंद्र भाटिया, पीतांबर रोहेरा, अनिल मंगलानी, सुरेश मेठवानी, कन्हैयालाल भाईजी, रमेश नाथानी, गिरधारी नाथानी, तरूण लखवानी, हरीश चावला, सुरेश मनसुखानी, विशनदास, वासदेव आदि ने सुरक्षा यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन तथा शोभायात्रा के मार्ग की सफाई हेतु मथुरा वृन्दावन नगर निगम प्रशासन के साथ ही सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

नवरात्र महोत्सव के व्यंजन खाने से फूड प्वाइजनिंग, प्रशासन में हड़कंप

- जिलाधिकारी ने बीमारों का हाल जानकर, खाद्य विभाग को कार्रवाई के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत खाएं गए व्यंजन लोगों की जान के दुश्मन बन गए हैं। फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए 50 से भी ज्यादा लोगों को अलग-अलग स्थान पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। लोगों के बड़ी संख्या में बीमार पड़ने की सूचनाओं से स्वास्थ्य महक में में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को नवरात्र महोत्सव के दूसरे दिन 50 से भी ज्यादा लोगों के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने की वजह से बीमार हो जाने की सूचना पर स्वास्थ्य महकमें हड़कंप मच गया है। पहले सूचना जैंत थाना क्षेत्र के बाटी गांव से आई, यहां नवरात्र महोत्सव के मौके पर व्रत खोलने के लिए खाएं गए कुटु के आटे के बने व्यंजन खाने से 50 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं, जिन्हें आस-पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमार होने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक है। इसके अलावा अडींग और विकास नगर से भी फूड प्वाइजनिंग का शिकार लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है। यहां भी बीस से भी ज्यादा लोगों को जिला अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सीएमओ ऑफिस के नोडल अधिकारी डॉक्टर भूदेव के मुताबिक पानी गांव से भी फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर लोगों के बीमार होने की जानकारी मिली है। वहां पर भी एक टीम भेजी गई है। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह फूड प्वाइजनिंग से भारी संख्या में बीमार हुए लोगों का हाल-चाल जानने के लिए जिला अस्पताल पहुंच गए जहां पर उन्होंने उपचारक्त लोगों से पूछताछ करके जानकारी एकत्रित की जिलाधिकारी की तेवर बहुत ही सख्त रहे उन्होंने जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर मुकुंद बंसल को सभी बीमारी को पर्याप्त और सुलभ इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग के अधिकारियों को तलब कर घटिया मिलावटी और विषाक्त हो चुके कुटु के आटे को बेचने वाले दुकानदारों और भंडारण करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जनपद में पूर्व में भी कुटु के आटे से बना प्रसाद खाने से दर्जन भर घटनाएं हो चुकी हैं मिलावट खोरों का यह खेल खाद्य विभाग की मिली भगत से चलता आ रहा है। इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है।



मुसलमानों का पवित्र त्योहार है ईद-उल-फितर

ईद-उल-फितर दरअसल दो शब्द हैं ईद और फितर। असल में ईद के साथ फितर को जोड़े जाने का एक खास मकसद है। वह मकसद है रमजान में जरूरी की गई रुकावटों को खत्म करने का ऐलान। साथ ही छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सबकी ईद हो जाना। यह नहीं कि पैसे वालों ने, साधन-संपन्न लोगों ने रंगारंग, तडक़-भडक़ के साथ त्योहार मना लिया व गरीब-गुरबा मुंह देखते रह गए। शब्द फितर के मायने चीरने, चाक करने के हैं और ईद-उल-फितर उन तमाम रुकावटों को भी चाक कर देती है, जो रमजान में लगा दी गई थीं। जैसे रमजान में दिन के समय खाना-पीना व अन्य कई बातों से रोक दिया जाता है। ईद के बाद आप सामान्य दिनों की तरह दिन में खा-पी सकते हैं।

ईद-उल-फितर मुसलमानों का पवित्र त्योहार है। यह रमजान के 30 दिन के पश्चात चांद देख कर दूसरे दिन मनाया जाने वाला एक पर्व विशेष है। रमजान के पूरे महीने में मुसलमान रोजे रखकर अर्थात भूखे-प्यासे रहकर पूरा महीना अल्लाह की इबादत में गुजार देते हैं। इस पूरे महीने को अल्लाह की इबादत में गुजार कर जब वे रोजों से फारिग हो जाते हैं तो चांद की पहली तारीख अर्थात जिस दिन चांद दिखाई देता है, उस रोज को छोडक़र दूसरे दिन ईद का त्योहार अर्थात 'बहुत खुशी का दिन' मनाया जाता है। इस खुशी के दिन को ईद-उल-फितर कहते हैं

ईद का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान किसी पाक साफ जगह पर, जिसे ईदगाह कहते हैं, वहां इकट्ठे होकर दो रक्आत नमाज शुक्राने की अदा करते हैं। 'ए अल्लाह' आपका शुक्रिया कि आपने हमारी इबादत कबूल की। इसके शुक्राने में हम दो रक्आत ईद की नमाज पढ़ रहे हैं। आप इसे कबूल भी करें। ईद की नमाज का हुक्म भी अल्लाह तआला की तरफ से है। ईदगाह में नमाज पढऩे के लिए जाने से मुसलमान लोग फितरा अर्थात जान व माल का सदका, जो हर मुसलमान पर फर्ज होता है, वह गरीबों में बांटा जाता है। सदका अल्लाह ने गरीबों की इमदाद का एक तरीका सिखा दिया है। गरीब आदमी भी इस इमदाद से साफ और नए कपड़े पहनकर और अपना मनपसंद खाना खाकर अपनी ईद मना सकते हैं। अमीर-गरीब एक साथ मिलकर नमाज पढ़ सकते हैं।

रोजा क्या है

कुरान शरीफ के शब्दों में 'ए ईमान वालों, हमने तुम पर रोजे पाक कर दिए हैं, जैसा कि तुमने पिछली उम्मतों (अनुयायियों) पर फर्ज किए थे ताकि तुम मुत्तफिक अर्थात फरमाबरदार बन जाओ। यह गिनती के चंद दिन हैं, अगर तुम में से कोई मरीज है या सफर में है, तो उस वक्त रोजे छोडक़र ईद के बाद में अपने रोजे पूरे कर सकता है। रमजान के पूरे महीने में मुस्लिम लोग भूखे-प्यासे रहकर और इन्द्रियों पर नियंत्रण रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। वह शबे-कद्र की रात को सारी रात जाग कर अल्लाह की इबादत करते हैं।

रमजान क्या है?

रमजान महीने का नाम है, जिस प्रकार हिंदी महीने चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, सावन आदि हैं। मुस्लिम महीने मुहर्रम, सफर, रबीउल अव्वल, रबीउल आखिर, जमादी-उल-अव्वल, जमादी उल आखिर, रजब, शाबान, रमजान, शव्वाल, जिलकाद, जिलहिज्ज- ये बारह महीने आते हैं।

खुशी का दिन

यह खुशी खास तौर से इसलिए भी है कि रमजान का महीना जो एक तरह से परीक्षा का महीना है, वह अल्लाह के नेक बंदों ने पूरी अकीदत, ईमानदारी व लगन से अल्लाह के हुक्मों पर चलने में गुजारा। इस कड़ी आजमाइश के बाद का तोहफा ईद है। पुस्तकों में आया है कि रमजान में पूरे रोजे रखने वाले का तोहफा ईद है। इस दिन अल्लाह की रहमत पूरे जोश पर होती है तथा अपना हुक्म पूरा करने वाले बंदों को रहमतों की बारिश से भिगो देती है। इसे मीठी ईद भी कहा जाता है. दरअसल इस ईद पर मुस्लिम समुदाय के लोगों के घरों में सेवाइया और मिठाईयां बनाने के साथ बांटी जाती हैं. वहीं, लोग एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते हैं ईद के लिये घरों की साफ-सफाई की गईं हैं और सिवाईं बनाईं गईं हैं। बाजार में सिवाईयों के साथ फैनी उपलब्ध हैं। दरगाह हजरत ख्वाजा खानून पर खत्म शबीना शरीफ आज। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन डॉ एजाज खानूनी ने बताया कि रमजान शरीफ में हाफिज जनाब हासिम रसा साहब द्वारा दरगाह की मस्जिद मेंहाफिज जनाब साजिद अली साहब व् तराबीह पढाई गई और कुरान पाक पूरा किया गया। शबीना शरीफ में तीन रात में खत्म कुरान शरीफ करेंगे। इस मौके पर जश्ने हमीद रे अ में खत्म शबीना शरीफ होकर दावते सेहरी होगी जिसमें सब के लिए लंगर आम चलेगा। दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब खास दुआ करेंगे और शहर के पचास हाफिज साहेबान को चादर, तबर्रुक और उपहार देकर सम्मानित करेंगे। दरगाह हजरत ख्वाजा खानून पर पूरे रमजान शरीफ में रोजा अफ्तार का इन्तजाम किया गया है। हर जुमेरात को लंगर आम होता है। आखिरी जुमेरात को दरगाह पर सालभर चढाई गई चादरें जरूरतमन्दो को बांटी जाती हैं। आज आखिरी जुमेरात होने से चादरों का वितरण भी होगा।

अलग-अलग है जकात और फितरा

सहरसा बस्ती के बड़े मस्जिद के इमाम मौलाना सोहराब मदनी ने बताया कि जकात और फितरा दोनों अलग-अलग है. जकात साल में एक बार निकाला जाता है. वे बताते हैं कि अगर आपके घर में साढ़े 7 तोला सोना और साढ़े 52 तोला चांदी के साथ अगर आपके घर में अधिक पैसे हैं, तो आपको 2.5% जकात निकालना जरूरी है. साथ ही खर्च एवं कर्ज चुकाने के बाद अगर एक साल के अंदर आपके पास 32000 के आसपास रकम बचता है, तो आपके ऊपर जकात निकालना फर्ज हो जाता है

किसे नहीं दे सकते हैं जकात

मौलाना सोहराब मदनी ने बताया कि किसे जकात दे सकते हैं, इसके लिए भी स्पष्ट तौर पर बताया गया है. वे बताते हैं कि शौहर अपनी बीबी को और बीबी अपने शौहर को जकात नहीं दे सकती है. भाई-बहन, भतीजा-भतीजी, भांजा, चाचा, फूफी, खाला, मामा, ससुर, दामाद में से जो जरूरतमंद और हकदार हैं, उन्हें जकात देने में कोई हर्ज है. वे कहते हैं कि हदीद्व में यह भी कहा गया है कि जकात का पैसा अगर किसी जरूरतमंद के बीच चला जाता है तो देने वाले को उसका शबाब मिलता रहता है रमजान का पाक महीना शुरू होते ही 1 महीने तक रोजा रखा जाता है. अगर रोजे में किसी प्रकार की कोई गलती या कोताही हो जाती है, तो रोजा की गलती को साफ करने के लिए फितरा निकाला जाता है. इसमें गरीबों के बीच दान किया जाता है।

बनाएं बनारसी कलकतिया सेवई

गौरव सिंह, भोजपुर. बिहार के आरा में रमजान के बाद ईद आते ही बाजार सेवई की खुशबू से भर उठा है मुस्लिम समाज के लोग ईद को लेकर खास तैयारी करने में जुटे है ईद में पकवान का सबसे ज्यादा महत्व होता है. पकवान में भी सेवई के बिना ईद है ही नहीं. आरा के बाजार में ईद के लिए देश के कई अलग-अलग शहरों की खास सेवइयां बेची जा रही है

ईद में सेवइयां होती है खास

ईद का नाम लें तो लजीज सेवई की मिठास मुंह में पानी ला देती है कहते हैं कि सेवई तो 365 दिन में कभी भी बनाई जा सकती है, लेकिन ईद की सेवई स्वाद ही अलग होता है. इस समय सेवई की दुकानों से बाजार सज गई है. ऐसी मान्यता है कि 30 दिन रोजे रखने के बाद लोगों को अल्लाह ने ईद तोहफे में दी है द बेकरी शॉप पर उपलब्ध है कई तरह की सेवई आरा के मिल्की मोहल्ला में स्थित द बेकरी शॉप शहर में सेवई के लिए काफी मशहूर है. यहां भारत के हर जगह की खास सेवई बेची जाती है. जैसे की कलकतिया लच्छा, बनरसीया लच्छा और लखनऊ लच्छा. इन तीनों शहरों का लच्छा (सेवई) ईद में पूरे देश के लिए मशहूर है

ईद के दिन हाथों को हिना से सजाएं

ईद के दिन महिलाएं सजने संवरने का मौका नहीं छोड़तीं. इस दिन का जश्न मनाने के लिए महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनती हैं और हथेलियों में मेहंदी लगाती हैं. ईद से एक दिन पहले यानी कि चांद रात के लिए घर की सारी महिलाओं में मेहंदी रचने का उत्साह देखने को मिलता है और वे रात रात तक जागकर हाथों में एक दूसरे को मेहंदी लगाती हैं ईद के दिन छोटी बच्चियों से लेकर शादीशुदा महिलाएं भी हाथों में तरह तरह की मेहंदी लागती हैं. दरअसल मेहंदी लगाने की परंपरा काफी जमाने से चली आ रही है और इसे ईद की खुशियों में जश्न की तरह माना जाता रहा है ऐसे में अगर आप इस साल कुछ लेटेस्ट मेहंदी की डिजाइन ढूंड रही हैं तो यहां कुछ डिजाइन आप अपने हाथों पर लगा सकती हैं. ईद पर ये मेहंदी डिजाइन आपके हाथों को सबसे खूबसूरत बनाएंगे और ये काफी अलग भी दिखेंगे. आप चाहें तो ये डिजाइन अपने घर की महिलाओं को लगा भी सकती हैं और दोस्तों के साथ डिजाइन शेयर भी कर सकती हैं गोरे गोरे हाथों पर अरेबिक स्टाइल वाली मेहंदी डिजाइन काफी फबती है. ऐसे में आप फ्रंट और बैक हैंड पर इस तरह के मेहंदी डिजाइन बना सकती हैं. गोल डिजाइन वाले ये प्रिंट आपके हाथों को भरा भरा दिखाएंगी और उंगलियों में रिंग डिजाइन अंगूठी जैसा दिखेंगी. आप चाहें तो कलाई पर ब्रेसलेट डिजाइन बनाकर अपने हाथों को और भी खूबसूरत बना सकती हैं अगर आप हथेली में भरी मेहंदी लगाना पसंद नहीं करती हैं और कुछ नया डिजाइन ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह साइड डिजाइन वाला मेहंदी स्टाइल आप ट्राई करें. आप इस तरह फूल बनाने के साथ साथ अरेबिक भाषा में कुछ लिखवा सकती हैं और लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं. ये डिजाइन बैक हैंड के साथ साथ फ्रंट हैंड पर भी अच्छा लगेग बैक हैंड पर फूलों की लड़ी डिजाइन एवरग्रीन है इसे बनाने में कम वक्त लगता है जबकि ये दिखने में काफी क्लासी और क्यूट दिखता है. आप ईद पर ये डिजाइन ट्राई कर सकती हैं

शत प्रतिशत नामांकन व शत प्रतिशत मतदान कराने पर जोर

- नौनिहालों ने स्कूल चलो के नारों सहित, लोगों को लोकतंत्र के महापर्व पर वोट ज़रुर देने का किया अपील
- स्कूल चलो व मतदाता जागरूकता रैली निकाल अभिभावकों को किया गया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों मे स्कूल चलो अभियान व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालय प्यारेपुर ब्लाक करंजाकला में स्कूल चलो अभियान व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में संपूर्ण नामांकन कराने और बच्चों को स्कूल भेजने के साथ-साथ मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

रैली में बच्चे तख्ती पर लिखे स्लोगन आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, दीप से दीप जलाएंगे, साक्षर देश बनाएंगे, हम भी स्कूल जाएंगे, पापा मम्मी का मान बढ़ाएंगे, हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में जाकर नाम लिखाओ, शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है। छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करो मतदान। मम्मी पापा भूल न जाना, 25 मई को मतदान करना। बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान। आदि नारों के साथ बोलते हुए गांव में भ्रमण करते रहे।

रैली में छात्रों संग चल रहे शिक्षकों द्वारा दुकानों, घरों व चौराहे पर मिलने वाले लोगो से स्कूल में छात्र नामांकन व मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। अभिभावकों ने भी बहुत उत्साहपूर्वक नामांकन कराने व मतदान करने की बात दोहराई। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर ने कहा कि हर घर शिक्षा का दीप जलेगा तब जाकर अंधकार मिटेगा, इसलिए अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों का नामांकन नज़दीक के सरकारी स्कूलों में अवश्य कराये, और प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजते रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मनपसंद सरकार चुनने के लिए प्रत्येक नागरिक को पांच वर्ष में यह अवसर मिलता है इसलिए आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र की नींव रखने में योगदान दें। शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराये और शत प्रतिशत मतदान करें।

स्कूली बच्चों ने संकल्प लिया कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस-पड़ोस और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे मतदान प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका नुज़हत अंसारी, शिक्षिकाएं नीता गुप्ता, फरह परवीन, प्रतिमा गुप्ता, निधि मौर्या व शिक्षा मित्र प्रियंका श्रीवास्तव सहित छात्र छात्राएं व गांव के लोग उपस्थित रहे।

चौधरी ननिहाल सिंह क्लब को मिली जीत

प्रयागराज। चौधरी नोनीहाल सिंह क्लब ने तेजस क्रिकेट क्लब को 67 रन से हराकर साबिरा बेगम स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 193 रन (विपुल द्विवेदी 49, मोहम्मद आसिम 43, आशुतोष कुमार 33, आदर्श सिंह 2/38, राहुल यादव 2/51, दिव्यांशु यादव, शुभम प्रजापति व सानिध्य श्रीवास्तव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में तेजस क्लब की टीम 21.1 ओवर में 126 रन (दिव्यांशु यादव 43, अनिकेश सिंह 24, वंश केसरवानी 20, अमन शुक्ला 3/14, आशुतोष भास्कर 3/25, मोहम्मद अंशी 2/22) पर सिमट गई। अमन शुक्ला को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

समाजसेवी पं. त्रिपुरारी का निधन क्षेत्र, में शोंक की लहर

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। ग्राम पंचायत खरेला के पूर्व प्रधान और समाज में प्रमुख स्थान रखने वाले समाजसेवी पंडित त्रिपुरारी मिश्र का हार्ट अटैक से निधन हो गया। बताया जाता है कि अचानक उनकी तबीयत खराब होने के कारण स्थानीय डॉक्टरों की राय से बनारस ले जाते हुए रास्ते में ही निधन हो गया । पंडित त्रिपुरारी मिश्रा गरीबों मजदूरो पीड़ितों वंचितो की निरंतर सेवा सहयोग करते थे वह लगातार 22 वर्षों तक प्रधान रहे। जिससे उन्हें लोग राजा महाराजा कहते थे स वे एक सामाजिक प्राणी थे समाज में उनकी एक ख्याति थी । उनकी शिक्षा शिवली कॉलेज व डीएवी कॉलेज में हुई थी। ठ.म्क चंदेश्वर कॉलेज में साइकिल से शिक्षा ग्रहण करने जाया करते थे। वह गरीबों की दर्द को जानते थे उनको सरकारी योजनाओं का बढ़ चढ कर लाभ दिलवाते थे स आज से 40 वर्ष पूर्व कलंदरपुर में उन्होंने स्कूल की स्थापना किया था और शिक्षा का अलख जगाया था। उन्होंने सभी को सर्व शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया स उनके निधन की सूचना सुनते ही परिवार व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और भारी संख्या में लोग उनके घर पर पहुंचने लगे शोक व्यक्त करने लगे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में उनके ज्वेषठ पुत्र एमएसडी कॉलेज आफग्रुप के चेयरमैन संतोष कुमार मिश्रा राजा साहब के द्वारा किया गया।

राजपाल द्वारा अंतरराष्ट्रीय विद्वान की तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। जिले में आगमन पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा ने साहित्य मनीषी अंतर्राष्ट्रीय ख्यात प्राप्त विद्वान डॉ. यमुना शंकर पांडेय उर्फ प्रकाश के द्वारा रचित तीन पुस्तकों का विमोचन किया। जिनमें विश्वात्मा, सदाशिव, अभिनंदन ग्रंथ व जीवनी रही आप को बता दें कि यमुना शंकर पाण्डेय मूलरूप से ग्राम, पोस्ट गौरामाफी प्रतापगढ़ के निवासी हैं। वार्ता के दौरान पाण्डेय जी ने बताया कि वार्ताकार आकाशवाणी दूरदर्शन केंद्र लखनऊ वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा अनेकों नेक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा मानक उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। वही उनके बड़े सुपुत्र डॉ. कृष्ण कुमार पाण्डेय मेडिकल अफसर जिला चिकित्सालय जौनपुर हैं तथा दूसरे पुत्र बृजेश पाण्डेय पुस्तकालय अध्यक्ष जिला राजकीय पुस्तकालय जौनपुर और छोटे पुत्र डॉ.अरविंद पाण्डेय मेडिकल ऑफिसर सी.एच. सी. बदलापुर है। जहां पाण्डेय जी का पूरा परिवार विद्वत है। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भतीजे ब्रह्मदेव मिश्र के साथ पारिवारिजनों से मुलाकात किया। उसके उपरान्त पत्रकारों से रूबरू होकर नई शिक्षा नीति एवं अयोध्या और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर विस्तार से चर्चा किया। उसके उपरांत लगभग शाम 4:00 बजे बाबतपुर हवाई अड्डे के लिए रवाना हुए। जहा से वह राजस्थान के लिए प्रस्थान करेंगे । इस मौके पर उत्तर प्रदेश शासन के स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चंद्र यादव, प्राचार्य सुरेश पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं उमाशंकर सिंह, एसडीएम मड़ियाहूं कुणाल गौरव, थानाध्यक्ष रामपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह, सुरेरी थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह, मड़ियाहू कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, भारी संख्या में पुलिस फोर्स सहित मड़ियाहूं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, मनोज चौरसिया मौजूद रहे।

पीयू के डा. आलोक, अनुराग फेलोशिप के लिए चयनित

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा. आलोक कुमार वर्मा का चयन विज्ञान अकादमी ग्रीष्मकालीन अनुसंधान फेलोशिपङ्क 2024 के लिए हुआ है। इसी फेलोशिप में परास्नातक भौतिक विज्ञान विभाग के छात्र अनुराग पाण्डेय भी चयनित हुए हैं। यह कार्यक्रम भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली एवं भारतीय विज्ञान अकादमी, प्रयागराज द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित किया जाता है। इस ग्रीष्मकालीन अनुसंधान कार्यक्रम के लिए डा वर्मा को राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में दो माह का अध्येतावृत्ति अनुमोदित हआ है। यह प्रयोगशाला भारत में अन्तरराष्ट्रीय मात्रक प्रणाली का अनुरक्षण तथा राष्ट्रीय भार तथा माप के मानकों का अंशांकन (कैलीब्रेशन) करती है। डा. वर्मा इस दौरान राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में डा. एन. विजनय के साथ थर्मोइलेक्ट्रिक मैटेरियल की डिज़ाइन पर कार्य करेंगे। इस मैटेरियल की मदद से अपशिष्ट उष्मीय ऊर्जा को उपयोगी विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। दुनिया भर में प्राथमिक ऊर्जा खपत का लगभग 70त्न रूपांतरण प्रक्रिया के दौरान बर्बाद हो जाता है। डा वर्मा के निर्देशन में लघु शोध कार्य कर रहे परास्नातक भौतिक विज्ञान विभाग के छात्र अनुराग पाण्डेय का भी चयन इस फेलोशिप कार्यक्रम में हुआ है। अनुराग पाण्डेय एस. आर. एम. विश्वविद्यालय अमरावती, आंध्र प्रदेश के प्रो. रंजीत थापा के निर्देशन में दो माह तक डी. एफ. टी. आधारित कम्प्यूटेशनल पद्धति का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

शिल्प कला प्रतियोगिता में यूकेजी ग्रुप प्रथम

- बच्चों ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुँगराबादशाहपुर)। नगर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में बुधवार को ईद त्योहार को लेकर शिल्प कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक के बच्चों ने प्रतिभा लिया।और बच्चों द्वारा ईद का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छात्रों के चेहरों पर खुशी की झलक देखने को मिली।

बच्चों के अंदर की कलाकृतियों को बाहर लाने के लिए स्कूल में एक आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने शिल्प कला प्रतियोगिता प्रतियोगिता के माध्यम से चार्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा एक गिलीटर सीट से चांद -सितारे और अपने अंदर की कलाकृतियों को उकेरा। जो देखते ही बन रहा था और शिक्षक भी बच्चों की कलाकृतियों से अचंभित हुए बिना नहीं रह सके। बच्चों ने चार्ट पर शिल्प कला के माध्यम से ईद की मुबारकबाद दी। शिल्प कला प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी ग्रुप प्रथम स्थान, कक्षा नर्सरी ग्रुप द्वितीय स्थान व कक्षा एलजी ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधाविियों को विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में एलिजा, देवांश, अनायत, अखंड, विपुल, आयुषी, अवंतिका, देवांश, आरिफ, जयस व निवेश आदि बच्चों ने प्रतिभा किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने बच्चों को भाईचारे के साथ मिलजुल कर सभी को त्यौहार मनाने का संदेश दिया। कहा कि ऐसी प्रतियोगिता कराने से बच्चों को सभी धर्म के प्रति सम्मान एवं सौहार्द की भावना पैदा करना है। प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सारीबा, किरण मौर्य, रेनू सिंह,मधु, निशा,रंजीत गुप्ता, सुभाष मिश्रा व आदित्य गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

शिया समुदाय ने ईदुल फितर की नमाज अदा की

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। ईदगाह सदर इमामबाड़ा बेगमगंज जौनपुर में शिया मुस्लिम समुदाय की नमाज़ अदा की गई इस मौके पर मौलाना महफुज़ुल हसन? खां ने कहा कि ईदुलफितर मुसलमानों के लिए कीमती तोहफा है उन्होंने कहा कि फितरे को उसके मुस्तहक़ (पात्र) तक ईद के रोज़ ही पहुंचा देना चाहिए उन्होंने

ईद के चांद का एलान आयतुल्ला उल उज़्मा सैययद अली सिस्तानी के हिन्दोस्तान के दो प्रतिनिधि (वकीलों) मौलाना सैय्यद अहमद अली आब्दी और मौलाना सैय्यद अशरफ अली ग़रवी ने तस्दीक की उसी बुनियाद पर ये एलान यहां किया गया है उन्होंने पैग़ाम दिया कि ईदुलफितर को हम सब मिलकर मनाएं अल्लाह हम सब के आमाल को क़ुबूल फरमाए उन्होंने मुल्को मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ की ईदगाह में दूसरी नमाज़ मौलाना आबिद आग़ा खां नजफी ने पढ़ाई एवं देश की तरक्की एवं खुशहाली के लिए दुआ कराई शिया जामा मस्जिद के मुतवल्ली शेख़ अली मंज़र डेज़ी ने देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी व जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा किया ईद के मुबारक मौके पर ईदगाह पर ईद की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, इंस्पेक्टर ट्रैफिक, शहर कोतवाल, सराय पुख्ता चौकी इंचार्ज, पुरानी बाजार चौकी इंचार्ज, इंस्पेक्टर एल,आई,यूं, राज कॉलेज चौकी इंचार्ज, श्रवण जायसवाल, तहसीन अब्बास सोनी, असलम नकवी, नासिर रजा गुड्डू ,मोहम्मद हसन मास्टर, अहमद, सचिन चौरसिया, इरशाद जैदी,नगर पालिका अधिकारी, पत्रकार बंधु एवं शहर के बुद्धिजीवी जन मौजूद थे।

शिया मुसलमानों ने पढ़ी ईद की नमाज़

- रात दो बजे शिया समुदाय की ओर से हुआ ईद के चांद का ऐलान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भारत के लगभग 95 प्रतिशत शिया समुदाय ने बुधवार को ईद उल फित्र की नमाज़ अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ अदा की। इस्लामिक ऐतेबार से माहे रमज़ान के रोज़े मुकम्मल होने पर खुदा द्वारा अपने बन्दों को रहमत बरकत व मग़फिरत के दिन मुकम्मल करने ईद उल फित्र को बन्दों के लिए तोहफा करार देते हुए देश के विभिन्न शहरों व प्रयागराज की मुख्तलिफ शिया मस्जिदों में बन्दों ने बारगाहे इलाही में शुक्र का सजदा किया। सफेद कुर्ता पायजामा और सर पर टोपी लगा कर बच्चे बूढ़े और नवजवान पंक्तिबद्ध होकर मस्जिद पहुंचे और बा जमात नमाज़ अदा किया। चक शिया जामा मस्जिद में इमाम ए जुमा वल जमात सैय्यद हसन रज़ा जैदी, मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार में इमाम ए जमात जव्वादुल हैदर रिज़वी, मस्जिद बीबी खदीजा करैली में मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर की क़यादत में बड़ी संख्या में शिया समुदाय ने ईद उल फित्र की नमाज़ अदा की। मस्जिदों के बाहर पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहकर नमाज़ को सकुशल संपन्न कराने में मुस्तैद रहे। वहीं करैली, दरियाबाद, रानी मण्डी, दायरा शाह अजमल की मस्जिद ए नूर, करैली वी आई पी कालोनी की जमीयतुल अब्बास सहित अन्य शिया समुदाय की मस्जिदों में ईद उल फित्र की नमाज़ अदा कि गई।

सेवईयों के लुत्फ उठाने में साथ साथ रहे हिन्दू व मुसलमान

प्रयागराज। ईद हो और सेंवई की बात न हो तो यह बेईमानी होगी। ईद के साथ सेंवई की मिठास जहां मुस्लिमों को तो भाती ही हैं वहीं बड़ी संख्या में हिन्दू भाई हैं जो ईद की सेंवई के लिए बेताब रहते हैं। मुस्लिमों को भी अपने हिन्दू भाईयों का इस खास दिन पर इंतेज़ार रहता है। मशीनों से मैदे की बनी सादी सेंवई में मेवे चीनी की चाशनी और दूध खोवा का सही तालमेल ही उसे लज़ीज़ बनाता है। सादी दूध वाली सेंवई के अलावा क़ेमामी, शीरब्रंज, ईरानी, मुग़ली, अफग़ानी, मुम्बई की मशहूर शीरक़ोरमा आदि प्रकार की सेंवई का लुत्फ उठाने को लोग दिन भर एक दूसरे के घर आते जाते रहे। वहीं मीठे दही बड़े, बिरयानी कबाब व कोरमा से भी लोगों ने ज़ायका लिया।

संतोष दीक्षित टी-20 क्रिकेट में आठ टीमों को प्रवेश

प्रयागराज। संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रवेश पाने वाली आठ टीमों का चयन कर लिया गया है। आयोजन सचिव इमरोज अली और सचिव कलीम खान के अनुसार 18 अप्रैल से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बद्ध चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब, मेजर रंजीत सिंह क्लब, फाफामऊ क्लब, भानु प्रताप सिंह क्लब, दौलत हुसैन इंटर कॉलेज, श्री सहायक क्लब, एसके साहू क्लब और रिज़वी एजुकेशनल ग्रुप को प्रवेश दिया गया है। ग्रुप चयन के लिए टीमों का टाई 11 अप्रैल को शाम छह बजे दौलत हुसैन मैदान पर सभी कप्तान अथवा अधिकृत सदस्य के समक्ष निकाला जायेगा। ग्रुप चयन के बाद फिक्चर बनाया जायेगा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये की नगद धनराशि दी जाएगी।

रोग को जड़ से मिटा देती है होम्योपैथी औषधियां: डॉ. शर्मा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। होम्योपैथी के आविष्कारक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन की जयंती को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में समारोह पूर्वक शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर इटवा में मनाया गया। इस दौरान हनीमैन के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉ. भास्कर शर्मा ने कहा कि पूरा विश्व डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का कृतज्ञ है क्योंकि डॉक्टर हनीमैंन एक ऐसी विधा का खोज किया है जो गंभीर से गंभीर बीमारी को बिना किसी दुष्प्रभाव के रोग को जड़ से समाप्त कर देती है। डॉक्टर भास्कर शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति शरीर की अपनी हीलिंग प्रक्रिया को जागृत करने के लिए प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करती है। जिसके सिद्धान्तों को जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने 18वीं शताब्दी के अंत में विकसित किया था। यह ''लाइक क्योर लाइक'' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि एक पदार्थ जो एक स्वस्थ व्यक्ति में लक्षण पैदा कर सकता है, वह एक बीमार व्यक्ति में समान लक्षणों को ठीक कर सकता है। डॉक्टर भास्कर शर्मा ने यह भी कहा कि वर्तमान में होम्योपैथी को 80 से अधिक देशों में प्रयोग किया जाता है। इसे 42 देशों में अलग औषध - प्रणाली के रूप में कानूनी मान्यता प्राप्त है और 28 देशों में पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में मान्यता दी गयी। डॉ.अर्चना, डॉ मनोज शर्मा मुगलसराय, डॉ अमित इलाहाबाद आदि चिकित्सकों ने होम्योपैथी के वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला।

संयुक्त किसान मोर्चा ने किया दो-दिवसीय बैठक

आजमगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े हुए विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े हुए किसान नेताओं की दो-दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। खिरिया बाग धरना क्षेत्र में जमीन छिने जाने के सदमे में 87 लोगों की जान जा चुकी है।87शहीद साथियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के बिछुड़े अभिन्न साथी कामरेड बाबूराम शर्मा,डा.अमरनाथ द्विवेदी, कामरेड रामकरन पहलवान और रामू मास्टर को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

बैठक के बाद किसान नेताओं ने आह्वान किया कि आजमगढ़ एयरपोर्ट विस्तारीकरण के नाम पर बहुफसली,उपजाऊ,सिंचित, घनी आबादी के जमीन लूट के खिलाफ 543 दिनों से जारी खिरिया बाग किसान धरना जारी है। खिरिया बाग आजमगढ़ सदर लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है। किसानों का कहना है कि इस बार भाजपा घोषित प्रत्याशी व पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को सिर्फ हराया ही नहीं जायेगा बल्कि उनकी जमानत जब्त कराएंगे। निरहुआ ने आजमगढ़ की जनता को मनबढ़ बताया था। जातिवादी विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने के लिए पब्लिक प्लेस पर भाषण में कहा कि सच्चे यादव देश के और बाकी यादव अखिलेश के। खिरिया बाग धरना स्थल पर बैठे महिला, किसान-मजदूर जनता को कहा कि ये किसान नहीं हैं।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में नवीनीकृत जिला प्रशिक्षण का किया उद्घाटन

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाइन आजमगढ़ में नवीनीकृत जिला प्रशिक्षण इकाई(कज्ब) व सैलून का उद्घाटन किया गया। नवीनीकृत जिला प्रशिक्षण इकाई (कज्ब) में जनपद के पुलिस कर्मचारियों को कम्प्यूटर एवं नवीन तकनीकी ज्ञान के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसमें एक साथ 15 लोगों की बैठने की व्यवस्था है, प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार चलाया जायेगा जिससे पुलिस कर्मी नवीन तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर सके तथा कम्प्यूटर सम्बन्धी कार्यों में दक्ष हो सके। उक्त प्रशिक्षण से कम्प्यूटर सम्बन्धी अपराधों के रोकथाम में सहायता मिलेगी। कज्ब् के उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस लाइन में नवीनीकृत सैलून का उद्घाटन किया गया जिसमें अत्याधुनिक सुवाधाओं से लैस है। जिससे पुलिस कर्मियों को अत्याधुनिक सुविधाएं पुलिस लाइन में ही प्राप्त हो सके। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल व प्रतिसार निरीक्षक अन्य अधिकारी कर्मचारी गण'मौजूद रहें।

इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, फूलपुर से प्रवीण पटेल बने भाजपा प्रत्याशी

- रीता जोशी, केशरी देवी का टिकट कटा, विनोद सोनकर पर जताया एक बार फिर भरोसा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भाजपा ने इलाहाबाद, फूलपुर और कौशांबी से अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं भाजपा ने वर्तमान दोनों सांसदों प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और केशरी देवी पटेल का टिकट काट दिया है। बुधवार को भाजपा की ओर से जारी नई लिस्ट में पार्टी ने इलाहाबाद संसदीय सीट से नीरज त्रिपाठी और फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रवीण सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया है। प्रवीण सिंह पटेल वर्तमान में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं और वह तीसरी बार विधानसभा में पहुंचे हैं। नीरज त्रिपाठी पूर्व राज्यपाल स्व. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के अपर महाधिवक्ता हैं। भाजपा ने कौशाम्बी लोकसभा से दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर पर एक बार फिर विश्वास जताया है। इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी बनाए गए नीरज त्रिपाठी की पत्नी कविता त्रिपाठी

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री हैं। वह 2022 के विधानसभा चुनाव में शहर उत्तरी से टिकट की दावेदार थीं, लेकिन सफलता नहीं मिली। नीरज त्रिपाठी वर्तमान समय में हाईकोर्ट इलाहाबाद में अपर महाधिवक्ता हैं। उनकी गिनती बेदाग छवि के लोकप्रिय अधिवक्ताओं में होती है। नीरज त्रिपाठी के साथ ही उनकी पत्नी कविता भी समाजसेवा में सक्रिय रूप से भागीदारी करती हैं। वर्तमान समय में कविता भाजपा महिला मोर्चा में प्रदेश मंत्री हैं। बता दें कि केसरी नाथ त्रिपाठी भाजपा के बड़े नेता थे। वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल के पद पर रहे। आठ जनवरी 2023 को उनका निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेताओं ने शोक जताया था। लोग बताते हैं कि प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र के विकास के लिए केसरीनाथ त्रिपाठी ने अंतिम समय में भी सीएम योगी से कहा था। यही कारण है कि आज नैनी के अरैल में बनने वाला त्रिवेणी पुष्प के लिए सीएम ने पहल की। इसके अलावा बिजली, पानी, सड़क पर भी खूब काम किया। लोकसभा फूलपुर से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए प्रवीण सिंह पटेल फूलपुर लोकसभा से तीसरी बार विधायक बने हैं। पहली बार 2005 में उन्होंने बसपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2017 और 2022 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा में पहुंचने में सफल रहे। प्रवीण पटेल के पिता महेंद्र प्रताप सिंह भी विधायक रह चुके हैं।

मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने हेतु 220 मास्टर ट्रेनर्स को चार पालियों में ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी महोदय ने सभी मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण गंभीरता से लें। प्रशिक्षण में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने पार्टी रवानगी स्थल पर ईवीएम की फिजिकल चेकिंग करना बताया । बताया की मतदान प्रारंभ होने से 90 मिनट पहले मॉक पोल प्रारंभ करना है मॉक पोल के समय कम से कम दो मतदान अभिकर्ता उपस्थित होने चाहिए। मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम कनेक्शन करना मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया करना बताया गया। मॉक पोल के उपरांत कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबा के सभी मत डिलीट करना एवं अअचंज ड्रॉप बॉक्स से मॉक पोल की सभी वोटर स्लिप निकाल कर मतदान अभिकर्ताओं को खाली दिखाना अति आवश्यक है ,साथ ही मास्टर ट्रेनर्स को मॉक पोल के समय मॉक पोल सर्टिफिकेट भरना तथा मॉक पोल के समय एवं वास्तविक मतदान में ईवीएम रिप्लेसमेंट प्रोटोकॉल के बारे में एवं मतदान समाप्ति के समय क्लोज बटन दबाना एवं प्रमाण पत्र भरना और सभी प्रमाण पत्र पर मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लेना एवं मतपत्र लेखा 17 ग भरना बताया गया।

भाजपाइयों ने प्रवीण और नीरज को दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भाजपा ने फूलपुर संसदीय क्षेत्र 51 से विधायक प्रवीण पटेल और 52 इलाहाबाद क्षेत्र से नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी है।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि विधायक प्रवीण पटेल 2007 में बसपा से विधायक रहे और 2017 में भारतीय जनता पार्टी से फूलपुर विधानसभा से विधायक चुने गए। वर्तमान में भी भाजपा के विधायक है और भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिन है। उन्होंने 1998 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक किया और 2000 में कानपुर विश्वविद्यालय से परास्नातक किया और कृषि एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में लोकप्रिय नेता है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नीरज त्रिपाठी वर्तमान में हाई कोर्ट के अपर महाधिवक्ता के पद पर हैं। पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहे स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के सुपुत्र हैं। उनका बचपन से ही भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लगाव रहा है। पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी के चुनाव में चुनाव प्रबंधन के रूप में जिम्मेदारी निभाते रहे। उनकी पत्नी कविता यादव त्रिपाठी वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल को टिकट मिलने पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा महापौर गणेश केसरवानी, पार्षद किरन जायसवाल, राम जी केसरवानी, पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर मिश्रा, राजेश केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, गिरीजेश मिश्रा, प्रवीन मालवीय, राम जी मालवीय, नवीन शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल मयंक यादव, मुकेश लारा, अभिषेक ठाकुर एवं महानगर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जीत की अग्रिम बधाई दी।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट पर बढ़ा दबाव

बिटकॉइन और एथेरियम समेत 7 आभासी मुद्राओं में गिरावट

नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज दबाव नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 3 मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 7 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में बिटकॉइन करीब 2 हजार डॉलर से भी ज्यादा टूट कर 69 हजार डॉलर के स्तर से भी नीच आ गया। इसी तरह एथेरियम भी आज 3 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 2.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68,877.32 डॉलर यानी 57.31 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 3.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,513.56 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा सोलाना 3.85 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.34 प्रतिशत, डोजेकॉइन 4.67 प्रतिशत, टॉनकॉइन 1.11 प्रतिशत और कार्डानो 5.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेथर 0.04 प्रतिशत, बीएनबी 0.58 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.57 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.58 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 214.68 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 9,052 करोड़ डॉलर यानी 7.53 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो एक दिन पहले की तुलना में 7.49 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.15 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.54 प्रतिशत हो गई है।

शेयर बाजार में तेजी जारी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ बाजार

अवधनामा संवाददाता

नई दिल्ली (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार ने शुरुआती उठा पटक का सामना करने के बाद आज लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। इसके साथ ही निफ्टी ने आज लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इसी तरह सेंसेक्स और निफ्टी ने आज ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी नया रिकॉर्ड कायम किया। बाजार में आई तेजी के कारण सेंसेक्स पहली बार 75 हजार अंक के स्तर को पार करके बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 22,750 अंक के ऊपर पहुंच कर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के बाद पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह मेटल और मीडिया इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, यूटिलिटी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 402.05 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 399.92 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.13 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2024 में मजबूत शुरुआत के साथ गति पकड़ी

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2024 की पहली तिमाही जनवरी-मार्च में शानदार व्यवसायिक प्रदर्शन दर्ज किया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 3680 कारों बीएमडब्ल्यू और मिनी और 1810 मोटरसाइकिलों (बीएमडब्ल्यू मोटोराड) डिलीवरी की। बीएमडब्ल्यू की 3510 यूनिट और मिनी की 170 यूनिट की बिक्री हुई। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपने स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल, लग्ज़री क्लास और इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए ज्यादा माँग के दम पर क्यू 1 में +51 प्रतिशत वृद्धि बीएमडब्ल्यू और मिनी दर्ज की। बीएमडब्ल्यू एक्स 7, बीएमडब्ल्यू एक्स 3, बीएमडब्ल्यू एक्स1 और बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज जैसे मॉडल्स पूर्णतह बिक गए. श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने साल की पहली तिमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। पहले के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए क्यू 1 में कार की बिक्री में +51 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई। उत्पादों की सबसे अधिक विविधतापूर्ण रेंज की बदौलत लग्ज़री इलेक्ट्रिक कार मार्केट में हमारा अडिग नेतृत्व निर्विवाद रूप से बरकरार है। एक्सक्लूसिव बीएमडब्ल्यू लग्ज़री क्लास ने भी सेग्मेंट में अग्रणी स्थान हासिल कर लिया है। हमारे प्रमुख कार मॉडल्स एकदम बुलंदी पर हैं और आने वाली महत्वपूर्ण नई लॉन्चिग के साथ हम लग्ज़री बाजार में धूम मचाने जा रहे हैं।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड वार्षिक कारोबार किया

लखनऊ। दुनिया के छठे सबसे बड़े आभूषण समूह और डेलॉइट की लक्जरी उत्पादों की वैश्विक रैंकिंग में 19वां स्थान हासिल करने वाले मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पिछले वित्त वर्ष में 51,218 करोड़ रुपये के वार्षिक खुदरा वैश्विक कारोबार के साथ नई उपलब्धि हासिल करने का ऐलान किया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि दुनिया भर में एक विश्वसनीय आभूषण ब्रांड के रूप में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के तेजी से उभार को दिखाती है। वर्तमान में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 13 देशों में 345 स्टोर का परिचालन करती है। कंपनी की योजना न्यूजीलैंड, मिस्र, बांग्लादेश और यूरोप में अधिक जगहों पर नए स्टोर खोलने की है। अगले एक साल में 100 नए स्टोर की शुरुआत के लक्ष्य के साथ कंपनी की योजना अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे मौजूदा बाजारों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाना है। कंपनी की योजना 7000 और कर्मचारियों की नियुक्ति करना है। इससे कंपनी के कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर 28,000 हो जाएगी। दुनिया के 26 देशों में कंपनी के 21,000 कर्मचारी काम करते हैं जो विभिन्न भाषाएं बोलने में सक्षम हैं। मलाबार एक गतिशील एवं समावेशी कार्य संस्कृति की पेशकश करती है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की योजना अपने मौजूदा परिचालन वाले राज्यों में अधिक स्टोर खोलने के साथ-साथ झारखंड, गोवा, असम, त्रिपुरा, और जम्मू-कश्मीर में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की है। भारत में कंपनी की विनिर्माण इकाइयां केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये इकाइयां संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, ओमान और बांग्लादेश में स्थित हैं। इनके अलावा जयपुर, सूरत, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात में आभूषण बनाने वाली नई फैक्ट्री लगाए जाने की भी योजना है। कंपनी की सफलता को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, एक जिम्मेदार आभूषण विक्रेता के रूप अपनी स्थिति बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी को देखते हुए जिम्मेदार तरीके से सोने की सोर्सिंग को लेकर हमारा समर्पण बना हुआ है ताकि इसके खनन से किसी भी व्यक्ति और खासकर बच्चों, पशुओं के अधिकारों का उल्लंघन ना हो और ना ही उनकी रिहाइश को किसी तरह का नुकसान पहुंचें।

इससे उचित प्रैक्टिस एवं पारदर्शी फंड मैनेजमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रतिबद्धता से हमें ग्राहकों का विश्वास हासिल हो पाया है। हम जिम्मेदारी से खनन की गई सामग्रियों की सोर्सिंग और उन समुदायों के लिए सकारात्मक योगदान देने के लिए समर्पित हैं, जिन्हें हम अपनी सेवाएं देते हैं।

सोने के दाम में मामूली तेजी, चांदी 100 रुपये फिसली

नई दिल्ली (हि.स.)। चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन बुधवार को घरेलू सर्राफा बाजार सपाट स्तर पर मिला-जुला कारोबार करता नजर आया। सोने की कीमत में आज 10 से 25 रुपये प्रति 10 ग्राम की सांकेतिक तेजी नजर आई और चांदी की में मामूली गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी ने 84 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार किया है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 71,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 71,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,790 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 61,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में मामूली तेजी दर्ज की गई है।

के2 ज़ेनॉक्स ने लखीमपुर में आयोजित किया अपना नया कार्यक्रम निर्माण के शूरवीर

लखनऊ। सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने और ठेकेदारों को ज्ञान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत की सबसे युवा और तेज़ी से बढ़ती टीएमटी बार (द इंटेलीजेंट स्टील) विनिर्माता कंपनी, के2 ज़ेनॉक्स ने लखीमपुर में अपनी नयी पहल, निर्माण के शूरवीर का आयोजन किया। कार्यक्रम ठेकेदारों को सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर व्यापक प्रशिक्षण और संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित करने में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की महत्वपूर्ण भूमिका से लैस करता है।'निर्माण के शूरवीर' ठेकेदारों को सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करता है, इसके साथ ही संरचनात्मक मज़बूती सुनिश्चित करने में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की भूमिका को भी समझाता है। इस पहल के लखीमपुर अध्याय में 100 से अधिक ठेकेदारों ने भाग लिया। नई पहल पर टिप्पणी करते हुए, के2 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, निर्माण के शूरवीर पहल सिर्फ एक कार्यक्रम से ज्यादा है; यह न केवल संरचनाओं बल्कि सुरक्षित घरों और समुदायों के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सुरक्षित निर्माण प्रथाओं के बारे में ज्ञान प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ, के2 ज़ेनॉक्स एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां हर निर्माण परियोजना ताकत और दीर्घायु का प्रमाण है।

मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एयरलाइन बनी इंडिगो

नई दिल्ली। आंकड़ों के अनुसार डेल्टा एयर और रायन एयर होल्डिंग्स क्रमशः 30.4 अरब डॉलर और 26.5 अरब डॉलर एम-कैप के साथ फिलहाल इंडिगो से आगे हैं। बीएसई के आंकड़ों के हिसाब से इंडिगो का मार्केट कैप बुधवार को शेयरों में आए उछाल से लगभग 17.7 अरब डॉलर (1,46,936.30 करोड़ रुपये) पर पहुंच गया।

इंडिगो अब बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) के मामले में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई है। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड, जो एयरलाइन का संचालन करती है के शेयर बुधवार (10 अप्रैल) को इंट्रा-डे के दौरान लाइफटाइम हाई पर पहुंच गए। इस दौरान कंपनी के शेयरों में लगभग पांच प्रतिशत का उछाल आया।

ब्लूमबर्ग के अनुसार, डेल्टा एयर और रायन एयर होल्डिंग्स क्रमशः 30.4 अरब डॉलर और 26.5 अरब डॉलर एम-कैप के साथ फिलहाल इंडिगो से आगे हैं। बीएसई के आंकड़ों के हिसाब से इंडिगो का मार्केट कैप बुधवार को शेयरों में आए उछाल से लगभग 17.7 अरब डॉलर (1,46,936.30 करोड़ रुपये) पर पहुंच गया। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो दिसंबर 2023 में यूनाइटेड एयरलाइंस को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की छठी सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई थी।

कम लागत वाली बजट एयरलाइन इंडिगो का शेयर बुधवार को बीएसई पर 3689.95 रुपये के भाव पर खुला और 3,815.10 रुपये के 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। कारोबार समाप्त होने के दौरान इंडिगो का शेयर 4.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,806.85 रुपये के भाव पर बंद हुआ। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, आज की तेजी के अलावा, इंडिगो के शेयरों में पिछले एक महीने में लगभग 22 प्रतिशत तक की तेजी आई, जिससे एयरलाइन का एम-कैप 1,46,936.30 करोड़ रुपये यानी लगभग 17.7 अरब डॉलर (10 अप्रैल तक) हो गया।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर बढ़त के साथ कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिका में रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी होने के पहले निवेशक सतर्क होकर कारोबार करते नजर आए, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स पिछले सत्र के दौरान 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,209.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.32 प्रतिशत उछल कर 16,306.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,929.77 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.11 प्रतिशत टूट कर 7,934.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,049.17 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 242.28 अंक यानी 1.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,076.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर मजबूती के साथ कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 4 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में और 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज कारोबार नहीं हो रहा है।

एरियल इंडिया शेयर द लोड अभियान के 7वें संस्करण की शुरुआत करता है

नई दिल्ली। पिछले नौ सालों से एरियल इंडिया ने घरेलू कामों के असमान वितरण के बारे में चर्चाओं को तेज़ किया है और ज्यादा-से-ज्यादा पुरुषों को शेयरदलोड के लिए प्रेरित किया है। जैसे-जैसे समाज आगे बढ़ रहा है, पुरुषों ने अपने साथियों का समान रूप से समर्थन करने के महत्व को तेजी से पहचाना है। चूँकि हमने यह यात्रा 2015 में शुरू की थी, तब से उन पुरुषों का प्रतिशत जो यह मानते थे कि घर के काम, जैसे कपड़े धोना, केवल महिलाओं का काम है, 79प्रतिशत से घटकर 25प्रतिशत हो गया है। एरियल इस चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए आगे बढ़ रहा है, ताकि पुरुषों को केवल घरेलू कामों के भौतिक पहलू को ही स्वीकार करने के बजाय, घर में एक समूह के रूप में काम करने और मानसिक बोझ को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। अभियान लॉन्च कार्यक्रम के दौरान, मुक्ता माहेश्वरी, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, पी एंड जी इंडिया, और उपाध्यक्ष - फैब्रिक केयर, पी एंड जी भारतीय उपमहाद्वीप, ने कहा, एरियल में हम घरेलू महिलाओं को सशक्त और सक्षम बनाने वाले एक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मिशन श्रेष्ठ सफाई उत्पाद उपलब्ध कराने से भी आगे का है; हमारा लक्ष्य घरों के भीतर वास्तविक साझेदारी और

समानता को बढ़ावा देना है। उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं को समझकर, हम लैंगिक भूमिकाओं की कहानी को फिर से लिखने और पुरुषों और महिलाओं दोनों को जिम्मेदारियों को समान रूप से साझा करने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास करते हैं। इस साल, शेयरदलोड जैसी पहल के माध्यम से, हमारी आकांक्षा ऐसे घरों को विकसित करने की है, जहां पुरुष और महिला न केवल कपड़े धोने जैसे शारीरिक काम साझा करेंगे, बल्कि घरेलू जिम्मेदारियों का मानसिक बोझ भी साझा करेंगे।

जोसी पॉल, बीबीडीओ इंडिया के अध्यक्ष और चीफ़ क्रिएटिव ऑफिसर ने कहा, शेयरदलोड सिर्फ एक विज्ञापन अभियान नहीं है; यह एक मूक क्रांति है जो भारतीय समाज में दंपत्तियों के बीच घरेलू कामकाज को देखने के तरीके को बदल रही है। हर साल हम एक छिपी हुई सच्चाई को उजागर करते हैं। पी एंड जी एरियल की टीम के सहयोग से हमारी गहराई से सुनने की प्रक्रिया, हमें देश, घर और व्यक्ति की भावना को समझने में मदद करती है। इस वर्ष हम अधिक से अधिक महिलाओं को यह कहते हुए सुन रहे हैं कि वे घरेलू जिम्मेदारियों के मानसिक और भावनात्मक बोझ के कारण विकास के अवसरों को छोड़ दे रही हैं। यह कई महिलाओं को पीछे कर रहा है और उन्हें उनकी पूरी क्षमता को हासिल करने से रोक रहा है। लेकिन चीजें बदल रही हैं। फिल्म में ऐसे अनेक पल हैं जो हमें यह सच्चाई और यह बदलाव कैसे हो रहा है, दिखाते हैं। अंत में, फिल्म में पति की अनुभूति और उसके द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयास को दर्शाया गया है कि उसकी पत्नी को काम पर एक कदम भी पीछे न हटना पड़े। घरेलू समानता के लिए एक महान कदम।

यह सामूहिक प्रयास पुरुषों को उनके साथियों के विश्वास प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि वह विश्व में आत्मविश्वासपूर्वक कदम रख सकती है।

एमजी मोटर इंडिया ने लांच की हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म

नई दिल्ली। 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने आज भारत में एमजी हेक्टर का ब्लैकस्टॉर्म एडिशन लांच किया है। एमजी हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म को गन मेटल एक्सेंट्स के साथ स्टारी-ब्लैक कलर एक्सटीरियर और ब्लैक थीम इंटीरियर के साथ डिजाइन किया गया है, जो भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी के पॉवरफुल कैरेक्टर को प्रदर्शित करता है। कई तकनीक और कनेक्टेड फीचर्स से लैस, हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म अपने विशिष्ट लुक के साथ एसयूवी खरीदारों के लिए पॉवर और लग्जरी का एक असाधारण पैकेज पेश करती है। बेस्ट-इन-सेगमेंट ऑफरिंग्स और यूनिक

डिजाइन तत्वों के साथ हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म एडिशन 5,6 और 7 सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध है। हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म रुपये 21.24 लाख (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर शुरू होती है। इस अवसर पर सतिंदर सिंह बाजवा, चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि एमजी हेक्टर ने 2019 में लांच होने के बाद से ही एसयूवी पसंद करने वाले इंडियंस के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है। आज हम हेक्टर के ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को पेश कर रहे हैं, जो हमारे लिए एक और महत्वपूर्ण माइलस्टोन है एमजी में हम एक समृद्ध विरासत और ग्राहकों की संतुष्टि की एक दृढ़ प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं। हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म पॉवर, लग्जरी और एडवांस टेक्नोलॉजी के सहज सम्मिश्रण के माध्यम से यूनिक और क्रॉलिटी एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए हमारे समर्पण का प्रतीक है। रिफाइंड ब्लैक-थीम वाले इंटीरियर और गन मेटल एक्सेंट के साथ बोल्ड ब्लैक एस्थेटिक्स की फीचर्स वाले विशिष्ट एक्सटीरियर के साथ यह एडिशन आधुनिकता और एलिगेंस पर हमारे फोकस को प्रदर्शित करता है। हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म अपने बोल्ड और डायनैमिक ब्लैक एस्थेटिक्स/सौंदर्य के साथ ध्यान आकर्षित करती है, जो डॉर्क क्रोम एलिमेंट्स/तत्वों से सुसज्जित है।

राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए ब्लू जावा केले के पौधे को विकसित किया

लखनऊ। राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए ब्लू जावा को विकसित किया है। यह एक खास स्वाद और रंग के साथ केले का नया वैरिएंट है। व्यावसायिक आधार पर भारत में पहली बार उपलब्ध कराए जाने के कारण इस वैरिएंट की पहली फसल आज राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और सीएमडी डॉ. भाग्यश्री पी. पाटिल और तमाम दूसरे गणमान्य व्यक्तियों की सम्मानित उपस्थिति में काटी गई। इस अवसर पर राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के फार्म ऑपरेशन मैनेजर श्री अमेय डी पाटिल, मिस इशिता डी. मोहिते पाटिल और श्रीमती राजलक्ष्मी डी पाटिल के साथ-साथ आसपास के गांवों के किसान भी शामिल रहे।

इस इवेंट का आयोजन राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड से मिले इस खास वैरिएंट के केले की शुरुआती फ्रूटिंग और हार्वेस्टिंग का जश?न मानने के लिए किया गया। इसकी पहली फसल को सोलापुर जिले के करमाला तालुका में रहने वाले एक इंजीनियर और किसान अभिजीत पाटिल द्वारा 2 एकड़ जमीन पर लगाया गया था। अभिजीत इसके पहले रेड बनाना, ड्रैगन फ्रूट और सेब जैसे अनोखे फलों की खेती करने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके साथ कई अन्य किसानों ने भी केले की इस किस्म को सफलतापूर्वक उगाया है और जोरदार पैदावार हासिल की है। पुणे स्थित कंपनी ने इन किसानों को इस खेती के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया, रोपण से लेकर कटाई तक हर चरण में उनकी सहायता की जिसका शानदार नतीजा देखने को मिला है।

ब्लू जावा केले पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभप्रद होते है। ये केले मांसपेशियों को मजबूती देने, ब्लड शुगर कम करने, वजन घटाने, अनिद्रा घटाने, पाचन में सहायता करने, कैंसर को रोकने और हृदय स्वास्थ्य को सपोर्ट करने में सहायक होते हैं। केले के इस वैरिएंट की उत्पत्ति दक्षिण-पूर्व एशिया में हुई। वनिला आइसक्रीम जैसे स्वाद के कारण इसे वनिला केला के रूप में भी जाना जाता है। ब्लू जावा केले की बाजार में काफी मांग है और देश भर के प्रमुख शहरों और 5-सितारा होटलों में इसे ऊंचे दाम पर बेचा जाता है।

इस अवसर पर राइज़ एन' शाइन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और सीएमडी डॉ. भाग्यश्री पी. पाटिल ने कहा, ब्लू जावा केले की पहली सफल फसल देखना एक

अग्रणी बायोटेक फर्म और महाराष्ट्र के नागरिक दोनों ही तौर पर हमारे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। हमारे द्वारा विकसित इस फल की अनूठी विशेषताओं ने देश भर में अच्छी मांग के साथ किसानों और उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। मैं इस विकास प्रक्रिया में शामिल पूरी टीम और किसानों को बधाई देती हूं जिन्होंने इस पेशकश पर हम पर भरोसा करके प्रगतिशील निर्णय लिया। हम किसानों को फसल की देखभाल और ग्रोथ में व्यापक मार्गदर्शन के साथ-साथ व्यावसायिक खेती के लिए उच्च उपज वाले पौधे देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कम मत प्रतिशत वाले मतदान केंद्रो पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत ऐसे बूथ जिन पर विगत निर्वाचन में सबसे कम मतदान हुआ आज उन पर मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलौली एवं प्राथमिक विद्यालय पिपरा बांध में मतदाता जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

ग्राम सभा तिलौली में मतदाता जागरुकता रैली एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र- छात्राओं एवम शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर, स्लोगन, बैनर के माध्यम से अपने अभिभावको एवं ग्राम वासियों को जागरुक किया। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी तथा ग्राम प्रधान विजय मोहन शर्मा द्वारा मतदाता

जागरूकता की शपथ दिलाई गई, जिसमें छात्रों के अतिरिक्त उनके माता-पिता ने भी भाग लिया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश यादव, संपूर्णानंद पांडेय, रतनबाला, पुनीत कुशवाहा, मनीष पांडे फैशल, एआरपी अमित कुमार शर्मा, विद्यालय के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवम् ग्रामवासी उपस्थित रहे। सलेमपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय टिटौली में जिला शालिग्राम उद्योग अधिकारी वीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं ग्राम वासियों को मतदान की शपथ दिलाई गई एवं उन्हें 1 जून को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। भलुअनी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय महुई श्रीकांत में विद्यालय के छात्रों ने संबंधित ग्राम सभा में जाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली एवं लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया।

पथरदेवा विधानसभा में खण्ड शिक्षा अधिकारी गोपाल मिश्र के नेतृत्व में मुंडेरा ग्राम सभा में निर्वाचन साक्षरता अभियान तथा मतदान शपथ का आयोजन किया गया। विकास खंड लार के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आज मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाताओं को गजागरूक करने क्रम में उपजिलाधिकारी भाटपार रानी के नेतृत्व में कंपोजिट स्कूल रावतपार अमेठिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ जहां बच्चों द्वारा बनाई गई विभिन्न रंगोलिया, मेहंदी एवं अन्य कलाकृतियों की उपजिलाधिकारी ने प्रशंसा की। कंपोजिट विद्यालय में लगे मतदाता सेल्फी पॉइंट पर सभी ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी लेकर उत्सवर्धन किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्भय नारायण सिंह द्वारा उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न महिला एवं दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ स्विप नोडल अवनीश कुमार मिश्रा विद्यालय के स्टाफ मिथिलेश सिंह संगीता देवी रीना अंकित कुमार सिंह तरुण कुमार सिंह रानी रीना यादव लेखपाल रंजीत प्रसाद ग्राम प्रधान कन्हैया सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संदीप यादव एवं BLO वीर बहादुर व सैयद अली इत्यादि लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही लार विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय कोर कंपोजिट विद्यालय गौरी अमेठिया कंपोजिट विद्यालय बलुआ गौरी में भी बच्चों ने विभिन्न रंगोली एवं स्लोगन के साथ-साथ गांव में रैली लगाकर मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रेरित किया।

मतदानकर्मियों से पहले मास्टर ट्रेनर, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट का होगा प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। चुनाव कराने के लिए मतदानकर्मियों से पहले मास्टर ट्रेनर, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में दिया जाएगा। इसके लिए लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। इनको प्रशिक्षण देने के उदित नारायण इंटर कॉलेज में मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कॉलेज के 30 कमरे सुरक्षित कर एलईडी टीवी और इंटरनेट लगाया जा रहा है। जिले में सातवें चरण में एक जून को मतदान करीब 14 हजार मतदानकर्मी कराएंगे। मतदान कराने और ईवीएम चलाने तथा तकनीकी दिक्कतों को ठीक करने के लिए सभी मतदान कर्मियों को उदित नारायण इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 30 कमरे सुरक्षित कर लिए गए हैं। एक कमरे में दो सैद्धांतिक और एक व्यावहारिक प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे। इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। इसके पहले 90 रेगुलर और 12 रिजर्व में रखे गए मास्टर ट्रेनर और 50 से अधिक सेक्टर तथा जोन मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीडी जगदीश तिवारी के नेतृत्व में इसकी तैयारी की जा रही है। यह प्रशिक्षण दो दिवसीय होगा। इसको लेकर मंगलवार को सीडीओ और पीडी ने बैठक रणनीति बनाया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने बताया कि मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। 15 से पहले प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। इसके बाद मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

देवी मंदिरों में हुई मां ब्रम्हचारिणी की पूजा अर्चना

अमेठी अवधनामा संवाददाता। वासन्तिक नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती के ब्रम्हचारिणी स्वरुप की पूजा अर्चना की। ब्रह्मचारिणी माँ की नवरात्र पर्व के दूसरे दिन पूजा-अर्चना की जाती है। भोर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। घंटे घड़ियाल की मधुर ध्वनि से सुदूर क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।गृहस्थों ने अपने घरों में पूजा की शप्तशती का पाठ किया। घट स्थापना कर 9 दिन के व्रत का अनुष्ठान जप और पूजन करने वाले श्रद्धालुओं में खास उत्साह दिखा।नगर स्थित श्री देवीपाटन मन्दिर में सुबह से ही माँ के दर्शन के लिये भक्तों की कतार लगी रही वहीं संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।मंदिरों पर श्रद्धालुओ की सुविधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में भी भक्तो की भारी भीड़ रही। विशेश्वरगंज स्थित काली माई मंदिर शाहगढ़ स्थित दुर्गन भवानी माता हिंगलाज भवानी माता मवई धाम माता धमसा धाम माता गायत्री मन्दिर आदि प्रतिष्ठित देवी मंदिरों में नवरात्र के दूसरे दिन भक्तो की भारी भीड़ रही। नारियल चुनरी और विविध प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना की।

अग्निकांड से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। अग्निकांड से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने सोमवार को एडवाइजरी जारी की है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किसानों को पराली जलाने से बचने और आग लगने की जानकारी देने के लिए प्रशासन ने टोल फ्री नंबर 1077, 05564-240590 जारी किया है। डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ तेज पछुआ हवा चल रही है। ऐसे में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे घर, खेत, खलिहान और जान-माल को क्षति पहुंचती है। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर अग्निकांड की घटनाओं को रोका जा सकता है। आग लगने की घटनाएं गांव अधिक होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी और दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले कर लें। शार्ट सर्किट से बचने के लिए वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें और निगरानी करते रहें। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें, उसकी सूचना बिजली निगम को दे। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड नंबर - 101/100 को सूचित करें। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र ने बताया कि दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें, जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। गेहूं की मड़ाई के बाद खेत में पड़े डंठलों में आग न लगाएं। सार्वजनिक स्थान जैसे ट्रेन और बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। उन्होंने बताया कि अग्निकांड की घटनाओं की जानकारी और रोकथाम के लिए प्रशासन ने डीएम कार्यालय में कंट्रोल रुम स्थापित किया है। जिले का कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर - 1077, 05564-240590 पर संपर्क कर आग लगने की जानकारी दे सकते हैं।

छापेमारी में 40 लीटर अवैध शराब बरामद

अमेठी। अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को गठित टीम द्वारा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 तथा क्षेत्र-1 व थाना पुलिस भाले सुलतान शहीद स्मारक के साथ ग्राम दौलतपुर लोनहट तथा दिद्दौली व कसरावा तथा सवनगी एवं सधान सिंह का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र -3 के थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक के अन्तर्गत ग्राम दिछोली एव दौलतपुर लोनहट से कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 350 किलो ग्राम लहन मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही में 03 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया तथा ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।

दौड़ प्रतियोगिता में खुशी और अभिषेक रहे अव्वल

अमेठी अवधनामा संवाददाता। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी क्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया गया।जिसमें जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव द्वारा खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाई गई एवं जिसमें 100 मीटर बालक दौड़ में प्रथम स्थान अभिषेक विकासखंड तिलोई द्वितीय स्थान सौरभ विकासखंड तिलोई तृतीय स्थान प्रणव राज विकासखंड भेंदुआ ने प्राप्त किया 100 मी बालिका दौड़ में प्रथम स्थान खुशी वर्मा विकासखंड शाहगढ़ द्वितीय स्थान खुशबू गुप्ता विकासखंड भादर व तृतीय स्थान सोनाली विकासखंड भादर ने प्राप्त किया। कबड्डी पुरुष वर्ग में विजेता शाहगढ़ व उपविजेता तिलोई कबड्डी महिला वर्ग में विजेता शाहगढ़ व उपविजेता भादर रही वॉलीबॉल पुरुष में विजेता गौरीगंज व उपविजेता अमेठी रही।

चोरी की तीन बाइक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया अवधनामा संवाददाता। थाना खामपार पुलिस द्वारा 09 अप्रैल वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पैकौली मोड़ के पास से चोरी की प्लेटिना मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त मोहन उर्फ नीतिश सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी-कुकुरघाटी टोला नन्दपुर थाना खामपार जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया पूछ ताछ के क्रम में बताया गया कि उक्त मोटरसाइकिल को ग्राम छितौनी बिहार से लगभग कुछ माह पूर्व चोरी किया गया था, जिसकी जांच से मोटरसाइकिल चोरी के सम्बन्ध में बिहार राज्य के जनपद गोपालगंज थाना विजयीपुर पर 123/2023 धारा-379 का अभियोग पंजीकृत होना पाया गया तथा उसकी निशानदेही पर चोरी की 01 हीरो स्पलेण्डर प्रो उसके घर से बरामद किया गया तथा उसके एक साथी संतोष शर्मा पुत्र विश्वनाथ शर्मा निवासी-रामपुर खुरहुरिया थाना भटनी जनपद देवरिया को कुकुरघाटी केरवनिया पुल के पास से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा बरामद चोरी की मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर 76/2024 धारा 41, 411, 413, 414, 473 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दो शातिर वाहन चोरों को किया गया गिरफ्तार चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद

देवरिया अवधनामा संवाददाता। कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर राजकीय पालीटेक्निक मुण्डेरा मल्ल मोड़ के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल रॉयल इनफिल्ड 350 के साथ दो अभियुक्तों 01. राजकपूर निषाद पुत्र राजेन्द्र निषाद, निवासी पड़री लिलई कोठी, थाना हाटा, जनपद कुशीनगर व 02. अखिलेश शर्मा पुत्र बिकाऊ शर्मा, निवासी प्रेमनगर पिपरा, थाना कसया, जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों द्वारा बताया कि उक्त मोटर साइकिल को हम लोगों द्वारा की रात्रि में पुरवा मेहड़ा से चोरी किये थे और आज इसी मोटरसाईकिल को बेचने के लिये नेपाल जा रहे थे कि आप लोगो नें पकड़ लिया। बरामद बुलेट रजि0 नं0 यूपी 52 एएच-9890 के चोरी होने के सम्बंध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 269/2023 धारा 379 भादसं व 179(1) एमवी एक्ट पंजीकृत हैं । पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए बरामद मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी से थाना कोतवाली पर अज्ञात अभियुक्तों द्वारा चोरी मोटरसाईकिल के सम्बन्ध में 269/2023 धारा 379 179(1) एमवी एक्ट का सफल अनावरण किया गया।

बुखार, खांसी, जुकाम के लक्षण वाले मरीजों को चिन्हित करेंगी आशा : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिले में बुधवार को दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएमओ डॉ. राजेश झा और डीपीओ कृष्णकांत राय ने देवरिया खास से इसकी शुरुआत की। इस दौरान सीएमओ और डीपीओ ने आशा, आंगनबाड़ी के साथ कुछ घरों में दस्तक देकर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर बुखार, खांसी, जुकाम, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करेंगी। सीएमओ ने कहा कि दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके तहत जिले में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार के लक्षण वाले मरीजों सहित कुपोषित बच्चे की सूची तैयार करेंगी।

संचारी रोगों के खतरे व बचाव की देंगी जानकारी

आशा कार्यकर्ता लोगों को संचारी रोगों के खतरे व बचाव की जानकारी देंगी। नागरिकों को मच्छरों से बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने घर के आस-पास एवं घरों में सात दिन से अधिक समय तक किसी भी बर्तन में पानी जमा न होने देने, कूलर में भरे पानी एवं फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमलों, टूटे हुए टायर, अन्य बर्तनों के पानी को साफ करने के साथ ही घरों के दरवाजों और खिड़कियों में जाली का प्रयोग करने की सलाह दी जाएगी।

जिले में कुल 2689 आशा कार्यकर्ताओं की टीम हैं। डीपीओ कृष्णकांत राय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषाहार उपलब्ध कराएंगी और आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुर्नवास केंद्रों पर रेफर किया जाएगा। इस मौके पर एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, डीएमओ सीपी मिश्रा, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, डॉ विनीत युवराज, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, एचईओ एलबी चौधरी, डीसीएए राजेश कुमार, उपेंद्र तिवारी सहित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

ईदगाह स्थल का किया गया निरीक्षण

देवरिया। पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिपेन्द्रनाथ चौधरी द्वारा आगामी त्योहार ईद के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, ईदगाह मालवीय रोड, तीरी मस्जिद, मलकौली ईदगाह व अन्य ईदगाह स्थलों का सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अबुबकर नगर, स्टेशन रोड व तहसील रोड एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों आदि में थाना कोतवाली पुलिस के साथ पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण व सद्भावनापूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ मुस्लिम धर्मगुरुओं से संवाद कर ईद को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने की अपील करते हुए जनता को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। भ्रमण निरीक्षण व पैदल गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा एवं मय पुलिस बल उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार गरीबों की सच्ची हितैषी : भूपेंद्र

देवरिया अवधनामा संवाददाता। लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने शहर के भुजौली कालोनी में लाभार्थियों से संपर्क किया एवम सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा दीवाल पर स्टीकर भी चिपकाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीबों को आवास, किसानों को सम्मान निधि, उनके फसलों की सुरक्षा के लिए बीमा कवर, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तथा प्रतिभाशाली युवाओं को स्मार्ट फोन देकर सभी का सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार ने सभी जनहित की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी संपर्क अभियान, बूथ चलो अभियान, मतदाता संपर्क अभियान तथा विभिन्न अभियानों के माध्यम से गांव गांव तथा घर घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही जनता की सच्ची हितैषी है, चौबीस के इस चुनाव में भाजपा पुनः प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही है।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन रोटरी क्लब ने किया विशेष फलाहार भोज का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

कसया, कुशीनगर। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर, रोटरी क्लब कुशीनगर ने मंगलवार को कसया स्थित होटल कलश गेस्ट हाउस में रोटेरियन साथियों के लिए एक विशेष फलाहार भोज का आयोजन किया। इस भोज में विभिन्न प्रकार के फलाहारी व्यंजन परोसे गए, जिसमें सभी ने बड़े चाव से भोजन किया।

रोटरी क्लब के संरक्षक राकेश जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन नवरात्रि के प्रथम दिवस को और भी खास बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समुदाय में एकता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने इस मौके पर कहा कि रोटरी क्लब कुशीनगर के इस आयोजन ने सभी को एक साथ लाकर एक सुखद और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, जो लंबे समय तक सभी के दिलों में बसा रहेगा।

सचिव वह अजय सिंह ने कहा कि इस फलाहार भोज के माध्यम से रोटरी क्लब ने न केवल नवरात्रि के धार्मिक महत्व को समझा, बल्कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, निदेशक अमित श्रीवास्तव, अरूण कुमार वर्मा, डॉ सुनील सिंह, गौरव मद्धेशिया, महेंद्र तिवारी मोनू, इम्तियाज आलम, विशाल शर्मा, डॉ. जेके पटेल, हसमुद्दीन अंसारी, अरूण कुमार मौर्य, अमरेंद्र नारायण सिंह, सरवरे आलम (छोटे), वरुण कुमार यादव, हेमन्त गर्ग, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, उमेश चंद जायसवाल एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

गन्ना प्लाट के निरीक्षण के दौरान जमीन पर बैठकर जीएम जाना किसानों का हाल

अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। पिपराइच चीनी मिल के जीएम अरविंद कुमार इस समय इस गर्मी और कड़ी धूप लू में लगातार गन्ना के खेतो का निरीक्षण कर रहे। वहीं अपने कार्यशैली को लेकर खुब चर्चे में है। बता दें कि पिपराईच चीन मिल के जीएम अरविंद कुमार गन्ना प्लाट के निरीक्षण के दौरान कभी खेतों से खर पतवार की सफाई तो कभी खेतों में खाद डालते हुए सुर्खियों में बने हुए हैं। बुधवार को कसानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पकड़ी में जीएम अरविंद कुमार गन्ना के खेतो का निरीक्षण कर रहे थे गन्ना के खेतो को देखते देखते इस कड़ी धूप में उनको बहुत ज्यादा प्यास लग गया तो अचानक उन्होंने देखा की कुछ दूर पर गन्ना के खेतो में किसान पानी चला रहे थे तो जीएम अरविंद कुमार वहा जाकर किसानों के बीच में जमीन पर बैठ गए तभी एक किसान ने उनको मीठा। दिया तो वह मीठा ले कर किसान के बोतल से ही पानी पीने लगे जिसको देखकर किसान दंग रह गए। वही जीएम अरविंद कुमार ने बताया की किसान इस धरती का भगवान है जो दिन रात मेहनत कर के धरती से सोना उगाता है इस धरती पर किसान निस्वार्थ भाव से अपनी खेती में काम करता है और हम किसान को भगवान मानता है। भगवान की सेवा करना मेरा कर्तव्य है मैं लगातार गन्ना के प्लाट का निरीक्षण कर रहा हूं और उसमें होने वाली खामियों को दूर कर रहा हूं मुझे धूप और लू से कोई मतलब नही है अगर मेरे गन्ना किसान भाई धूप और लू में अपना कार्य कर सकते है तो हम क्यों नही।

होमियोपैथ के जनक डॉ सैमुअल हैनिमैन की मनायी गयी जयंती

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन की जयंती होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉ सैमुअल हैनीमैन की जयंती को विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में बड़े धूमधाम पूर्वक नगर के गायत्री मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी ज्ञानेश्वर प्रकाश तिवारी व कृष्ण कुमार जायसवाल द्वारा मंत्रोचारण व पूजन पाठ करके दीप प्रज्वलित करते हुए उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर धूमधाम से मनाया गया।

पूरा विश्व डॉ हैनीमैन का कृतज्ञ है क्योंकि डॉ हैनीमैन ने विश्व को एक ऐसी चिकित्सा पद्धति आविष्कार करके दिया है जो गंभीर से गंभीर बीमारी को मामूली खर्च में रोगी के शरीर पर बिना कोई साइड इफेक्ट के जड़ से खत्म करने वाला चिकित्सा है। पहले के मुकाबले अब नई सी नई दवा आ गई है जो हर प्रकार की बीमारियों को जड़ से खत्म करने की क्षमता रखती है। महिलाओं व बच्चों के लिए तो होम्योपैथी रामबाण साबित होता है बस अपने डॉक्टर पर भरोसा करके समय से दवा सेवन करना होता है और चिकित्सक के अनुसार खानपान एवं परहेज करना होता है। होम्योपैथिक एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जहां पर नए से नए और पुराने से पुराने असाध्य बीमारियों को जड़ से खत्म करने की क्षमता रखती है। इस हैनीमैन जयंती का आयोजन डॉ धनंजय मिश्र और डॉ सुभाष यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार गौतम, डॉ बीके राय, डॉ दिलीप तुलस्यान, डॉ अंगद कुमार यादव, डॉ राजाराम जयसवाल, डॉ यशवंत भट्ट, डॉ अभ्युदय मौर्य, डॉ अनिल कुमार कुशवाहा, डॉ शिब्बू अंसारी, डॉ शोएब आलम, डॉ बीके यादव, डॉ अरुण तिवारी, डॉ रामेश्वर सिंह, डॉ हरीश गुप्ता, डॉ राकेश यादव, फार्मासिस्ट आकाश गुप्ता, रितेश कुशवाहा, सुनील मौर्य, डॉ शिप्रा मिश्रा, डॉ पूनम यादव, डॉ अनुराधा कांति, डॉ सुभ्रा गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस के हत्थे चढ़ा 15 हजार का इनामी

अवधनामा संवाददाता

कुड़वार,सुल्तानपुर। बीत साल 15 जून को कुड़वार थाना क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर असरोगा ट्रोल के पास ट्रक ड्राइवर की हत्या कर शव को सड़क के किनारे फेंक कर ट्रक लूट कर फरार चल रहा 15 हजार का इनामिया आरोपी को कुड़वार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। बुधवार को स्थानीय कुड़वार थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। लखनऊ वाराणसी हाइवे पर असरोगा ट्रोल नाके के पास बीते 12जून को एक युवक का शव बरामद किया गया था। शिनाख्त जांच अंबेडकरनगर जनपद के नाथूपुर लोधना थाना जैतपुर के रूप में पहचान हुई। पुलिस की जांच विवेचना में ट्रक लूटने के इरादे से ड्राइवर संदीप कुमार की हत्या में वांछित की पहचान बिहार राज्य के रुपसीपुर थाना महनर निवासी दिनेश सिंह पुत्र सुखदेव सिंह के रूप में हुई। बीते 15-03-2023 को सीजेएम कोर्ट ने आरोपी के घर की कुर्की का आदेश जारी किया। जानकारी देते हुए कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी ट्रक ड्राइवर संदीप कुमार पुत्र मुरली की हत्या तथा ट्रक संख्या यूपी 32-के एन 4169को लूटकर बिहार लेकर चला गया था।

पुलिस की जांच विवेचना में घटना में वांछित 15 हजार का इनामिया दिनेश सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी बिहार राज्य के जनपद-वैशाली, थाना-महनर के विरुद्ध 15 मार्च 2023को संपत्ति कुर्क करने का आदेश सीजेएम कोर्ट द्वारा जारी किया गया।थाना क्षेत्र के गोमती नदी पुल के पास से दोपहर करीब 12.55बजे गिरफ्तार किया गया। स्थानीय थाना पर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कन्ट्रोल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सी-विजिल, हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मतदान में जनपद के शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विजय की हत्या में साथियों की भूमिका जांचेगी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। विजय नारायण सिंह हत्याकांड में साथ रहे दिनेश कुमार उर्फ भल्लू व अनुज शर्मा की भूमिका की जांच कोतवाली पुलिस करेगी।आखिर क्यों रविवार को दोपहर में शहर के दरियापुर तिराहे स्थित पल्लवी बार में आधा दर्जन का जमावड़ा हुआ था।बार के स्टाफ व प्रत्यक्षदर्शी दुकानदारों के बयानों से क्या घटना की सच्चाई निकलेगी। घटना में चोटहिल अनुज शर्मा व आरोपी बनाए गए विनय तिवारी की घटना के पूर्व क्या भूमिका रही है। प्रमुख आरोपी अजय सिंह सिलावट व अनुज शर्मा के बीच फोन पर दिन में क्या बात हुई थी। प्रॉपर्टी डीलर व उनके गुरगो के बीच कई सवालों को लेकर दबी जवान से शुरू हो गई है।वही विजय नारायण सिंह की प्रॉपर्टी डीलिंग कंपनी में कानूनी सलाहकार की भूमिका निभाने वाले अधिवक्ता के आरोपी बनाए जाने पर भी बार व अधिवक्ताओं के बीच गंभीर चर्चा बनी हुई है। कहीं अपने साथ वालों की साजिश का शिकार तो विजय नारायण सिंह नहीं हो गए। वहीं मुख्य आरोपी अजय सिंह सिलावट के अपराधी इतिहास पर भी जिले में चर्चा हो रही है।बीते 20-22 सालों में किन-किन के साथ रहकर अजय सिंह सिलावट ने किन-किन कामों को अंजाम दिया। विजय नारायण सिंह के व्यवहार की चर्च शहर के उनके साथी करते हैं। घटना में कई अनसुलझे सवाल जिनका जवाब एसपी सोमेंन वर्मा की पुलिस खोज रही है।

संक्षिप्त समाचार

एरिया डोमिनेशन के तहत की गयी फुट पेट्रोलिंग

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अरुणचन्द के पर्यवेक्षण मे आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन कराने तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत रूट माार्च तथा पेट्रोलिंग की गई। धम्मौर थाना क्षेत्र में तहसीलदार व थाना प्रभारी धम्मौर द्वारा पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गो तथा संवेदनशील स्थानो पर रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग किया गया। जनता में शान्ति व सुरक्षा का अहसास कराने हेतु संवेदनशील स्थानों व मार्गो पर रूट मार्च/ फुट पेट्रोलिंग की गयी।

दीदार मेहदी बने युवा कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव

सुल्तानपुर। जिले में नवनियुक्त युवा कांग्रेस कमेटी में दीदार मेहदी को पार्टी के प्रति लगन और निष्ठा को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे के संस्तुति से युवा जिला अध्यक्ष विपिन कनौजिया ने युवा जिला कांग्रेस कमेटी का महासचिव मनोनीत किया। जिससे समर्थकों ने सोशल मीडिया के जरिए हर्ष जताया है। नवागत युवा कांग्रेस कमेटी का महासचिव ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। इसके पूर्व भी मै पूरी कर्मठता व निष्पक्षता के साथ पार्टी में अपनी सेवाएं देता आया हूं। दीदार मेहदी के महासचिव बनने पर जिला महासचिव सुनील शर्मा, फज़ल रिज़वी आरिफ मेहदी व सायम मेहदी ने बधाई दी।

नगर कोतवाली पुलिस ने की अनोखी पहल

सुल्तानपुर। बढ़ती गर्मी में टेंट लगाकर राहगीरो को जलपान कराने हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों को एकत्र कर भाईचारा बनाए रखने के संदेश के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आयोजन किया गया।अमहट चौकी इंचार्ज जगदीश सिंह गभडिया चौकी इंचार्ज समेत कई दरोगा शामिल हुए।लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने,धार्मिक त्योहारों में भाईचारा बनाने व शत प्रतिशत मतदान को लेकर अभियान चलाया गया।नगर कोतवाली पुलिस के इन अफसरो का आयोजन देखकर राहगीर व इलाके वासी गदगद हो गए।उक्त मौके पर समाज सेवी विनय सिंह टिल्लू, मोहम्मद असगर अहमद,राजा आर के मौर्य समेत दर्जनों इलाके वासी शामिल हुए।लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान कराने के संकल्प को लेकर कार्यक्र संपन्न हुआ।

मनाई गई डॉक्टर सैमुअल हनीमैन की जयंती

सुल्तानपुर। होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया अवध शाखा सुलतानपुर के तत्वावधान में होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डा0 सैमुअल हैनी मैन का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन लकी-होमियोहाल मोहिनी गेस्ट हाउस के समीप डा0 अजीत- - कुमार सिह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रख्यात समाज सेवी श्री अजय उभार सिह रहें। सभा का सभा का संचालन डी0के सिंह ने किया।जिसमे सुलतानपुर के बरिष्ठ व कनिष्ठ चिकित्सको ने होमियोपैथिक चिकित्सा पद्दति के विकास हेतु सभी लोगों ने अपने-2 विचार व्यक्त किये। उक्त कार्य, कम में डा0 देवी रमन लिपाठी, डा लक्ष्मीकान्त, डा0 प्रदीप वर्मा,डा0 राधवेन्द्र प्रताप सिंह, डा राम धनी बरनवाल, डा0 शिवकुमार श्रीवास्तव, डा तुलसीराम यादव, डा0 आरुची. द्विवेदी, डा0 यू0पी0 सिंह आदि उपस्थित रहे।

मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने की प्रक्रिया शुरू

ललितपुर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अधिग्रहण आदेश जारी करते हुए अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत 20 मई 2024 को मतदान कराये जाने हेतु 226-ललितपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल-538 तथा 227-महरौनी (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल 518 इस प्रकार कुल-1056 मतदेय स्थलों के विद्यालय भवन, पंचायत भवन में बूथ निर्माण हेतु 17 से 21 मई 2024 तक के लिये लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 धारा-160 (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जनपद ललितपुर के समस्त 1056 मतदेय स्थलों के भवन फर्नीचर सहित अधिग्रहित कर लिए गए हैं। अतएव उपरोक्तानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक, संस्थापक एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 17 से 21 मई 2024 तक के लिये संबन्धित तहसील के राजस्व कर्मचारियों को बूथ निर्माण करने हेतु भवन फर्नीचर सहित हस्तगत कराना सुनिश्चित करें।

मरीज व तीमारदारों के लिए लगाओआरएस घोल का कंटेनर

सुल्तानपुर। गर्मी से बचने के लिए ओआरएस का रेडीमेड घोल मेडिकल कॉलेज में मरीज और तीमारदारों के लिए शुरू किया गया,मौसम परिवर्तन को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के महिला-पुरुष हॉस्पिटल की ओटी,ओपीडी, इमर्जेंसी व वार्डो के सामने रेडीमेड ओआरएस घोल के मिश्रण युक्त कंटेनर लगाया गया है,मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसके गोयल ने बताया की लगातार मौसम परिवर्तन के चलते तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण मरीज़ों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके लिए अस्पताल में ओटी,ओपीडी,इमर्जेंसी में ओआरएस घोल का कंटेनर रखा गया है।

मतदान दिवसों पर बन्द रहेंगे कोषागार व उप कोषागार

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु घोषित किये गये कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच में चतुर्थ चरण हेतु 13 मई 2024 तथा 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज में पंचम चरण हेतु 20 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि चतुर्थ चरण के मतदान दिवस 13 मई व पंचम चरण के मतदान दिवस 20 मई 2024 को जनपद में निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 (181 की एक्ट संख्या-26) की धारा-25 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ फ्लाइंग स्क्वायड दल का प्रशिक्षण

सी-विजिल ऐप व ई-एसएमएस के बारे में दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित फ्लाइंग स्क्वायड दल के प्रभारी व सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने के लिए गठित फ्लाइंग स्क्वायड दल की ऑख, नाक व कान हैं। टीम के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए निष्पक्ष ढंग से नियमानुसार कार्रवाई करेंगे और वीडियो कैमरा अथवा मोबाइल को एक अस्त्र के रूप में प्रयोग करते हुए प्रत्येक कार्यवाही की वीडियोग्राफी अवश्य करेंगे।

डीएम मोनिका रानी में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान टीम के सदस्यों को टीमों को सचेत किया कि निर्वाचन की ड्यूटी को पूरी संजीदगी से लेते हुए अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निवर्हन भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार करें। एफएसटी का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करेंगे। टीम के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गयी कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराते समय उन्हें संयमित रहकर लोगों से मधुर व्यवहार रखना होगा। व्यय अनुवीक्षण के सम्बन्ध में कार्यवाही करते समय आप लोगों को इस प्रकार तटस्थ रहना है कि आपकी बाडी लैग्वेज से भी आपकी तटस्था झलकनी चाहिए।

डीएम ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण हेतु एफएसटी सहित अन्य टीमों के गठन के पीछे भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि निर्वाचन के दौरान कोई भी साधन सम्पन्न प्रत्याशी किसी निर्धन प्रत्याशी के मुकाबले अपने संसाधन का बेजा इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित न कर सके। निर्वाचन के दौरान सभी प्रत्याशियों के लिए बराबर का अवसर उपलब्ध रहे और कोई भी प्रत्याशी अथवा व्यक्ति धन, शराब, उपहार का लालच देकर या डरा धमका कर मतदान को प्रभावित न कर सके। दल के सदस्यों को हिदायत दी गयी कि डाक्यूमेन्टेशन बेहतर से बेहतर होना चाहिए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड दल को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, नेटवर्क फील्ड अभियन्ता संदीप द्विवेदी, आई.टी. टीम के सदस्यों विजय द्विवेदी व कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा सी-विजिल एप्प व इलेक्शन सीज़र मैनेजमेन्ट सिस्टम एप्प (ई'एसएमएस एप्प) के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। दल के सदस्यों को बताया गया कि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित अपनी विजुअल शिकायत तत्काल खींची गयी फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से सी-विजिल ऐप पर कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा।

रेलवे में वरिष्ठ जनों को दी जाने वाली सुविधा पुनः लागू हो

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक कचहरी प्रांगण के मंदिर में संपन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक आवश्यक बैठक कचहरी स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें समिति के सभी वरिष्ठ जनों ने एक-एक करके अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के फिर से लागू हेतु पुरजोर मांग उठाई गई। जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, इसके लिए उन्होंने प्रशासन से मांग की की वरिष्ठ नागरिकों को जिला अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएं। बैठक में वरिष्ठ जनों द्वारा मजदूर वर्ग एवं भूमिहीन लोगों के जीवन यापन हेतु पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। आदि इन सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक में गहन चर्चा हुई। समिति के महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि आप सभी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। बैठक का संचालन जयशंकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया एवं बैठक के अंत में राजाराम गोस्वामी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रताप नारायण दीक्षित, अवध बिहारी कौशिक, प्रकाश नारायण देवलिया एड., गिरजाशंकर दुबे, अशोक स्वर्णकार, राजाराम गोस्वामी, कैलाश चंद्र, अनुराग शरण श्रीवास्तव, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, क्रांति देवी, तिलकराम कौशिक, रामस्वरूप झा, विजय सिंह परमार, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी सहित आदि सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

उल्लास और प्रगति का प्रतीक है विक्रम संवत

सुलतानपुर। विक्रम संवत की शुरुआत के समय मन अपने आप प्रसन्न हो जाता है। यह भारतीय नववर्ष हमारे जीवन में उल्लास और प्रगति का प्रतीक है। इस समय प्रकृति मानव की सहयोगी बनी रहती है। प्रकृति के साथ रहकर नववर्ष मनाने का अलग आनंद है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। वह प्राचीन इतिहास एवं पर्यटन विभाग द्वारा महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ राधेश्याम सिंह ने कहा कि नववर्ष का उत्सव मनाना हमारी प्राचीन परम्परा है। आभार ज्ञापन प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह व संचालन डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने जानी पेयजल समस्या की जमीनी हकीकत

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। नगर के वार्ड नम्बर 17 सिविल लाइन द्वितीय में पेयजल संकट की समस्या को लेकर पार्षद कुन्दन पाल ने डीएम को ज्ञापन दिया था। जिसके बाद समस्या के निस्तारण को लेकर अधिशाषी अधिकारी, उप जिलाधिकारी राघवेंद्र शर्मा, जल संस्थान के अवर अभियन्ता ने मौके पर पहुंच कर जल समस्या को देखा। पेयजल की कैसे व्यवस्था की जाए। इस पर जल संस्थान अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं पार्षद सहित मोहल्ले वासियों ने बताया कि देवगढ़ रोड स्थित मार्ग पर कई वर्षो से नलों में पानी नहीं आ रहा है। पार्षद कुन्दन पाल ने मौके पर आये अधिकारियों को बताया कि वार्ड के अनेक क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराया हुआ है, कई महीनों से नलों में एक बूंद पानी भी नहीं टपक रहा है, जिससे मोहल्लेवासी परेशान है, उन्होंने बताया कि कई हैण्डपम्प भी खराब पड़े है और कई हैण्डपम्प ऐसे है, जिनका रीबोर कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि देवगढ़ मार्ग पर आएमएस वाली गली, ओवर ब्रिज के पास शिव प्रसाद तिवारी, श्याम सुन्दर मिश्रा के घर के पास वाले मकान की गलियां, स्टेशन रोड़ से आकाश होटल के बगल से नई बस्ती को जाने वाली गली, कपिल गेस्ट हाऊस के पीछे विश्राम झां, रवि, राहुल चौबे, दीपक राजा के मकान के पास, गुल्लन चक्की के सामने, दिनेश संज्ञा के मकान के आसपास वाली गलियों में व क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे रवि कश्यप, सुरेश रैकवार व मनोज की चक्की के आसपास की गलियों में कई दिनों से पेयजल संकट गहरा रहा है। इन क्षेत्रों में लगे एक दर्जन से अधिक हैण्डपम्प खराब पड़े हुए है।

लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान की आहुति आवश्यक

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद ललितपुर की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में डीआईओएस ओमप्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीआईओएस ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद ललितपुर में स्काउट गाइड, रोवर्स रेंजर्स, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया जायेगा। पूरे जनपद में जनपद स्तर पर, तहसील स्तर पर, मतदाता जागरूकता रैली, भाषण, निबन्ध, रंगोली, प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में नेहरू महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो.डा. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि लोकतन्त्र में मतदान का महत्वपूर्ण स्थान है। अत- मतदान रूपी यज्ञ में आहुति प्रदान करने हेतु जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विगत सम्पन्न हुये चुनावों में ललितपुर जनपद मतदान में प्रदेश में अग्रगण्य रहा इस बार जनपद में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हो इसलिए जागरूकता अभियान आवश्यक है। बैठक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा सुनिश्चित की गई तदनुसार 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे जीआईसी से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन होगा, जिसमें नगर ललितपुर के सभी इंटर कॉलेजों के सभी महाविद्यालयों के स्काउट गाइड, रोवर्स रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी के छात्र-छात्राएं रैली में भाग लेंगे। रैली में नगर के सभी इण्टर कालेजों एवं महाविद्यालयों की प्रतिभागिता आवश्यक होगी। 24 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में इण्टर कालेज एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। 26 अप्रैल को जीजीआईसी में छात्राओं रंगोली प्रतियोगिता, 28 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जीआईसी में इण्टर कालेज एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। 29 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से पनारी के महिला महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में दिए गए निर्णय के अनुसार रैली सहित सभी आयोजनों में इंटर कॉलेज तथा महाविद्यालय के छात्राएं अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। बैठक में जिला स्काउट कमिश्नर डा.ओमप्रकाश शास्त्री, जिला गाइड कमिश्नर पूनम मलिक, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर सजन कुमार शर्मा, एनसीसी अधिकारी संजीव शुक्ला, एन.सी.सी.अधिकारी डा.वन्दना याज्ञिक, जिला सचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष रमेश तिवारी, जिला संगठन कमिश्नर डा.राजीव निरंजन, अनिल राठौर, आरतीदेवी शर्मा, प्रतिमा नारायण, अमित शुक्ला, डा.रमाकांत सिंह, मयंका कुमारी, अनिल कुमार, प्रेरणा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 23 मतदान कार्मिक

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन की प्रथम पाली में 15 तथा द्वितीय पाली में 08 कुल 23 कार्मिक अनुपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देशानुसार प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाये गये सभी मतदान कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही के साथ-साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रशिक्षण स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन की प्रथम पॉली में कोड संख्या 5001 से 6250 तक तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 6251 से 7000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर व अन्य अधिकारियों के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, मतदान पूरा होने के बाद क्लोज बटन को दबाना, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने, मतदान प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में पीठासीन अधिकारी की घोषणा, मशीन के प्रतिस्थापना के उपरान्त की जाने वाली घोषणा, मतदान समाप्ति पर घोषणा, मतदान के उपरान्त मशीन को मुहरबन्द करने की प्रकिया इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यदि कोई शंका है तो आप प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पहले उसको अवश्य दूर कर लें।

डीएम ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। निर्वाचन के दौरान मतदान जैसे चैलेन्जिंग कार्य को आयोग की मुशानुरूप सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक है कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम मतदान प्रक्रिया विशेषकर ई.वी.एम. संचालन से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी में दक्षता प्राप्त कर लें। मास्टर्स ट्रेनर्स को निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने के लिए बीच-बीच में कार्मिकों से सवाल जवाब भी किय जायें। डीएम ने मास्टर ट्रेनर्स को यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित बुलेट प्वाईट पर प्रश्नोत्तरी तैयार कर लें इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर से और बेहतर हो सकेगी।

नवसंवत्सर के अवसर पर श्री सिद्धपीठ पर हुआ ध्वजारोहण

उप्र सरकार के राज्यमंत्री व महामण्डलेश्वर ने किया पीठपूजन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। चैत्र प्रतिपदा व नवसंवत्सर के अवसर पर श्री सिद्धपीठ चण्डी मंदिर धाम पर धर्म ध्वजारोहण एवं श्री शतचंडी महायज्ञ की पीठ स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल व चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरीजी महाराज के पावन सानिध्य में में रहा। विधि पूर्वक पूजा पाठ करके धर्म ध्वजा के स्थापना की गयी। इस दौरान महाराजजी ने कहा कि संवत्सर का अर्थ पूर्ण वर्ष होता है। शास्त्रों के अनुसार ब्रह्माजी ने सम्पूर्ण सृष्टि व लोको का सृजन किया था। इस दिन सभी देवी देवताओं का पूजन किया जाता है। साथ ही घर पर ध्वज की स्थापना की जाती है। इस दिन से मां दुर्गा के चैत्र नवरात्र का पर्व भी शुरू होता है। व्यक्ति 9 दिवस मां की आराधना करता है। इसलिए हिंदू नवसंवत्सर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते है। ध्वजरोहण के पश्चात पीठपूजन किया गया। इस दौरान अवध बिहारी उपाध्याय, शत्रुधन यादव, अनूप मोदी, गोलू पुराहित, राहुल शुक्ला, पं.कमलेश गोस्वामी, सोनू चौबे, पूजा कश्यप, गिरीश शर्मा, अनुराग खरे, भगवान सिंह परमार, जितेन्द्र जैन, रामशंकर लिटौरिया व दीपक यादव आदि उपस्थित रहे।

अवधनामा

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी का स्थानांतरण

अवधानामा संवाददाता

- कचहरी परिसर के अधिवक्ताओं ने खुशी का किया इजहार

हमीरपुर। हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर एवं प्रोग्रेसिव एण्ड पेक्टिसिम डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर की संयुक्त बैनर तले जो हडताल प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर की पीठासीन अधिकारी कु0अराधना रानी के विरुद्ध शुरू की गयी थी। उसका परिणाम आज उनके स्थानान्तरण के साथ आ गया है। कु0अराधना रानी के स्थानान्तरण की सूचना जैसे ही कचेहरी परिसर में पहुंची अधिवक्तागणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अधिवक्तागण आपस में एक दूसरे को गले मिलकर व लड्डू खिलाकर बधाइयां देते हुये नजर आये। दोनों बार संघों के अध्यक्ष व महामंत्री के बस्ते में अधिवक्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा अधिवक्ता संघ जिन्दाबाद के नारे से कचेहरी परिसर गूंज उठा। यह हडताल 33 दिन चली थी प्रशासनिक न्यायाधीश माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं की हडताल वापस हो गयी थी। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में स्थानान्तरण का आश्वासन दिया गया था। किन्तु प्रथम सप्ताह बीत जाने पर स्थानान्तरण जब नहीं हुआ तो अधिवक्तागणों में हलचल बढ़ने लगी व धीरे धीरे आक्रोश की आग सुलगने लगी किन्तु महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला द्वारा संयम नहीं खोया गया वह बराबर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में सम्पर्क बनाये रखे रहे अन्ततः आज वह दिन आ ही गया जिससे अधिवक्ता संघ हमीरपुर की जीत हुई। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर के न्यायालय का बहिष्कार जारी रहा फिर भी पीठासीन अधिकारी के स्वाभाव में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। अधिवक्तागण व

वाद कारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने व उन्हें अपमानित करने के विरोध में यह आन्दोलन किया गया था। जिसमें पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के तहसील स्तर की बार संघों द्वारा समर्थन दिया गया और वहां पर भी यहां के आन्दोलन के समर्थन में हडताले की गयी।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला, प्रोग्रेसिव बार के अध्यक्ष राजेन्द्र वीर सिंह चौहान ने पूरी तन्मयता के साथ योजनाबद्ध तरीके से संयुक्त आन्दोलन चलाया जो पूर्ण तया सफल रहा।

इस आन्दोलन में सभी वरिष्ठ अधिवक्तागण जूनियर अधिवक्तागण, महिला अधिवक्तागण ने बढ़ चढ़कर आन्दोलन में सहभागिता की तथा उसे सफल मुकाम तक पहुंचाया। अधिवक्ता संघ का यह आन्दोलन 20 फरवरी 2024 से शुरू हुआ जो 04 मार्च 2024 को कमिक अनशन में बदल गया। तथा प्रतिदिन अधिवक्तागण क्रमिक अनशन में बैठने लगे आन्दोलन में फूल सिंह कुशवाहा, देवी प्रसाद शुक्ल, राजेन्द्र वीर सिंह चौहान, धर्मेन्द्र दत्त बाजपेई, देवेन्द्र शुक्ला, अनिल शुक्ला, रामदत्त पाठक, भगवानदास दीक्षित, शैलेन्द्र सचान, अश्वनी प्रजापति, कृष्ण चन्द सिंह अजय पाण्डेय, देवी प्रसाद त्रिपाठी, आशुतोष सिंह गौर, कृपाशंकर सिंह, देव प्रसाद त्रिपाठी, मनीराम वर्मा, महेश प्रसाद गुप्ता, दुर्गेश मिश्रा, ओम प्रकाश राजपूत, राघवेन्द्र शरण त्रिपाठी सन्दीप चन्देल ओम प्रकाश द्विवेदी, गोविन्दराम द्विवेदी, जन्मेजय सिंह, लोक भूषण राजपूत, खलील अहमद, प्रशान्त सिंह चन्देल, जगत मिश्र, हिमान्शु निगम राधेश्याम यादव, एस0के0 तिवारी, वीरेन्द्र यादव, रामसिंह राजपूत, दिनेश कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, सागर मिश्रा, महेश प्रसाद साहू, मिथलेश शुक्ला, अजय शर्मा जगदीश नारायण शर्मा, कृष्ण कुमार शुक्ला, रघुपति प्रसाद शर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, योगेश शरण त्रिपाठी अजय अवस्थी, हिमान्शू श्रीवास्तव, दृगपाल, अवधेश पाल, शहजाद खां, मोईनुल हसन सहित सैकडों अधिवक्तागणों ने बढचढ कर आन्दोलन में हिस्सा लिया व जीत हासिल की।महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने कहा कि यह सत्य की जीत है तानाशाही के विरूद्ध हम अधिवक्तागण किसी के दबाव में नही आयेगें। और न ही किसी का दबाव बर्दाश्त किया जायेगा। अधिवक्ता कोर्ट ऑफ द ऑफीसर कहलाता है उसकी गरिमा को झुकने नहीं दिया जायेगा आगे भी अधिवक्तागणों व वादकारियों के हितो के लिये हर तरह का संघर्ष करने का संकल्प लिया उ0प्र0 के समस्त जनपद के बार संघों को धन्यवाद दिया तथा यह भी कहा कि शीघ्र ही एक बैठक का अपने साथियों के साथ खुशी मनायी जायेगी। आन्दोलन में साथ देने वाले जनपद के बाहर के अधिवक्ताओं को सम्मान दिया जायेगा तथा परिवार न्यायालय के विरुद्ध जारी बहिष्कार पर उचित निर्णय लिया जायेगा।

संक्षिप्त समाचार

स्काउट गाइड प्रशिक्षुओं ने किया जागरूक

हमीरपुर। मौदहा क्षेत्र के ग्राम मकरांव में दुर्योधन सिंह खण्ड विकास अधिकारी मौदहा ने हरी झंडी दिखाकर कर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। स्व सुन्दर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज मकरांव में स्काउट गाइड शिविर में ध्वज शिष्टाचार प्रार्थना स्काउट झंडा गीत के साथ लीडर ट्रेनर स्काउट अकबर अली के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें स्काउट गाइड ने टेस्ट पिचिंग गांठ बंधन का प्रदर्शन किया। उपस्थित जनसमूह को खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण कराई गई तथा ग्राम मकरांव में मतदाताओं से सीधे सम्पर्क कर मतदान दिवस 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की। इस अवसर पर स्काउट गाइड के प्रशिक्षुओं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं शिक्षक एवं महिला सहायता समूह, आंगनबाड़ी , आशा बहु इत्यादि के साथ लगभग 500 लोग रैली में शामिल रहे। विशेष रूप से डा महेश चंद्र गुप्ता प्राचार्य, डॉ राकेश कुमार विवेक रंजन संतोष कुमार मीना गुप्ता रामस्वरूप राम प्रकाश विष्णु दास मनीष उमर मनीष गुप्ता योगेश कुमार पंकज शुक्ला शिवनारायण एवं ग्राम सचिव उपेंद्रनाथ पांडे उपस्थित रहे।

तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में न्यायालय केस नंबर 4156/15 अन्तर्गत धारा 323,324,504 व 506 भारतीय दंड संहिता से संबन्धित वारंटी अभियुक्त भरोसी पुत्र रामप्रसाद निषाद,चेतराम पुत्र रामप्रसाद निषाद व राजू पुत्र रामप्रसाद को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय भेजा गया।

किसान का हाथ कोल्हू में फंसा, घायल

राठ हमीरपुर। कोतवाली के बरेल गांव निवासी 27 वर्षीय नरसिंह पुत्र रामस्वरूप खेत में गन्ने की पिराई कर रहा था। तभी अचानक उसका दाहिना हाथ कोल्हू में चला जाने से वह घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डॉ माजिद ने बताया कि युवक का इलाज कर दिया गया है।

दो महिलाएं आई करंट की चपेट में

राठ हमीरपुर। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय अंजना पत्नी पप्पू बुधवार को फ्रिज की सफाई कर रही थी। तभी वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। वहीं इसी मोहल्ले की 35 वर्षीय तुलसा रानी पत्नी राजबहादुर करंट की चपेट में आकर झुलस गई।

मतदाता जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ानें के लिए बैठक

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ानें के कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद के सभी पेट्रोल पंप डीलर गैस एजेंसी धारक और कोटेदारों की मतदाता जागरूकता बढ़ाने और जनपद में दिनांक 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि

जनपद मे होने वाले पॉचवे चरण में दिनॉक 20.05.2024 को मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रचार सामाग्री यथा स्टीकर दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर लगाये जाय, तथा ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में रखा जाये जिससे चुनाव के समय भ्रमण के दौरान ईंधन के अभाव में विपरीत परिस्थितियों सामना न करना पड़े, तथा पेट्रोल पंपों द्वारा उपलब्ध करायी जा रही मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल,शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा लिया जाय। गर्मी एवं लू की दृष्टिगत पेयजल की समुचित व्यवस्था रखी जाय। मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रचार सामाग्री होर्डिग बैनर आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जाय। उन्होने गैस एजेन्सी के माजिको को गैस सिलेन्डरों में मतदाता जागरूकता सामाग्री स्टीकर आदि लगाकर मतदान हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। तथा कोटेदारों को निर्देशित किया गया कि राशन वितरण के समय सभी कार्ड धारको को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए, तथा सभी पेट्रोल पंप/गैस एजेन्सी के डीलरों व कोटेदारों को मतदाता जागरूकता की शपथ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिलायी गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि जनपदवासी अपने मताधिकार का प्रयोग कर पिछले लोकसभा चुनावों में हुए मतदान प्रतिशत से आगे बढ़कर मतदान प्रतिशत का नया कीर्तिमान स्थापित करेगे। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी ब्रजेश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव,जिला बेसिक शिक्षाधिकारी आलोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अज्ञात युवक का मिला शव, मचा हड़कंप

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र हिंदुस्तान यूनीलीवर के पीछे बने सरकारी नलकूप के निकट एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं फिलहाल मृतक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक अज्ञात युवक उम्र करीब 26 वर्ष है। उसका कद करीब 5 फिट 4 इंच है। एकहरा मजबूत बदन,दाहिने हाथ में सामने की तरफ अंग्रेजी में भारत लिखा है। तथा दाहिनी भुजा में शिवलिंग,त्रिशूल ,फूल पत्ती तथा ऊँ का निशान गुदा हुआ है। तथा बांये भुजा में फूल का निशान एवं ऊँ गुदा हुआ है। मृतक का रंग सांवला,चेहरा गोल,हल्की दाढी मूंछ है। बालो का रंग भूरा है । उसे अज्ञात युवक का पहनावा काले रंग का अंडरवियर है। पुलिस ने उपरोक्त ब्यक्ति के सम्बन्ध में वांछित सूचना प्राप्त होने पर निम्नलिखित इन लिखे मोबाइल नंबर क्षेत्राधिकारी सदर 9454401359,थाना सुमेरपुर 9454403543 व सोशल मीडिया सेल हमीरपुर 9454402446 पर सूचना देने का अनुरोध किया है।

जगह के आभाव में कई खरीद केंद्र बंद

अवधानामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बे के नवीन गल्ला मंडी में खोले गए आधा दर्जन गेहूं खरीद केंद्रों में से तीन करीब 40 दिन गुजारने के बाद भी संचालित नहीं हो सके हैं। शेष तीन में से एक केंद्र पर अब गेहूं को रखने की जगह नहीं है। वहीं प्रदेश से बाहर गेहूं भेजने पर मंडी समिति ने गेट पास बंद कर देने से व्यापारियों ने भी खरीद करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। इससे किसान परेशान हो रहा है। प्रशासन ने इस वर्ष कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में आधा दर्जन गेहूं खरीद केंद्र खोलने की अनुमति दी थी। अभी तक विपणन शाखा, क्रय विक्रय सहकारी समिति, पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के ही केंद्र संचालित हो सके हैं। मंडी समिति, एफसीआई व नेफेड के केंद्र अभी तक संचालित नहीं है। मंडी समिति ने इस माह केंद्र खोल दिया है। लेकिन उसके पास बारदाना नहीं है। इस तरह से महज तीन केंद्र ही संचालित हो रहे हैं। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि उठान न होने से गेहूं रखने की जगह नहीं है। इससे खरीद प्रभावित हो रही है। गल्ला व्यापारी गेहूं खरीद करके किसानों को राहत दे रहे थे। लेकिन प्रदेश से बाहर गेहूं भेजने पर मंडी समिति ने गेट पास बनाना बंद कर दिया है। इससे व्यापारियों ने खरीद से पल्ला झाड़ लिया है। गल्ला व्यापारी उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल गेहूं भेजने के लिए गेट पास का आवेदन किया था। लेकिन मंडी ने निरस्त कर दिया। इस वजह से लोड ट्रक खाली कराना पड़ा। जिससे गेहूं खरीद बंद कर दी है। भाकियू राजनैतिक टिकैत गुट के नेता संतोष सिंह ने कहा कि यह किसानों के साथ नाइंसाफी है। भाजपा सरकार किसान विरोधी है। उनकी कथनी करनी में बहुत अंतर है। इस सरकार में किसानों के साथ कदम कदम पर धोखा हो रहा है। आमदनी दुगनी करने की बात छलावा है।

टेढ़ा के किसान गोपीश्याम द्विवेदी का कहना है कि प्रशासन अगर गल्ला मंडी में गेहूं खरीद केंद्र नहीं संचालित कर पा रहा है तो ग्रामीण क्षेत्रों में बंद पड़ी मंडियों में केंद्र खोलकर किसानों को राहत देनी चाहिए। अगर किसान समय रहते गेहूं नहीं बेंच पाएगा तो मजबूर होकर साहूकारों के कर्ज में डूबेगा।प्रशासन को मुंडेरा, टेढ़ा, विदोखर पुरई की बंद पड़ी मंडियों में खरीद केंद्र खोलकर किसानों को राहत देनी चाहिए।

रोडवेज बस में घुसकर विक्षिप्त ने यात्री के गर्दन में मारा हंसिया

बांदा। मानसिक तौर पर विक्षिप्त युवक ने सड़क पर दौड़ रही रोडवेज बस के आगे अपनी साइकिल फेंक दी। गनीमत रही चालक ने रफ्तार पर कंट्रोल करते हुए बस रोक दी। इसके बाद विक्षिप्त रोडवेज बस में घुस आया और एक यात्री की गर्दन पर हंसिया से वार कर दिया। इससे यात्री मौके पर ही लहूलुहान हो गया। बचाने में एक-दो यात्री भी हंसिया से जख्मी हुए हैं। यात्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तकरीबन आधे घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। बाद में पागल वहां से भाग निकला।

मामला अतर्रा रोड स्थित जमुनी पुरवा गांव का है। बुधवार की सुबह रोडवेज बस यात्रियों को लेकर चित्रकूट जा रही थी।

पोलिंग पार्टी रवाना, किये निरीक्षण

- मूलभूत आवश्यक सुविधाएं करायी जाये उपलब्धः जिला निर्वाचन अधिकारी

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शातिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पोलिंग पार्टी रवाना स्थल राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने पालीटेक्निक परिसर में पोलिंग पार्टी रवानगी के लिए लगाये जाने वाले टेबल, बेंच, बैरेकेटिंग व्यवस्था, मतगणना कार्मिकों के बैठने की सुविधा को लेकर गहनता पूर्वक समीक्षा की इस दौरान जिला

निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल की तैयारियों हेतु बनाये गये रूट चार्ज व नक्शें का मिलान करते हुए अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही पोलिंग पार्टी रवाना स्थल हेतु विधान सभावार स्थल चिन्हित किये जाये, पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित स्थल से रूट चार्ट के माध्यम से रवाना की जाये, इसके लिए व्यापक स्तर पर कार्ययोजना बनाते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे कि पोलिंग पार्टियां निर्धारित समय में ही अपने गन्तव्य स्थल के लिए प्रस्थान कर सकें और किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें, उन्होंने निर्वाचन कार्य हेतु व्यवस्था से जुड़े सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विधान सभावार मतगणना के दौरान कार्मिकों व एजेन्टों के आने-जाने हेतु रूट निर्धारित करते हुए कार्ययोजना बनायी जाये, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम में ई0वी0एम0 रखने व मतगणना के दौरान व्यवस्थाओं को और बेहतर किये जाने हेतु बारी-बारी से कालेज के विभिन्न कक्षों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा भी लिये और विधान सभावार स्थापित मतगणना कक्षों में कार्मिकों व एजेन्टों को आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इस पर भी गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से उन्होंने पोलिंग पार्टियों के रवानागी के लिए खड़े होने वाले बड़े व छोटे वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था, वाहनों के आने-जाने के लिए सड़क की सुविधा, बैरेकेटिंग, लोगों के लिए पीने के पानी की सुविधा, शौचालय आदि आवश्यक व्यवस्था को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो।

पारिवारिक लोगों ने वृद्ध को लाठियों से पीट डाला

बांदा। खेत में पड़े पत्थर उठाने का विरोध करना वृद्ध को महंगा पड़ गया। परिवार के ही तकरीबन 16 लोगों ने वृद्ध को घेरकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। किसी तरह से वृद्ध जान बचाकर भागा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के भुजरख गांव निवासी शिवनारायण (58) पुत्र इंद्रपाल के खेत में पत्थर पड़े हुए थे। मंगलवार की शाम को परिवार के लोग ही उसके खेत से पत्थर उठाने लगे। इस पर शिवनारायण ने विरोध किया। यह बात परिवार के लोगों को नागवार गुजरी। इसी बात को लेकर परिवार के ही 16 लोगों ने शिवनारायण को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। बचाने आए पुत्र स्वतंत्र (23), चाची अनीता (50) और राजकुमारी (40) के साथ ही शिवराम (55) भी घायल हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

डॉ सैमुअल हैनीमैन का मना 269वाँ जन्मदिन

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। हमाई की रॉबर्ट्सगंज इकाई द्वारा होम्योपैथी के प्रणेता महात्मा डॉ सैमुअल हैनीमैन का 269वाँ जन्मदिन गौरी वाटिका रॉबर्ट्सगंज के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। ज़िला सोनभद्र के ज़िला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ सूर्य प्रकाश मणि त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ कुसमाकर ने किया। अपने संबोधन में डॉ सूर्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने प्राइवेट एवम सरकारी होम्योपैथ चिकित्सकों से आवाहन किया कि होम्योपैथी के द्वारा स्वास्थ्य के कैम्पो में सम्मिलित होकर इस विधा को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प ले। मुख्य वक्ता ने होम्योपैथी के कई बिंदुओं को चिन्हित करते हुए उसकी सार्थकता एवम प्रामाणिकता पर विश्व में किए गए कार्यों के बारे में बताया , उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया

की होम्योपैथी एक सटीक विधा है और हमाई के सोनभद्र इकाई के गठन होने के पश्चात इसको बल मिलेगा और आपस में अपने अनुभवों का आदान प्रदान करने से एक दूसरे से सीखने के भी अवसर मिलेंगे, उन्होंने नई पीढ़ी को यह बीड़ा उठाने के लिए साधुवाद दिया। डॉ ए एन पांडेय वरिष्ठ चिकित्सक सोनभद्र ने कई ऐसे रोगियो को ठीक करने का अनुभव बताया जो केवल ख़ान पान जनित बीमारियो से ग्रसित थे। डॉ जे एन तिवारी प्रबंधक 4ह्य होम्योपैथिक फार्मेसी कॉलेज ने प्राकृतिक औषधि एवम् उसकी होम्योपैथी में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हमाई के सोनभद्र इकाई के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार द्विवेदी व कोषाध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने होम्यीपैथी के प्रचार एवम प्रसार के बारे में बताया और आगे हमाई की सदस्यता बढ़ाने के लिए आज के कार्यक्रम में भाग लेने वाले चिकित्सकों से अनुरोध किया। अध्यक्षीय भाषण में डॉ कुसमाकर ने ॥ब्लू की इकाई को शुभकामना दी और यह विश्वास जताया की युवा वर्ग के जुड़ने से इसमें निरंतर प्रगति होती रहेगी।कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजनी द्विवेदी ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ गणेश त्रिपाठी, डॉ श्रद्धा दूबे, डॉ रवि मिश्रा, डॉ गंगेश्वर पांडेय, डॉ रेखा प्रजापति, डॉ सुमन द्विवेदी, डॉ आबिद हुसैन, डॉ मनोज शर्मा, डॉ राजकुमार, डॉ संजय सिंह , डॉ राजेश सिंह , डॉ आनंद नारायण, डॉ ज्योति , डॉ सी बी डी पांडेय , डॉ अभिषेक पांडेय आदि ने योगदान दिया।

छह युवतियों ने खाया जहरीला पदार्थ, बिगड़ी हालत

बांदा। अलग-अलग स्थानों पर छह युवतियों ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ी तो घरवालों को जानकारी हो सकी। सभी को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। किसी ने घरेलू कारणों के चलते तो किसी ने परिजनों की डांट फटकार के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। इनमें सुंता (28) पत्नी रामानुज निवासी बरेहंडा अतर्रा और चंदा (28) पुत्र विक्रम सिंह निवासी इंदिरा नगर ने बुधवार की सुबह जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत खराब होने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। इसी तरह ओमती (30) निवासी शुकुलकुआं, मोनू (19) पत्नी अंकुश बिलवई देहात कोतवाली, संगीता (22) पत्नी रामलखन करबई देहात कोतवालील और आरती (23) पत्नी बिंदू ने मंगलवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया।

हिण्डाल्को यूटिलिटी स्पोर्ट्स टीम द्वारा होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/ रेणुकूट। हिण्डाल्को रेणुकूट में यूटिलिटी स्पोर्ट्स टीम की तरफ से क्लब हिण्डाल्को में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिकारी- ब्वॉयलर एंड को-जेनरेशन विभाग के प्रमुख कैलाश प्रधान, लैब प्रमुख सुनील मिश्रा, प्रोजेक्ट्स विभाग के महाप्रबंधक बीपी शर्मा, सर्विसेज हेड तपस चौधरी, पर्यावरण विभाग से अनिल सिंह, एचआरबीपी सर्विसेज हेड राजेश सिंह इंडोलिया, संजय सिंह समेत अन्य अधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए लैबोरेट्री विभाग के शुभम त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आए हुए वरिष्ठ अधिकारियों का

अभिनंदन किया तत्पश्चात् अपने साथियों- किशन पांडे, अमन, सौरभ, सोमेश तिवारी, पियूष के साथ मिलकर कार्यक्रम में पधारे सभी अधिकारियों व अन्य साथी खिलाड़ियों को अबी गुलाल लगाकर एकजुटता का संदेश दिया। इसके उपरान्त रोहित के रोचक नृत्य से रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसी क्रम में आकाश, अभिषेक, संजय विश्वकर्मा, अतुल, कृष्ण, सर्वेश, अमन, सौरभ, सोमेश, अभिनव तथा अर्पित के ग्रुप डांस ने समां बांध दिया।वहीं विभव, सूरज, अनूप, जितेंद्र, पुनीत के द्वारा प्रस्तुत भोजपुरी नृत्य पर अधिकारियों को भी नृत्य करने के लिए विवश होना पड़ा। इसके उपरांत विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों- संजय विश्वकर्मा, सर्वेश, किशन, पियूष, सोमेश, शुभम, रोहित, विभव, अभिषेक, अतुल, प्रभात, सुधांशु, पुष्पेंद्र, ऋतिक, आशीष, आकाश पुनीत, सोनू, आनंद व अन्य खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा खूब सराहा भी गया और ऐसे ही आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

युवा मतदाता अपने मताधिकार का जरूर करें प्रयोगः तहसीलदार

- ब्रम्ह विज्ञान इंटर कालेज में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

अवधानामा संवाददाता

अतर्रा। ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार राजू यादव ने 18 वर्ष पूरे कर चुके छात्र-छात्राओं को अपने सबसे पहले मताधिकार का प्रयोग

करने की अपील की। प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने कहा जिन छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों के मतदाता सूची में नाम नहीं दर्ज है, वह 15 अप्रैल तक अपने नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही 20 मई को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। स्कूल के छात्र उमेश, अंजली, प्रियांशी आदि ने पहले मतदान, फिर जलपान करने का नारा लगाया। इस मौके पर कालेज के शिक्षक अरुण कुमार, रामभजन द्विवेदी, सोमनाथ, चेतराम, वीरेंद्र दीक्षित, कमलेश कुमार, सुरेंद्र, राममिलन, जेपी कोमल, सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

विहिप ने 2081 दीप प्रज्वलित कर मनाया हिन्दू नववर्ष

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। मंगलवार को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिंदू संगठनो ने श्री राम जानकी संकट मोचन मन्दिर पर नव वर्ष का स्वागत संवत्सर की संख्या 2081 दीप प्रज्वलित कर धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष नागेंद्र राय, नगर मंत्री, राहुल सोनी, नगर उपाध्यक्ष अशोक सी एन अग्रवाल कार्याध्यक्ष मदन चौबे नगर सह मंत्री सूर्यकांत, आरपी सिंह, अखिलेश

पांडे, अशोक शुक्ला, अभिषेक ने मन्दिर परिसर की साफ सफाई करने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रांत बलोपासना प्रमुख देवानंद मिश्रा जी के नेतृत्व में गौरव गुप्ता, छात्र जिला संयोजक शिवा मिश्रा, जिला छात्रा सहसंयोजक संतोष पांडे, जिला गौ रक्षा प्रमुख व अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता मंदिर पर ध्वजा पताका बांधा और इसे पश्चात हिंदू नव वर्ष मंगलमय हो 2081 विक्रम संवत शुभ हो तथा स्वास्तिक शुभचिन्ह जमीन पर अंकित कर हिंदू जनमानस के साथ दीपों को पंक्तिबद्ध किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर आनंद नारायण, वरिष्ठ व्यवसायी मिठाई लाल सोनी, मनीष केसरी, सुखदेव, इतिहासकार दीपक केसरवानी, अधिवक्ता अंकित शिवम प्रतीक, अनिल सिंह, जे बी सिंह सहित अन्य लोगो ने दीपो में तेल भरकर बाती रखकर पंक्तिबद्ध किया गया। दीप प्रज्वलन के निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक के नेतृत्व में राधाकांत, बृजनंद, अनिल अन्य कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती वितरित कर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम संपन्न कराया। तत्पश्चात राहुल सोनी के नेतृत्व में उपस्थित जनमानस में एक साथ सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण कर हिंदू नव वर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय ज्योतिष ज्ञान गणितीय विद्या खगोलीय विद्या को सटीक कहते हुए कहा कि पाश्चात्य जगत के लोगों तथा तथा कथित बुद्धिजीवियों के द्वारा भारतीय परंपरा के निर्वहन को पोंगा पंथी ढकोसला तथा अंधविश्वास का लांक्षन दिया है जबकि भारतीय पद्धति विशुद्ध वैज्ञानिक व तर्कसंगत आधारों पर रही है जिसके ज्ञान का उपयोग नाशा भी अपने ग्रह गणना व अन्य कार्यो के लिए करती है भारतीय समाज को लगातार इन लांक्षनो से अपनी थाती और गौरव को हेय समझने का एक दुष्चक्र रचा गया।

ईद-उल-फितर की नमाज़ आज

लखनऊ। माहे मुबारक रमजान के रोजों के बाद गुरुवार को ईदुल फित्र का त्योहार पूरे जोशो-खरोश के साथ मनाया जाएगा। शहर की बड़ी जमाअतें टीले वाली मस्जिद में सुबह 9 बजे, ऐशबाग ईदगाह में सुबह 10 बजे और आसिफी मस्जिद में सुबह 11 बजे अदा की जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में मुसलमान अपने परवरदिगार की बारगाह में सज्दा कर उसकी नेमतों का शुक्र अदा करेंगे। शहर के मोहल्लों की मस्जिदों में भी अलग-अलग समय पर ईदुल फित्र की नमाज अदा की जाएगी। ईदुल फित्र का त्योहार गुरुवार को शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर की मस्जिदों में अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद लोग आपस में एक-दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद देंगे। ऐतिहासिक टीले वाली मस्जिद में मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी सुबह 9 बजे, ऐशबाग ईदगाह में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और आसिफी मस्जिद में मौलाना सरताज हैदर जैदी हजारों की संख्या में नमाजियों को ईदुल फित्र की नमाज अदा कराएंगे। वहीं शहर की अन्य मस्जिदों में भी अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा की जाएगी, जिसमें शामिल होकर नमाजी ईद की नमाज अदा करेंगे। शाम होते ही शुरू हुआ मुबारकबाद का सिलसिला बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद से ईद की मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हो गया।

जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में हुई ईद की नमाज



लखनऊ। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बड़ी संख्या में लोगों को ईदुल फित्र की नमाज अदा कराई। तहसीनगंज के अलावा सआदतगंज के दरगाह हजरत अब्बास में मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने नमाजियों को ईदुल फित्र की नमाज अदा कराई। इसी तरह रौजए काजमैन के मस्जिद कूफा सहित इलाके की कई मस्जिदों और पुराने लखनऊ के विभिन्न मोहल्लों की मस्जिदों में शिया समुदाय ने ईदुल फित्र की नमाज अदा की। हालांकि शिया समुदाय का बड़ा वर्ग भी बुधवार को ही ईदुल फित्र का त्योहार मनाएगा।

लखनऊ। मंगलवार की देर रात ईद के चांद को लेकर शुरू हुए मतभेद के बाद बुधवार को शहर के कई इलाकों की मस्जिदों में शिया समुदाय ने ईदुल फित्र की नमाज अदा की। बुधवार को ईदुल फित्र की नमाज की बड़ी जमाअत तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में हुई।

अवधनामा के सभी सुधि पाठकों को ईद-उल-फितर की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं